

भोपाल
गुरुवार, 1 अक्टूबर 2026
आश्विन मास कृष्ण पक्ष-5
वर्ष : 13, अंक : 181
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 32
न्यून. 22

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस आज



बनें अपने मध्यप्रदेश के
स्वच्छता एम्बेसडर !



स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
स्वच्छता ही सेवा 2026
17 सितम्बर - 17 अक्टूबर 2026
स्वच्छता में सहभाग
स्वच्छ भारत, विकसित भारत



स्वैच्छिक श्रमदान एवं पौधरोपण आज
युवाओं की विशेष उपस्थिति के साथ
जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों,
स्वच्छता एम्बेसडर, इंफ्लूएंसर्स की सहभागिता

स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) मध्यप्रदेश | नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मध्यप्रदेश शासन

हरित, सुंदर व स्वच्छ मध्यप्रदेश का संकल्प

D-11127/26

दो दिवसीय मप्र प्रवास पर भाजपा प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब और सह प्रभारी रेखा वर्मा

सशक्त संगठन, सशक्त सरकार बनाना यही हमारा लक्ष्य, बेहतर समन्वय बनाएंगे : बिप्लब कुमार देब

- एयरपोर्ट पर हुआ स्वागत, सबसे पहले दर्शन के लिए लाल घाटी स्थित प्राचीन गुफा मंदिर पहुंचे
- भाजपा कोर ग्रुप की बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर तिवारी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित अन्य मंत्री और वरिष्ठ नेता पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

भाजपा प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब और सह प्रभारी रेखा वर्मा दायित्व मिलने के बाद पहली बार मध्यप्रदेश के दो दिवसीय प्रवास पर हैं। संगठन में नई जिम्मेदारी संभालने के बाद दोनों नेताओं का यह पहला महत्वपूर्ण दौरा माना जा रहा है। बुधवार को भोपाल पहुंचे बिप्लब देब का एयरपोर्ट पर प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल समेत सरकार के कई मंत्रियों ने स्वागत किया है। एयरपोर्ट के बाद प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब और सह प्रभारी रेखा वर्मा सबसे पहले ▸▸शेष पेज 6 पर



बिप्लब कुमार देब, रेखा वर्मा, खंडेलवाल, सीएम डॉ. यादव एवं अन्य



पूजा करते बिप्लब कुमार और रेखा वर्मा

हमारे लिए गौरव कि हमारी पार्टी कार्यकर्ताओं का महत्व देती है: रेखा वर्मा

सह प्रभारी रेखा वर्मा ने कहा कि दोनो सरकारें डबल इंजन के रूप में काम कर रही हैं। सरकार और संगठन मिलकर काम कर रहे हैं। संगठन को मजबूत करने और सरकार के काम को और बेहतर तरीके से आगे बढ़ाने के लिए सभी मिलकर काम करेंगे। हमारा संगठन कार्यकर्ताओं का सम्मान भी करता है और उन्हे आगे बढ़ाने का काम भी करता है। कई मुख्यमंत्री हमारे बूथ के कार्यकर्ता बने हैं। यह हमारे लिए गौरव की बात है कि पार्टी कार्यकर्ताओं का महत्व देती है। ▸▸पढ़ें पेज 05 भी

पहले पहुंचे प्राचीन गुफा मंदिर, फिर कार्यकर्ता के घर लंच

एयरपोर्ट के बाद प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब और सह प्रभारी रेखा वर्मा सबसे पहले दर्शन के लिए प्राचीन गुफा मंदिर गए हैं। यहां दोनों ने पूजा-अर्चना की है। बिप्लब देब ने हनुमान जी के सामने दंडवत होकर आशीर्वाद लिया है। इसके बाद उन्होने दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-32, बूथ क्रमांक-69 स्थित मीना जाटव के ए/131, शास्त्री नगर स्थित निवास पर भोजन किया। बिप्लब देब के साथ ▸▸शेष पेज 6 पर

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
01 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
18

खबर संक्षेप

आज राहुल बालाघाट में मृत बच्चों के परिजनों से मिलेंगे

भोपाल। बालाघाट में बैगा आदिवासी बच्चों की मौतों के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी 1 अक्टूबर को जिले के दौरे पर आएंगे। वे



बैहर और बिरसा के प्रभावित आदिवासी इलाकों में जाकर मृत बच्चों के परिवारों से मुलाकात करेंगे। आंकड़ों के मुताबिक अब तक 32 बच्चों की मौत हो चुकी है। राहुल गांधी का 13 दिन में मध्यप्रदेश का यह दूसरा दौरा है। इससे पहले वे 19 सितंबर को इंदौर में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

भारत ने पहली बार 400 रन का टारगेट चेज किया

गुवाहाटी। भारत ने अपने 52 साल के वनडे इतिहास में पहली बार 400 से ज्यादा रन का लक्ष्य हासिल किया। बुधवार को दूसरे



वनडे में वेस्टइंडीज ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 405 रन बनाए। जवाब में भारत ने 43.3 ओवर में 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान शुभमन गिल भारत की जीत के नायक रहे। उन्होंने 133 गेंदों पर नाबाद 223 रन की रिकॉर्ड पारी खेली।

सीईसी के खिलाफ लामबंद विपक्ष: इंडिया गठबंधन की बैठक में 20 दल हुए शामिल

खरगे ने कहा- ज्ञानेश को इस्तीफा देना होगा, हम सेव डेमोक्रेसी मार्च निकालेंगे

- बैठक में अखिलेश यादव नहीं पहुंचे, उन्होंने अपनी जगह अपने दो सांसदों को भेजा, केजरीवाल और एमके स्टालिन भी मीटिंग में नहीं शामिल हुए

केंद्रीय मंत्री शिवराज ने कहा-ये परिवार बचाव मार्च

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बीते कई दिनों से मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर घमासान मचा हुआ है। गर्माती राजनीति के बीच विपक्षी गठबंधन लगातार मुख्य चुनाव आयुक्त के बहाने सरकार पर हमला कर रहा है। आगे की रणनीति को लेकर बुधवार को इंडिया गठबंधन की बैठक हुई जिसमें 20 सहयोगी दल शामिल हुए। बैठक में तय किया गया कि 2 से 8 अक्टूबर तक 'सेव डेमोक्रेसी मार्च' निकाला जाएगा।

यह मार्च सभी जिलों में आयोजित होगा। इसके जरिए लोगों को जागरूक किया जाएगा और जिला अधिकारियों के कार्यालय में ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि ये ▸▸शेष पेज 6 पर

- *6 अक्टूबर को विपक्षी सांसद चुनाव आयोग तक पैदल मार्च निकालेंगे इसमें कई दलों के सांसद शामिल होंगे*
- *प्रत्येक जिले में 2 से 8 अक्टूबर तक सेव डेमोक्रेसी मार्च निकालकर जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे*
- *1 नवंबर को दिल्ली में बड़ी मेगा रैली निकालेंगे और बताएंगे कि आखिर वोट चोरी कैसे किया जा रहा*



मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी

कांग्रेस की मांग

वोटर लिस्ट के बदलाव में पारदर्शिता अनिवार्य हो, और बैलट पेपर मतदान कराया जाए

राहुल ने पूछा- ज्ञानेश कुमार को आजीवन इम्युनिटी क्यों?

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को कानून के तहत मिले संरक्षण को लेकर सवाल उठाए हैं। राहुल ने बुधवार को पूछा कि ज्ञानेश कुमार को 'आजीवन इम्युनिटी' क्यों दी गई है? राहुल गांधी ने खुद ही इस सवाल ▸▸शेष पेज 6 पर

चुनाव आयोग ने फॉर्म 6 से हटाया एसआईआर वाला हिस्सा

नई वोटर आईडी बनवाने या वोटर लिस्ट में पहली बार नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6 भरा जाता है। पिछले कुछ समय में इस फॉर्म को लेकर इसलिए विवाद हुआ क्योंकि चुनाव आयोग के पोर्टल पर इसके साथ एसआईआर से जुड़ी एक अतिरिक्त घोषणा दिखाई देने लगी थी। अब चुनाव आयोग ने बुधवार देर रात उन राज्यों में पोर्टल पर फॉर्म 6 में ▸▸शेष पेज 6 पर

मप्र में ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग पर कांग्रेस का प्रदर्शन



भोपाल। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर मप्र कांग्रेस ने बुधवार को प्रदेशभर में प्रदर्शन किया। पांढुर्णा में पुतले को जंजीर से बांधकर करीब 500 फीट घसीटा गया, जबकि देवास में प्रतीकात्मक अर्थी निकाली गई। बैतूल में पुतले ▸▸शेष पेज 6 पर

मोदी कैबिनेट ने दिया किसानों को बड़ा तोहफा

रबी सीजन के लिए छह फसलों के एमएसपी में बढ़ोतरी को मंजूरी



केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव

- *2.79 लाख करोड़ के पैकेज का ऐलान*
- *कुसुम का समर्थन मूल्य सबसे ज्यादा 675 और गेहूं की एमएसपी में 25 रुपए की वृद्धि*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट बैठक में करीब 2.79 लाख करोड़ रुपए से जुड़े तीन अहम फैसलों को मंजूरी दी गई। इनमें किसानों के लिए रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी, रिन्यूएबल एनर्जी के लिए ग्रिड इंफ्रास्ट्रक्चर और दिल्ली में इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम शामिल हैं। आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने मार्केटिंग सीजन 2027-28 के लिए छह प्रमुख रबी फसलों के एमएसपी में वृद्धि को मंजूरी दी है। इसमें सबसे ज्यादा 675 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी ▸▸शेष पेज 6 पर

किसानों को उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित होगा: पीएम मोदी

पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर कहा कि सरकार किसानों के हितों की रक्षा और उनकी आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी दिशा में 2027-28 के मार्केटिंग सीजन के लिए रबी फसलों के एमएसपी में बढ़ोतरी को मंजूरी दी गई है। ▸▸पढ़ें पेज 10 भी

इन फसलों को फायदा

फसल	एमएसपी (2027-28)	बढ़ा
गेहूं	2610 रु	25 रु
जौ	2286 रु	136 रु
चना	5958 रु	83 रु
मसूर	7390 रु	390 रु
सरसों	6613 रु	413 रु
कुसुम	7215 रु	675 रु

गिरिबाला की जमानत याचिका पर सुनवाई

सीबीआई की जांच में दहेज प्रताड़ना के आरोप खारिज



आरोपों की पुष्टि नहीं, हाईकोर्ट ने आवेदन में संशोधन के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जबलपुर

बहुचर्चित मॉडल ट्विशा शर्मा मौत मामले में आरोपी उनकी सास और भोपाल की पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिबाला सिंह की जमानत याचिका पर बुधवार को मप्र हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि दहेज की मांग और प्रताड़ना के आरोपों की पुष्टि के लिए जांच में पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिले। इसके चलते मामले में दहेज एक्ट की धाराएं हटा दी गई हैं। जस्टिस अजय कुमार ▸▸शेष पेज 6 पर

एशियन गेम्स में भारत का 'गोल्डन' बुधवार

एक दिन में 4 गोल्ड का धमाल तीरंदाजी में गोल्डन 'हैट्रिक'

- कंपाउंड आर्चरी में महिला टीम, मिक्सड टीम और पुरुष टीम ने जीते स्वर्ण

एजेंसी ▸▸ नागोया

एशियन गेम्स के 11वें दिन बुधवार को भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक ही दिन में चार स्वर्ण पदक जीत लिए। इनमें तीन गोल्ड कंपाउंड तीरंदाजी और एक निशानेबाजी में आया। इस प्रदर्शन



के साथ भारत के कुल पदकों की संख्या 60 हो गई है, जिसमें 10 स्वर्ण शामिल हैं। भारत मेडल टैली में ईरान को पीछे छोड़कर सातवें स्थान पर पहुंच ▸▸शेष पेज 6 पर

आगरा के पास से हिरासत में लेने की खबर, पुलिस की पुष्टि नहीं

रिटायर्ड आईएएस राकेश अग्रवाल की गला रेतकर निर्मम हत्या की

फार्म हाउस की अलमारियां खुली मिली, लूटपाट की नीयत से नौकर ने हत्या की वारदात को दिया अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित सूरज नगर पनघट कॉलोनी के पीछे फार्म हाउस में सेवानिवृत्त आईएएस राकेश अग्रवाल की गला रेतकर हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। हत्या के बाद से घर का नौकर फरार है। लिहाजा पुलिस उसकी संदेह के आधार पर तलाश कर रही है। घटनास्थल का निरीक्षण करने पर पता चला कि फार्म हाउस ▸▸शेष पेज 6 पर



- बागसेवनिया की एक एजेंसी की मदद से किया था हायर, पुलिस एजेंसी के संचालक से कर रही पूछताछ
- सीएम डॉ. यादव ने जताया शोक

सर्वेंट क्वार्टर में रहता है एक अन्य नौकर

बुधवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे राकेश अग्रवाल की पत्नी की नींद खुली और वह मॉर्निंग वॉक पर जाने के लिए तैयार हुई। उनके कमरे का दरवाजा बाहर से बंद था। उन्होंने सर्वेंट क्वार्टर में रहने वाले नौकर अमर को कॉल कर बुलाया। अमर ▸▸शेष पेज 6 पर ▸▸पढ़ें पेज 03 भी

भारतीय कैप्टन स्मित ने बचाई 180 यात्रियों की जान

ओमानी सह-पायलट ने चाकू से किया हमला, घायल कैप्टन ने संभाला विमान

- यात्रियों की मदद से हमलावर काबू
- हाईजैक का संकेत मिला तो इजराइली लड़ाकू विमान रवाना किए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय कैप्टन स्मित मछार ने बुधवार को अपनी सूझबूझ और साहस से दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबई की उड़ान एफजेड1073 को बड़े हादसे से बचा लिया। करीब 180 लोगों को लेकर उड़ रहे विमान में ओमानी सह-पायलट ने कॉकपिट में स्मित पर चाकू से हमला कर दिया। घायल होने के बावजूद स्मित ने उसका मुकाबला किया और यात्रियों



सुरक्षित उतरा विमान, (इनसेट में) स्मित

व चालक दल की मदद से उसे काबू कर लिया।

घटना के दौरान विमान करीब 34 हजार फीट की ऊंचाई पर था। झड़प के बीच ▸▸शेष पेज 6 पर

हाई कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड हुई 110 पेज की रिपोर्ट

सीवर और पेयजल लाइनों में गंभीर तकनीकी खामियां मिलीं

भागीरथपुरा कांड : पूरी व्यवस्था ही 'दूषित', जांच रिपोर्ट में 30 साल की लापरवाही की खुली परतें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंदौर

इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पानी से बीमारी और मौतों के मामले में एक सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट ने व्यवस्था की लंबी लापरवाही को उजागर किया है। बुधवार को हाई कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड हुई रिपोर्ट के मुताबिक, यह संकट किसी एक अधिकारी की गलती से पैदा नहीं हुआ, बल्कि करीब तीन दशक में सीवर और जलापूर्ति व्यवस्था से जुड़ी कई खामियां, निगरानी की कमी, शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई न होना और पाइपलाइन बदलने में हुई लंबी ▸▸शेष पेज 6 पर

रिपोर्ट के मुताबिक, यह संकट किसी एक अधिकारी की गलती से पैदा नहीं हुआ, बल्कि करीब तीन दशक में सीवर और जलापूर्ति व्यवस्था से जुड़ी कई खामियां और निगरानी की कमी बनी वजह



कुछ जगह पेयजल पाइपलाइन के ऊपर थी सीवर लाइन

आयोग ने पाया कि दोनों लाइनों के बीच निर्धारित दूरी भी कई स्थानों पर नहीं थी। कुछ जगह सीवर लाइन पेयजल पाइपलाइन के ऊपर तक थी। इस स्थिति को दूषित पानी के पेयजल नेटवर्क में प्रवेश के लिए गंभीर तकनीकी जोखिम माना है। यानी जिस नेटवर्क से लोगों के घरों तक पानी पहुंच रहा था, उसमें संक्रमण का खतरा पाइप बिछाए जाने के समय से ही मौजूद था। ▸▸पढ़ें पेज 03 भी

राजधानी में रात के तापमान में गिरावट के साथ दिन का पारा 2 से 3 डिग्री तक बढ़ेगा

दो दिन में प्रदेश से मानसून की विदाई अक्टूबर का पहला सप्ताह मिला-जुला रहेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

- सीजन में 8 साल की सबसे कम बारिश दर्ज
- सीजन में यहां 1147.5 मिमी बारिश हुई
- पंजाब, यूपी, राजस्थान से मप्र के हस्सों से गुजरेगा

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में अभी मौसम साफ बना हुआ है। कुछ जिलों में बादल और हल्की बारिश का दौर है, जो आज से कल तक रहेगा। इस बीच दक्षिण पश्चिमी मानसून की विदाई भी 2 से 3 अक्टूबर के आसपास शुरू होगी। अक्टूबर का पहला सप्ताह मिलेजुले मौसम का रहेगा। इसके बाद बारिश में और कमी आएगी। मौसम केंद्र के अनुसार अब तापमान में 2 से 3 डिग्री तक बढ़त होगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार दक्षिण पश्चिमी मानसून अब प्रदेश से विदाई ले रहा है। 2 से 3 अक्टूबर के बीच उत्तर प्रदेश और राजस्थान से लगे प्रदेश के हिस्सों से विदाई शुरू होगी। अक्टूबर के पहले सप्ताह में मौसम मिलाजुला रहेगा।


भानपुर खंती के पासा दोपहर 4 बजे का नजारा।

इसलिए शुरू होगी विदाई

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी मानसून वापसी की लाइन पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के मप्र से लगे हिस्सों से गुजर रही है। अगले एक से दो दिन में यह पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश के शेष भागों, गुजरात और मध्य प्रदेश के अधकिांश भागों, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के कुछ और भागों से आगे बढ़कर वापसी लेगा। इसके लिए सभी परिस्थितियां अनुकूल हैं।

तापमान में तेजी से बदलाव होगा

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार मानसून की विदाई के साथ ही दिन और रात के तापमान में तेजी से बदलाव होगा। दिन का पारा अगले 2 से 3 दिन में 3 डिग्री तक बढ़ेगा, जबकि रात में एक से 2 डिग्री तक कमी आएगी। बुधवार को शहर का दिन का पारा दशमलव एक डिग्री बढ़कर 33.7 डिग्री रहा, जो सामान्य से दशलव 6 डिग्री अधिक है। रात का तापमान इतनी ही गिरावट के साथ 19.7 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 1.6 डिग्री कम है। इसमें अभी एक से 2 डिग्री तक और कमी आएगी।

शहर में 8 साल की सबसे कम बारिश


करोंद मंडी के पास शाम 6.15 बजे का दृश्य।

राजधानी में इस साल वर्ष 2018 के बाद सितंबर माह में सबसे कम बारिश हुई है। इस साल पूरे महीने में कुल 157 मिली मीटर हुई है। शहर में वर्ष 2006 से 2026 तक मिले आंकड़ों के अनुसार सर्वाधिक अधिकतम बारिश मानसून सीजन में जून से सितंबर के बीच वर्ष 2022 को 1860.3 मिलीमीटर हुई थी। इसके बाद 2019 को 1756.5 मिलीमीटर एवं 2006 को 1686.4 मिमी बारिश हुई थी। वर्ष 2026 को वर्षा 1147.5 मिमी दर्ज हुई है।

वर्ष	बारिश मिमी में
2018	75
2019	608
2020	165
2021	214
2022	168
2023	329
2024	292
2025	195
2026	157

एनएबीएच के खिलाफ आयुष्मान कार्यालय पर धरना देकर किया गया प्रदर्शन

प्राइवेट अस्पताल संचालकों ने दी चेतावनी, 8 अक्टूबर से बंद कर देंगे आयुष्मान योजना से इलाज

डॉक्टरों ने कहा- एनएबीएच की शर्त हटाओ, आयुष्मान योजना का भुगतान करो


आयुष्मान कार्यालय पर प्राइवेट अस्पताल संचालकों ने दिया धरना।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज कर रहे निजी अस्पतालों का भुगतान अटकने और अस्पतालों में एनएबीएच की अनिवार्यता के विरोध में बुधवार को निजी अस्पताल संचालक और डॉक्टर सड़क पर उतर आए।

यूनाइटेड प्राइवेट हॉस्पिटल एसोसिएशन के बैनर तले डॉक्टर और अस्पताल कर्मचारी जेपी अस्पताल परिसर स्थित आयुष्मान कार्यालय पहुंचकर धरना दिया। नारेबाजी करते हुए अस्पताल संचालकों ने पुराना बकाया भुगतान तत्काल जारी करने और एनएबीएच की अनिवार्यता हटाने की मांग की। यूनाइटेड प्राइवेट हॉस्पिटल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. विशाल सिंह बघेल ने कहा कि कई अस्पतालों को आयुष्मान योजना का पिछले छह से सात महीने से नियमित भुगतान नहीं मिला है। कुछ अस्पतालों में इससे भी पुरानी राशि अटकी हुई है। भुगतान नहीं होने से दवा विक्रेताओं, कर्मचारियों और अन्य सेवा प्रदाताओं का भुगतान करना मुश्किल हो रहा है। प्रदर्शनकारी प्राइवेट अस्पताल संचालकों ने चेतावनी दी कि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आठ अक्टूबर से प्रदेश स्तर पर आंदोलन शुरू कर आयुष्मान योजना से इलाज बंद कर दिया जाएगा।



एनएबीएच की अनिवार्यता पर भी विरोध

एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ. धनंजय मिश्रा ने कहा कि निजी अस्पताल संचालक आयुष्मान योजना में एनएबीएच (नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स) की अनिवार्यता के विरोध में है। डॉ. धनंजय का कहना है कि गुणवत्ता मानकों का विरोध नहीं है, लेकिन छोटे और मध्यम अस्पतालों पर एनएबीएच की अनिवार्यता व्यावहारिक नहीं है।

एनएबीएच प्रक्रिया में 25 से 30 लाख तक का खर्च

डॉ. दीपक गर्ग ने बताया कि एनएबीएच प्रक्रिया में अस्पतालों को 25 से 30 लाख तक खर्च करने पड़ सकते हैं। जब पुराने भुगतान ही लंबित हैं, ऐसे समय में अस्पतालों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालना मुश्किल है। एनएबीएच की शर्त पूरी नहीं कर पाने वाले छोटे और मध्यम अस्पतालों के आयुष्मान योजना से बाहर होने की आशंका है। इससे मरीजों पर असर पड़ सकता है।

कोलकाता में '5वें आधार संवाद' में किया गया पुरस्कृत

मप्र कर्मचारी चयन मंडल को यूआईडीएआई का डाइवर्स यूज केस इनोवेशन अवॉर्ड एग्जाम्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल


डॉ. ए हेमलता और महेंद्र मालवीय पुरस्कार प्राप्त करते हुए।

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) द्वारा 17वें आधार दिवस पर 29 सितंबर को कोलकाता में 5वां राष्ट्रीय हितधारक सम्मेलन 'आधार संवाद 2026' आयोजित किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी तथा वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय जितिन प्रसाद ने किया गया।

सम्मेलन में मध्यप्रदेश शासन के कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल को अपने विशिष्ट योगदान के लिए 'डाइवर्स यूज़ केस इनोवेशन अवॉर्ड एग्जाम्स' से पुरुस्कृत किया गया। मंडल की ओर से नियंत्रक डॉ. ए. हेमलता एवं उप नियंत्रक महेन्द्र मालवीय ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। गौरतलब है कि मंडल वर्ष 2017 से परीक्षाओं में आधार सत्यापन का उपयोग कर रहा है। ऑनलाइन आवेदन के समय वन टाइम रजिस्ट्रेशन में आधार ई-केवायसी से एक अभ्यर्थी, एक प्रोफाइल सुनिश्चित की जाती है एवं आधार आधारित सत्यापन से यह सुनिश्चित किया जाता है कि जिस अभ्यर्थी ने आवेदन किया है, वही परीक्षा में सम्मिलित हो और वही नियुक्ति प्रक्रिया में सम्मिलित हो।



वीआईपी रोड पर सोयाबीन तेल से भरा टैंकर पलटा, मची लूट


वीआईपी रोड पर पलटे टैंकर को बुधवार दोपहर क्रेन से हटाया गया।

भोपाल। वीआईपी रोड स्थित कोहेफिजा चौराहे पर सोयाबीन तेल से भरा टैंकर पलट गया। घटना मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात 2:30 बजे की है। हादसे में टैंकर चालक और क्लीनर को मामूली चोटें आई हैं। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई और डिब्बे, बर्तनों में सोयाबीन तेल भरते नजर आए।

प्राध्यापक संघ में वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर भी रहे

40 वर्षों की शासकीय सेवा के बाद डॉ. राजेश श्रीवास्तव सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय के गणित विभाग के प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश श्रीवास्तव बुधवार को 40 वर्षों की शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। उनकी सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में महाविद्यालय स्टाफ द्वारा उनके सम्मान में सेवानिवृत्ति समारोह आयोजित किया गया। समारोह में प्राचार्य, प्राध्यापक एवं कर्मचारियों ने उनके दीर्घ सेवाकाल, शैक्षणिक योगदान एवं महाविद्यालय के प्रति उनकी सेवाओं को स्मरण करते हुए शुभकामनाएं दीं। डॉ. राजेश श्रीवास्तव मप्र महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ में वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर भी रहे। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के प्राध्यापकों की समस्याओं एवं उनके हितों के लिए सक्रिय रूप से कार्य किया।

गांधी जयंती पर कल एम्स में मैराथन

भोपाल। एम्स भोपाल के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (आरडीए) द्वारा 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर सुबह 5:30 बजे एम्स भोपाल में आरडीए मैराथन 2026 का आयोजन किया जा रहा है। मैराथन का उद्देश्य एम्स समुदाय और आम जनता में शारीरिक फिटनेस, हृदय स्वास्थ्य, बीमारियों से बचाव संबंधी स्वास्थ्य सेवा, स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। यह मैराथन गांधी जयंती के अवसर पर, विश्व हृदय दिवस के संदर्भ में और स्वच्छ भारत अभियान का संदेश आगे बढ़ाने के लिए आयोजित की जा रही है। इस तरह फिटनेस, हृदय संबंधी जागरुकता, स्वच्छता और सामुदायिक स्वास्थ्य जैसे अहम विषय एक ही मंच पर आएंगे।

डीआरएम ने 24 सेवानिवृत्त रेलकर्मियों को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल मंडल में रेल सेवा के प्रति वर्षों तक समर्पित भाव से योगदान देने वाले सितंबर 2026 में सेवानिवृत्त हुए एक अधिकारी एवं 23 कर्मचारियों सहित 24 रेलकर्मियों को मंडल कार्यालय में आयोजित समारोह में भावभीनी विदाई दी गई।

समारोह की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने की। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने सेवानिवृत्त रेलकर्मियों के दीर्घकालीन सेवाकाल एवं रेल संगठन में उनके योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया तथा उनके सुखद, स्वस्थ एवं समृद्ध सेवानिवृत्त जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। सितंबर माह में सेवानिवृत्त हुए 24 रेलकर्मियों में एक राजपत्रित अधिकारी सहायक मंडल यांत्रिक अभियंता अरुण जोशी तथा 23 कर्मचारी शामिल हैं। इन कर्मचारियों ने मुख्य टिकट परीक्षक, लोको पायलट, तकनीशियन, हेल्पर, मुख्य कार्यालय अधीक्षक सहित विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं प्रदान की हैं। समारोह के दौरान सेवानिवृत्त हुए सभी 24 रेलकर्मियों को अंतिम निपटान राशि के रूप में 11.58 करोड़ का भुगतान एनईएफटी के माध्यम से किया गया।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में सामूहिक श्रमदान आज

भोपाल। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में 'स्वच्छता ही सेवा अभियान-2026' के अंतर्गत एक अक्टूबर को 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' अभियान के तहत कंपनी मुख्यालय सहित क्षेत्रीय एवं अधीनस्थ कार्यालयों में सामूहिक श्रमदान एवं स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) राकेश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में अधिकारी-कर्मचारी अपने-अपने कार्यस्थल, कक्ष, टेबल, अलमारी, फाइल एवं अभिलेखों को व्यवस्थित करने के साथ ही आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई में सहभागिता करेंगे।

साइबर जालसाजों से रहें सावधान

बिजली उपभोक्ताओं को अलर्ट, फर्जी मैसेज, कॉल के जरिए हो रही ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों के सम्माननीय बिजली उपभोक्ताओं से बिजली बिलों का नगद भुगतान कंपनी के जोन, वितरण केंद्र कार्यालय, पीओएस मशीन अथवा अधिकृत भुगतान केन्द्रों जैसे एमपीऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर पर ही करने की अपील की है।

कंपनी के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अधिकारियों ने बताया है कि उपभोक्ता को असमय विद्युत होती है। विच्छेदन से बचने के लिए किसी निजी मोबाईल नंबर से कॉल कर भुगतान करने के लिए कोई एसएमएस/ व्हाट्सएप जारी नहीं किया जाता है। कंपनी द्वारा जारी किए गए एसएमएस केवल सीसीएमपीसीजेड एवं व्हाट्सएप केवल 07552551222 सेंडर आईडी से ही प्रेषित किए जाते हैं। उपभोक्ता किसी अन्य सेंडर आईडी अथवा निजी नंबर से आए भ्रामक मेसेज से सतर्क रहें। कंपनी अंतर्गत विद्युत देयकों के भुगतान के लिए उपभोक्ता पहचान नंबर यानि आईवीआरएस नंबर की जरूरत

एम्सः राष्ट्रीय कार्यशाला में मिला जीनोमिक तकनीक पर व्यावहारिक प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एम्स भोपाल के सेंटर ऑफ प्रिसिजन मेडिसिन ने ग्लोबल कैंसर कंसोर्टियम के शैक्षणिक सहयोग से तीन दिवसीय राष्ट्रीय हैंड्स-ऑन कार्यशाला आयोजित की।

इसे डीएचआर-आईसीएमआर और एएनआरएफ, भारत सरकार ने वित्तपोषित किया। कार्यशाला का उद्घाटन एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. नरेंद्र कोतवाल ने किया और कार्यशाला हैंडबुक का विमोचन भी किया।

देशभर के क्लिनिशियन और शोधकर्ताओं को नमूना लेने से लेकर आनुवंशिक आंकड़ों के विश्लेषण और इलाज संबंधी निर्णय तक का प्रशिक्षण मिला। टाटा मेमोरियल अस्पताल मुंबई, एम्स नई दिल्ली, सीएसआईआर-सीसीएमबी हैदराबाद, क्षेत्रीय जैव प्रौद्योगिकी केंद्र फरीदाबाद, कारकिनोस हेल्थकेयर और डाटार कैंसर जेनेटिक्स लिमिटेड मुंबई के विशेषज्ञों ने योगदान दिया।

कार्यशाला का उद्देश्य चिकित्सकों को जीनोमिक जांच के परिणाम समझने और सीधे मरीजों के इलाज में उपयोग करने में सक्षम बनाना है।

24 घंटे का सिस्टेक इनोवेशन हैकाथॉन 4.0 शुरू, तीन चरणों में होगा मूल्यांकन

112 टीमें करेंगी वास्तविक समस्याओं के समाधान पर काम, विजेता को मिलेगा 1 लाख रुपए का पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



सिस्टेक इनोवेशन हैकाथॉन (एसआईएच 4.0) के चौथे संस्करण का बुधवार को रातीबड़ स्थित सिस्टेक कैंपस में शुभारंभ हुआ। 24 घंटे चलने वाले इस हैकाथॉन में 112 टीमें आईटी कंपनियों और सरकारी विभागों की ओर से दिए गए वास्तविक जीवन से जुड़े 55 समस्या-विवरणों के समाधान तैयार करेंगी। प्रतियोगिता में विजेता टीम को एक लाख रुपए तक का पुरस्कार दिया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सी-डैक पुणे के एसोसिएट डायरेक्टर शैलेंद्र सिंह नरवरिया, गेस्ट ऑफ ऑनर नविदिया की सीनियर सॉफ्टवेयर क्वालिटी एश्योरेंस इंजीनियर शीबा हरिहरन और विशेष अतिथि एफसीजी के पार्टनर अभिषेक कुलश्रेष्ठ ने किया। इस अवसर पर सिस्टेक की ग्रुप डायरेक्टर डॉ. ज्योति देशमुख, सिस्टेक रातीबड़ के प्रिंसिपल डॉ. अभिषेक चौबे और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग विभागाध्यक्ष डॉ. प्रियंका भटेले मौजूद रहीं।

हैकाथॉन में प्रत्येक टीम का तीन चरणों में मूल्यांकन किया जाएगा। पहले चरण में निर्णायक समाधान की समीक्षा कर आवश्यक सुधार के सुझाव देंगे। दूसरे चरण में यह देखा जाएगा कि टीम ने प्राप्त सुझावों को अपने समाधान में किस तरह लागू किया है। तीसरे चरण में टीम के पूरे प्रोजेक्ट और उसकी विकास यात्रा का मूल्यांकन किया जाएगा। तीनों चरणों के संयुक्त अंकों के आधार पर विजेता का चयन किया जाएगा। प्रतियोगिता में शामिल 112 टीमों को छह जोन में विभाजित किया गया है।



हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 1 अक्टूबर 2026

4 कॉलेज की जमीन मुक्त करवाई जाएगी समस्याओं...



14 एक सदी से ज्यादा हो गया, लेकिन हमारा काम बिना ...



गिरफ्तारी के बाद पता चल सकेगा आखिरकर क्या ले गया बदमाश

सिलेंडर की गैस खोलकर घर में आग लगाने की थी तैयारी नौकर हायर कराने वाली एजेंसी पर भी पुलिस की नजर

रातीबड़ स्थित फार्म हाउस में रिटायर्ड आईएएस अग्रवाल की हत्या का मामला

आरोपी वरुण को फार्म हाउस में सिर्फ चार दिन हुए थे, की वारदात

गिरफ्तारी के बाद ही पता चल सकेगी हत्या की वजह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित सूरज नगर पनघट कॉलोनी के पीछे फार्म हाउस में रिटायर्ड आईएएस राजेश अग्रवाल की हत्या करने वाले हत्यारे वरुण का इरादा घर में आग लगाने का था, लेकिन वह इसमें कामयाब नहीं हो सका। दरअसल, आरोपी ने फार्म हउस के किचन में गैस सिलेंडर का वॉल खोल दिया था।

जब फार्म हाउस में सर्वेंट अमर पहुंचा तो पूरे फार्म हाउस के अंदर एलपीजी फैल चुकी थी। गनीमत रहीं किसी ने माचिस की तीली नहीं रगड़ी और बिजली के बोर्ड के बटन के स्वीच का इस्तेमाल नहीं किया। नहीं तो वारदात और भी बढ़ी हो सकती थी। सूत्रों की माने तो सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने रूटमैप तैयार कर आरोपी को आगरा के पास से दबोच लिया है। हालांकि पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

जानकारी के अनुसार राजेश अग्रवाल (72) की उनके नौकर वरुण कुमार ने गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस ने फार्म हाउस के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए तो आरोपी फार्म हाउस से निकलता हुआ नजर आया था। फुटेज में आरोपी के हाथ में बैग भी नजर आया है। पुलिस ने राजेश अग्रवाल की पत्नी से बातचीत करने का प्रयास किया था, लेकिन अग्रवाल की हत्या के बाद से वह बेसुध है और कुछ कहने की स्थिति में नहीं है। अग्रवाल की मौत के बाद वह अकेली हो गई है। बेटा यूएस में है और उसे घटना की जानकारी दे दी गई है। वह यूएस से भोपाल के लिए निकल गया है। बेटे के भोपाल पहुंचने के बाद शव का पीएम कराया जाएगा।



सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ आरोपी वरुण।

पुलिस का अनुमान है कि हत्या लूटपाट में असफल होने के कारण की गई। यह भी बताया जा रहा है कि हत्या देर रात की गई है। आरोपी वरुण को फार्म हाउस में सिर्फ चार दिन हुए थे। उसे ठीक से पता भी नहीं था कि घर में कहां क्या रखा है। संभवतः उसने देर रात फार्म हाउस में चोरी करने का प्रयास किया होगा। राजेश अग्रवाल की नींद खुली और उन्होंने वरुण का विरोध किया। विरोध करने के चलते भी हत्या होने की संभावना है। हालांकि आरोपी की गिरफ्तारी के बाद ही हत्या की सही वजह और तरीका पता चल सकेगा। अभी तक की जांच में यह बात सामने आई कि उनका गला धारदार हथियार से रेतकर की गई है।



पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम कर रही धरपकड़

बुधवार सुबह हत्या की सूचना पर पहुंची पुलिस और एफएसएल की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद नौकर वरुण के बारे में जानकारी जुटाई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कमिश्नर संजय कुमार खुद मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने आरोपियों की धरपकड़ के लिए थाना पुलिस के अलावा क्राइम ब्रांच की टीम को भी निर्देश दिए थे।



एजेंसी संचालक पर कार्रवाई होगी

एजेंसी में वरुण गत 25 सितंबर को ही काम मांगने आया था। एजेंसी ने उससे चरित्र प्रमाण पत्र मांगा था। उसने पुराना चरित्र प्रमाण पत्र दिखा था। बताया जाता है कि एक साल पुराना चरित्र प्रमाण पत्र दिखाकर उसने एजेंसी में नौकरी मांगी थी। एजेंसी ने लापरवाही बरतते हुए उसे रिटायर्ड आईएएस अधिकारी के घर नौकरी दे दी। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद एजेंसी संचालक के खिलाफ भी कार्रवाई की जा सकती है।



खबर संक्षेप

युवक की हत्या के दोषियों को उम्रकैद

भोपाल। राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन से कचरे को उतारने को लेकर हुए विवाद पर युवक की धारदार हथियारों से हत्या करने के मामले के अभियुक्तगण रामबाबू वाल्मीकि, लक्ष्मीनारायण एवं श्याम बाबू वाल्मीकि निवासी भोपाल मप्र को पंचम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीलू संजीव श्रृंगी ऋषि के न्यायालय ने भादंसं की धारा-302 एवं 323/34 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और 7000-7000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अभियोजन के अनुसार 15 फरवरी 2019 को फरियादी राजेश खरे द्वारा पुलिस थाना जीआरपी भोपाल में रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात करीब 9:30 बजे वीआईपी गेट के सामने रोड सुमित खरे, सिद्धार्थ खरे, राकेश, प्रदीप को अभियुक्तगण रामबाबू वाल्मीकि, लक्ष्मीनारायण एवं श्याम बाबू वाल्मीकि लट्ठ डंडे से राकेश पिता श्यामलाल एवं राकेश करोसिया, सिद्धार्थ खरे, प्रदीप पर हमला कर दिया था। अस्पताल में राकेश श्यामलाल गौहत की मृत्यु हो गई थी।

नालियों में गोबर बहाने और खुले में मांस बेचने पर जुर्माना

भोपाल। शहर में साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन को लेकर बुधवार को निगम अमले ने नाला, नालियों में गोबर बहाने वाले 6 डेयरी संचालकों से 18 हजार रुपए की राशि स्पॉट फाईन के रूप में वसूल की। साथ ही खुले में मांस बेचने के 4 प्रकरणों में 8 हजार रुपए जुर्माना वसूल किया। इस तरह निगम ने 10 प्रकरणों में 26 हजार रुपए की राशि स्पॉट फाइन के रूप में वसूल की। वार्ड 79 के शिवानी होम्स करोद में निरीक्षण के दौरान डेयरी संचालकों द्वारा नालियों में गोबर बहाकर गंदगी फैलाई जा रही थी, जिसकी वजह से नाला चौक हो रहा था। अमले ने समझाइश देने के साथ 18 हजार रुपए का फाइन भी वसूल किया है।

भागीरथपुरा कांड में जांच रिपोर्ट: अधिकारियों ने शिकायतें की अनदेखी की, वर्षों पुरानी पाइपलाइनों की सुध तक नहीं ली

पेयजल व ड्रेनेज पाइपलाइन के नजदीक होने से पता था दूषित पानी का खतरा, सुधार नहीं किया, फाइल पर डिस्कस करने में लगा दिए 72 दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मौतों की जांच करने वाले एक सदस्यीय आयोग की रिपोर्ट ने इस घटना को किसी एक अधिकारी या एक दिन की गलती का नतीजा नहीं माना है। रिपोर्ट के अनुसार, वर्षों पुरानी जल और सीवर लाइन की खामियां, समय पर रखरखाव नहीं होना, शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई का अभाव और नई पाइपलाइन बिछाने की प्रक्रिया में लंबी देरी ने मिलकर ऐसी स्थिति बनाई, जिसमें सीवर का पानी पीने की पाइपलाइन में पहुंच गया। आयोग ने 36 मौतों की जांच की, जिनमें 24 का संबंध दूषित पानी से पाया गया, जबकि 12 मामलों में यह संबंध निर्णायक रूप से स्थापित नहीं हो सका।

- *समय पर रखरखाव नहीं होना, शिकायतों पर कार्रवाई नहीं होने से पैदा हुए मुश्किल हालात*
- *नई पाइपलाइन बिछाने में लंबी देरी ने पेयजल पाइप लाइन में पहुंचा दिया सीवर का दूषित पानी*
- *रिपोर्ट में जिक्र: कोई एक व्यक्ति नहीं, पूरी व्यवस्था ही 24 मौतों के लिए जिम्मेदार*
- *पाइपलाइन बिछाते समय सीपीएचईईओ मेनुअल का पालन भी नहीं हुआ*

पानी, सीवर नेटवर्क की पुरानी खामियां भारी पड़ी

- जांच आयोग ने 36 मौतों की जांच की।
- 24 मौतों का संबंध दूषित पानी से पाया गया।
- 12 मामलों में संबंध निर्णायक रूप से साबित नहीं हुआ।
- पानी और सीवर नेटवर्क की पुरानी खामियां घटना की बड़ी वजहों में शामिल रहीं।
- एक टेंडर प्रक्रिया में तकनीकी बोली से वित्तीय बोली खुलने तक 100 दिन की देरी दर्ज की गई।
- एक महत्वपूर्ण फाइल पर 'डिस्कस' लिखे जाने के बाद करीब 72 दिन तक प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी।

2019 में भी सामने आई थी पानी की खराब गुणवत्ता

जांच रिपोर्ट में वर्ष 2019 की एक महत्वपूर्ण चेतावनी का भी उल्लेख है। मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 8 फरवरी 2019 को इंदौर नगर निगम को पानी की गुणवत्ता से संबंधित रिपोर्ट भेजी थी। इसमें इंदौर शहर के 60 ट्यूबवेल और हैंडपंप के पानी की जांच की गई थी। रिपोर्ट में इन 60 स्रोतों के पानी को भारतीय मानक के अनुरूप नहीं पाया गया था। बोर्ड ने ऐसे स्रोतों का इस्तेमाल उचित क्लोरीनेशन के बाद ही करने की सलाह दी थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि उपलब्ध रिकॉर्ड से ऐसा पर्याप्त प्रमाण नहीं मिलता कि इस चेतावनी के बाद जरूरी स्तर पर सुधारात्मक कार्रवाई की गई।



36 मौतों की जांच, 24 का दूषित पानी से सीधा संबंध

भागीरथपुरा मामले का सबसे महत्वपूर्ण आंकड़ा मौतों से जुड़ा है। आयोग ने कुल 36 मौतों की जांच की। इनमें 24 मौतों का सीधा संबंध दूषित पानी से जोड़ा गया। शेष 12 मामलों में दूषित पानी के कारण मौत होने का संबंध निर्णायक रूप से स्थापित नहीं हो सका। यह आंकड़ा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि शुरुआती दौर में सरकारी डेथ ऑडिट में मौतों की संख्या को लेकर अलग आंकड़े सामने आए थे। हाईकोर्ट ने स्वतंत्र जांच आयोग बनाया।

वर्षों पुरानी पाइपलाइन बनी घटना की बड़ी वजह

आयोग की रिपोर्ट में भागीरथपुरा की जल व्यवस्था के इतिहास को भी जांच का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया गया है। जांच में पाया गया कि पाइपलाइन बिछाते समय सीपीएचईईओ मेनुअल का पालन नहीं हुआ। आयोग ने इसे भागीरथपुरा में दूषित पानी पहुंचने का तत्काल कारण माना है।

कई स्तरों पर हुई कमियों का नतीजा थी घटना

जांच रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि भागीरथपुरा की घटना कई स्तरों पर हुई कमियों का नतीजा थी। रिपोर्ट में संजय कुमार श्रीवास्तव की भूमिका पर विशेष चर्चा है। वे वर्ष 2013 से 2026 तक जल आपूर्ति विभाग में पदस्थ रहे। आयोग ने माना कि लंबे समय तक किसी क्षेत्र में तकनीकी अधिकारी के रूप में पदस्थ रहने से पाइपलाइन की खराब हालत, रिसाव और कमजोर नेटवर्क जैसी समस्याओं की जानकारी होना अपेक्षित था। इसी तरह सरोज कुमार प्रजापति, जो भागीरथपुरा क्षेत्र में प्रभारी सहायक अभियंता के रूप में लंबे समय तक पदस्थ रहे, की भूमिका भी जांची गई। उन्हें पानी और ड्रेनेज लाइन के नजदीक होने से दूषित पानी का खतरा पता था। इसके बावजूद जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाने और कार्रवाई में कमी रही।

तकनीकी बोली के बाद वित्तीय बोली में 100 दिन का अंतर

आयोग ने केवल पुरानी पाइपलाइन की हालत को जिम्मेदार नहीं माना, बल्कि उसे बदलने की प्रक्रिया की भी विस्तार से जांच की। रिपोर्ट में अलग-अलग टेंडर प्रक्रियाओं की तारीखों का अध्ययन किया गया है। एक प्रक्रिया में तकनीकी बोली खुलने के बाद वित्तीय बोली खोलने में करीब 100 दिन का अंतर पाया गया। आयोग ने इसे सामान्य स्थिति की तुलना में बहुत अधिक और प्रथम दृष्टया संतोषजनक नहीं माना। एक अन्य चरण में फाइल पर 15 अक्टूबर 2025 को 'डिस्कस' लिखे जाने के बाद संबंधित अधिकारियों के बीच चर्चा 18 दिसंबर 2025 को हुई। इसके बाद फाइल 26 दिसंबर को दोबारा प्रस्तुत हुई। यानी करीब 72 दिन तक महत्वपूर्ण प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी। आयोग ने इस देरी को गंभीर माना। इसमें दो महीने से ज्यादा समय लग गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि टेंडर से जुड़ी देरी में कार्यपालन अभियंता के कार्यालय, टेंडर शाखा, तकनीकी शाखा और फाइल संभालने वाले अधिकारियों की भूमिका की जांच जरूरी है। साथ ही संबंधित सक्षम अधिकारी की निगरानी की जिम्मेदारी पर भी सवाल उठाए गए हैं।

आयोग ने दिया प्रशासनिक उपायों पर जोर

रिपोर्ट का अंतिम हिस्सा केवल जिम्मेदारी तय करने तक सीमित नहीं है। इसमें भविष्य में ऐसी घटना रोकने के लिए कई तकनीकी और प्रशासनिक उपायों पर जोर दिया गया है। आयोग ने पानी और सीवर पाइपलाइन के बीच निर्धारित दूरी बनाए रखने, क्रॉस-कनेक्शन रोकने, पाइपलाइन के रिसाव की नियमित जांच, पानी का दबाव पर्याप्त बनाए रखने, पाइपलाइन की नियमित सफाई और पानी की गुणवत्ता की लगातार जांच की जरूरत बताई है। रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि सुरक्षित पेयजल लोगों के स्वास्थ्य और जीवन से जुड़ी जिम्मेदारी है। इसलिए पानी की लाइन, सीवर व्यवस्था और उनकी निगरानी में लापरवाही को सामान्य प्रशासनिक देरी के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

'वाटर सैनिटेशन ड्राइव' में स्टेशनों पर हुई पानी की जांच

क्लोरीन, जीवाणु और रासायनिक मानकों पर 144 परीक्षण, परिणाम संतोषजनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डीआरएम पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में पश्चिम मध्य रेल भोपाल मंडल द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत 28 से 30 सितंबर तक विशेष 'वाटर सैनिटेशन ड्राइव' चलाया गया। इस दौरान मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों एवं रेल परिसरों में उपलब्ध पेयजल की गुणवत्ता की सघन निगरानी करते हुए निर्धारित मानकों के अनुरूप जल नमूनों की जांच की गई। अभियान के दौरान पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न स्तरों पर कुल 144 परीक्षण किए गए। इनमें 125 क्लोरीन परीक्षण, 18 जीवाणु परीक्षण तथा एक रासायनिक परीक्षण शामिल हैं। इन परीक्षणों के माध्यम से पेयजल में क्लोरीन की मात्रा, जीवाणु संबंधी मानकों तथा रासायनिक गुणवत्ता की जांच की गई। सभी जांचे गए जल नमूनों के परीक्षण परिणाम संतोषजनक पाए गए, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि जांच किए गए पेयजल स्रोत निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप हैं।

भोपाल के 66, सीहोर के 33 गांवों के पानी से सहेजा जाएगा बड़ा तालाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बड़े तालाब के 361 वर्ग किमी में फैले कैचमेंट में शामिल 100 गांवों को मिलाकर भोजताल प्लानिंग एरिया बनाया जाएगा। इनमें भोपाल जिले के 66 और सीहोर के 33 गांव शामिल हैं। भोपाल जिले के 67 गांवों में से 40 गांवों की 161 वर्ग किमी जमीन भोपाल मास्टर प्लान के प्लानिंग एरिया में शामिल हैं। भोपाल जिले के 27 गांव प्लानिंग एरिया से बाहर हैं। इन 27 गांवों और सीहोर जिले के 33 गांव मिलाकर 200 वर्ग किमी जमीन भोपाल के प्लानिंग एरिया से बाहर है। नया प्लानिंग एरिया बनने के बाद अगस्त 2014 में पेश हुई सेप्ट यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट के आधार पर पूरे 100 गांवों का एकजाई मास्टर प्लान बनाया जाएगा। नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम के तहत निवेश क्षेत्र घोषित होने के बाद मास्टर प्लान का ड्राफ्ट जारी कर दावे-आपत्ति की सुनवाई के बाद प्लान को अंतिम रूप दिया जाएगा। तालाब के दक्षिण-पश्चिमी हिस्से और कोलांस नदी और सहायक नदियों से 250 मीटर की दूरी तक का क्षेत्र, इसे पर्यावरण के लिहाज से सबसे ज्यादा संवेदनशील माना है। इस क्षेत्र में किसी निर्माण की अनुमति नहीं दी जाना चाहिए।

गांवों पर यह होगा असर

सभी 100 गांवों में टीएंडसीपी से डेवलपमेंट परमिशन लेना होगी। अभी प्लानिंग एरिया के बाहर के गांवों में केवल अभिमत लेना होता है। बिल्डिंग परमिशन देने का अधिकार पंचायतों के पास है और उसे वापस नहीं लिया जा सकता। आर्गेनिक खेती करने पर किसानों को बाजार व बेहतर कीमत उपलब्ध कराने का काम कृषि विभाग करेगा।

कारतूस खरीदी में गड़बड़ी को लेकर कराई थी जांच

एक महीने चली लंबी जांच के बाद निरस्त किए स्पोर्टस शूटर्स के लाइसेंस

आधा हुआ नेशनल और इंटरनेशनल शूटर्स का कोटा, 61 शूटर्स के लाइसेंस किए गए बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में नेशनल और इंटरनेशनल स्तर पर राजधानी को मेडल दिलवाने वाले स्पोर्टस शूटर्स की तादाद अब घटकर 69 यानि आधी रह गई है, जबकि इसके पहले यहां 130 शूटर्स ने स्पोर्टस कैटेगरी में लाइसेंस लेकर प्रेक्टिस करते थे।

पिछले साल सितंबर माह में तत्कालीन कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने 28 लाइसेंस बर्खास्त किए थे। इसके बाद 33 लाइसेंस को बाद में निरस्त कर दिया गया। इस तरह अब तक 69 स्पोर्टस शूटर्स के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं। स्पोर्टस कैटेगरी में तीस हजार शूटर्स ने तीस हजार से लेकर एक लाख कारतूस का कोटा जारी करा रखा था। आरोप है कि शूटर्स कारतूस बेचकर गड़बड़ी कर रहे थे। जबकि कई शूटर्स ने स्पोर्टस लाइसेंस होने के बाद भी पिछले दस साल से टूर्नामेंट में ही हिस्सा नहीं लिया था। जिसको लेकर जांच के बाद सितंबर 2025 में 28 शूटर्स के लाइसेंस बर्खास्त कर दिए गए। जांच के बाद अप्रैल माह में 33 अन्य शूटर्स के भी लाइसेंस निरस्त किए गए।


फाइल फोटो

इन शूटर्स के लाइसेंस निरस्त

शाहरोज आलम, राजकुमार गुप्ता, सरदार असद, सना मलिक, हुमैरा हुसैन, माइकल अर्नाल्ड, एरिका गुप्ता, सबूर मलिक, एंजीलीना गुप्ता, सना सिद्दीकी, मोहम्मद सउद, सारा नईम, अरुणेश्वर शरण सिंहदेव, जगदीश शरण सिंहदेव, मोहम्मद अली खान, फराज ताहिर, उजेर अलवी, रुडाल्फ गुप्ता समेत 33 स्पोर्टस शूटर्स के लाइसेंस बर्खास्त किए गए हैं, जबकि इसके पहले 28 लाइसेंस बर्खास्त किए गए थे।

कई शूटर्स के पास स्पोर्टस गन के साथ अन्य गन भी

जांच टीम ने जब शूटर्स का रिकार्ड खंगाला तो पता चला कि कई शूटर्स के पास स्पोर्टस गन के साथ अन्य गन भी हैं। शूटर होने के बावजूद गन की व्यापार की तरह खरीद-फरोख्त की। अपराध दर्ज होने पर भी झूठी घोषणा कर गन लाइसेंस रिन्यू कराया और शूटिंग रेंज में प्रेक्टिस के दौरान कारतूस का रिकार्ड पेश नहीं किया। जिसको देखते हुए इन शूटर्स पर कार्रवाई की गई है।

बिल्डर्स ने खरीदारों के लिए तैयार किए पांच हजार रेडी टू पजेशन मकान

नवरात्रि में प्रॉपर्टी के बाजार में बूम, दिवाली पर भी रहेगी चमक, खरीदारों की रहेगी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में गणेश उत्सव में शुभ मुहूर्त के बाद पितृ पक्ष के साथ प्रॉपर्टी का बाजार नीचे आ गया है। अब पितृ पक्ष खत्म होने के बाद नवरात्रि के शुभ मुहूर्त में जमकर प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त होगी। इसके साथ ही खरीदार दिवाली तक चलने वाले मुहूर्त में भी अधिक से अधिक प्रॉपर्टी खरीदेंगे। इसके लिए पंजीयन विभाग ने तैयारियां शुरु कर दी हैं, तो वहीं बिल्डर भी प्रॉपर्टी की खरीद पर आफर दे रहे हैं।

उन्होंने पांच हजार से अधिक मकान रेडी टू पजेशन तैयार कर लिए है। अनुमान लगाया जा रहा है कि इस बार नवरात्रि पर रजिस्ट्री का आंकड़ा चार हजार तक पहुंच सकता है। प्रॉपर्टी के बाजार में गणेश उत्सव से आए उठाव को देखते हुए बिल्डरों को दीपावली तक अच्छे कारोबार की उम्मीद है।

नवरात्रि से दिवाली तक सौ करोड़ का राजस्व

पिछले साल नवरात्र में जहां तीन हजार से अधिक रजिस्ट्रियां हुईं थीं, वहीं दिवाली तक छह हजार रजिस्ट्रियां हुईं थी। जिससे पंजीयन विभाग को करीब 100 करोड़ रुपए का राजस्व मिला था। जबकि धनतेरस पर 500 से अधिक रजिस्ट्रियां हुईं थी और पांच करोड़ रुपए का राजस्व मिला था। इस बार भी दीवाली तक इससे अधिक कारोबार की उम्मीद विभाग को है।

संपदा टू में अधिक रजिस्ट्री...

जिले में प्रॉपर्टी के कारोबार में उठाव देखने को मिल रहा है, जिससे रजिस्ट्री बढ़ने के साथ ही राजस्व भी मिल रहा है। संपदा सॉफ्टवेयर टू का लाभ लोगों को मिल रहा है, जिससे कम समय में अधिक रजिस्ट्रियां मिल हो रही हैं।

स्वप्नेश शर्मा, वरिष्ठ जिला पंजीयक

संत नगर के व्यवसायी, समाजसेवी, संस्थाओं के प्रमुखों ने विधायक शर्मा से की मुलाकात

कॉलेज की जमीन मुक्त करवाई जाएगी समस्याओं को होगा समाधान: रामेश्वर



हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

उपनगर के प्रमुख व्यवसायी, समाजसेवी, संस्थाओं के प्रमुख संतनगर के जागरूक नागरिकों के साथ हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा से मिलने उनके कार्यालय युवा सदन पहुंचे।

प्रतिनिधिमंडल ने विधायक शर्मा से कॉलेज की ज़मीन पर कब्जा और अन्य समस्याओं का समाधान करने का आग्रह किया। मालूम हो कि साधु वासवानी महाविद्यालय की जमीन पर अतिक्रमण करने का भी प्रयास दो दिन पूर्व रात्रि में किया गया, जिसे लेकर नवयुवक सभा में बैठक हुई थी।

निर्णय लिया गया था कि विधायक रामेश्वर शर्मा से मिलकर निदान करवाया जाएगा और समाधान नहीं होता है तो मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट की जाएगी।

वन ट्री हिल्स के पीछे हुए अतिक्रमण को हटाकर मंदिर बनाने पर हुई चर्चा

विधायक शर्मा ने फाटक रोड के दुकानदारों को ब्रिज के नीचे ही बसाने व हाल ही में वन ट्री हिल्स के पीछे हुए अतिक्रमण को हटाकर वहां पर मंदिर बनाने की तैयारी करने की बात भी प्रतिनिधिमंडल से कहीं। इस दौरान लव जिहाद के मामलों पर भी गंभीरता से विचार किया गया।

इस अवसर पर सुशील वासवानी, वासुदेव वाधवानी, कन्हैया ईसरानी, राम बंसल, मधु चांदवानी, राजकुमार वाधवानी, चंदू इसरानी, राहुल राजपूत, नरेंद्र लालवानी, कमल प्रेमचंदानी, दिनेश वाधवानी, कमल वीधानी, हीरो हिंदू, नरेश केवलरामानी, नरेश तोलानी, राकेश शेवानी सेहत कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



दशहरा तक कब्जे से मुक्त होगी कॉलेज की जमीन

बुधवार सुबह शहर के सैकड़ों व्यापारी सामाजिक और व्यापार संगठनों के पदाधिकारी व नागरिकों का प्रतिनिधिमंडल ने विधायक रामेश्वर शर्मा से भेंट की, जिस पर शर्मा ने कॉलेज की जमीन को दशहरा पर्व तक मुक्त करने की बात कहीं। शर्मा ने यहां की समस्याओं का निदान करने के आश्वासन दिया।

एनजीटी: बड़े तालाब के पास हो रहा संचालित

कॉमर्शियल व्हीकल स्टॉकयार्ड के मामले में संयुक्त समिति बनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की बेंच में बड़े तालाब (भोज वेटलैंड एवं रामसर साइट) के पास संचालित कॉमर्शियल व्हीकल स्टॉकयार्ड के मामले में सुनवाई हुई। आवेदक महेश कुमार की ओर से अधिवक्ता हर्षवर्धन तिवारी ने बेंच से सामने पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान आवेदन में आरोप लगाया गया है कि भोज वेटलैंड के पास बड़े क्षेत्र में बड़ी संख्या में वाहनों को व्यवस्थित रूप से खड़ा एवं स्टोर किया जा रहा है। इसके लिए भूमि की क्लीयरिंग एवं कॉम्पेक्शन की गई है। प्राकृतिक ड्रेनेज, सर्फेस वाटर फ्लो तथा वेटलैंड की हाइड्रोलॉजी और इकोलॉजी पर संभावित प्रभाव का मुद्दा अधिकरण के समक्ष रखा गया।

इन एजेंसियों को जांच की जिम्मेदारी

आवेदन में विशेष रूप से यह बताया गया कि उक्त व्हीकल स्टॉकयार्ड के तत्काल समीप तथा भोज वेटलैंड के बफरजोन के अंदर संचालित है। इसके लिए बड़ी संख्या में भूमि के उपयोग किया जा रहा है। आवेदन में स्टॉकयार्ड के संचालन एवं उसके पर्यावरणीय प्रभाव की जांच की मांग की गई। मामले में सुनवाई करते हुए बेंच ने संबंधित को नोटिस जारी करते हुए 6 सप्ताह में अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए हैं। बेंच ने इसके लिए संयुक्त जांच कमेटी गठित करने को कहा है जिसमें सीपीसीबी, भोज वैटलेंड अथॉरिटी, मप्र प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड, टीएंडसीपी के प्रतिनिधि शामिल है।

खबर संक्षेप

दंपती में विवाद, पति ने पत्नी को चाकू से गोदा

भोपाल। हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित ई-6 अरेरा कॉलोनी में आपसी अनबन के चलते पति ने पत्नी पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पत्नी के शरीर पर चाकू के करीब आधा दर्जन घाव लगे हैं। महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ हत्या का प्रयास की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ई-6, अरेरा कॉलोनी निवासी सुनील अहिरवार प्राइवेट काम करता है। रविवार शाम करीब साढ़े 4 बजे उसका पत्नी रचना अहिरवार (30) से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर मारपीट की नौबत आ गई। इस बीच सुनील अहिरवार ने घर में रखे चाकू से पत्नी पर हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। रचना अहिरवार के शरीर पर चाकू के करीब आधा दर्जन घाव आए हैं। बताया जा रहा है कि आरोपी सुनील शराब पीने का आदी है। शराब पीने की लत से ही पति पत्नी के बीच विवाद होता रहता है।

हेलमेट के लिए पुलिस करेगी जागरूक

भोपाल। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु को रोकने के उद्देश्य से मप्र पुलिस की ओर से प्रदेशभर में हेलमेट एवं सीटबेल्ट के अनिवार्य उपयोग को लेकर 10 दिवसीय विशेष प्रवर्तन एवं जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान 28 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चलेगा। अभियान का उद्देश्य केवल चालानी कार्रवाई तक सीमित न रखते हुए नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। अभियान के दौरान हेलमेट एवं सीटबेल्ट के शत-प्रतिशत उपयोग को प्रोत्साहित करने के साथ नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं अन्य उपलब्ध संचार माध्यमों के जरिए सड़क सुरक्षा संबंधी संदेशों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

शुभांक

कल्याणः	1235		
दिनः	477	88	369
रातः	670	32	200
ताराः			
दिनः	338	40	569
रातः	349	63	599

आरोपी ने बैंक खाते में अपना नंबर लिंक करने का भी प्रयास किया

5 हजार के लालच में खुलवाया खाता पासबुक-एटीएम व सिम ले गया ठग

- बाग सेवनिया थाना क्षेत्र में रहने वाले मजदूर को बनाया शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बाग सेवनिया थाना क्षेत्र में रहने वाले मजदूर को 5 हजार रुपए का लालच देकर बैंक खाता खुलवाने और उसकी पासबुक, एटीएम कार्ड व मोबाइल सिम ले जाने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार पिपलिया पेंदे खां क्षेत्र में रहने वाले 42 साल कोमल अहिरवार ने शिकायत में बताया कि 10 सितंबर को इमला मंदिर, पिपलिया पेंदे खां के पास उसकी पहचान आकाश चौबे से हुई थी। आकाश ने उससे कहा कि बैंक खाता खुलवा लो, इसके बदले पांच हजार रुपए मिलेंगे। कुछ दिनों में बैंक खाते में रकम आएगी, जिसे हम निकाल लेंगे। इसके बाद खाता वापस कर दिया जाएगा।

विश्वास में आकर एटीएम के बाद दे दी सिम

कोमल अहिरवार ने बताया कि वह आर्थिक परेशानी से गुजर रहा था, इसलिए आकाश की बातों में आ गया। इसके बाद वह आकाश और मोहित नाम के एक युवक के साथ एम्स अस्पताल के सामने स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा पहुंचा। वहां आधार कार्ड और पैन कार्ड की प्रतियां देकर उसके नाम से बैंक खाता खुलवाया गया। बैंक से मिली पासबुक आकाश अपने साथ ले गया। एटीएम कार्ड के लिए भी आवेदन कराया गया। कोमल के अनुसार आकाश बैंक में अपने मोबाइल नंबर को खाते से लिंक कराने का प्रयास कर रहा था, लेकिन उसने बैंक कर्मचारियों से अपना मोबाइल नंबर दर्ज कराने को कहा। बाद में आकाश ने कहा कि एटीएम आने पर उसे जानकारी दे देना, इसके बाद वह उसे पांच हजार रुपए दिलवा देगा। कोमल अहिरवार ने बताया कि 27 सितंबर को आकाश ने फोन कर एटीएम कार्ड आने की जानकारी ली। इसके बाद वह उसके घर आया और एटीएम कार्ड अपने साथ ले गया। आकाश ने कुछ दिनों के लिए मोबाइल सिम भी मांगी। भरोसा करके कोमल ने जियो कंपनी की अपनी सिम भी उसे दे दी। दो दिन बाद 29 सितंबर को आकाश सिम वापस करने उसके घर आया। जब कोमल ने पांच हजार रुपए मांगे तो उसने देने से इनकार कर दिया और केवल 500 रुपए दिए। इसके बाद कोमल ने अपनी पासबुक और एटीएम कार्ड वापस मांगे, लेकिन आकाश बहाना बनाकर वहां से चला गया। घटना की जानकारी पत्नी राजबाई को देने के बाद कोमल ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।



घर में सट्टा बुक कर रही थी महिला, 6 गिरफ्तार

शाहजहांनाबाद पुलिस ने सट्टे के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक महिला समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लगभग 30 हजार रुपए नगद और सट्टे के अंक लिखी 56 पर्चियां जब्त की हैं। पुलिस के अनुसार ईदगाह हिल्स स्थित वाजपेयी नगर की आई-01 मल्टी में रहने वाली माया सिंह (38) घर पर सट्टे के अंक लिख रही है। पुलिस टीम सर्च वारंट के साथ मौके पर पहुंची व मौके से माया सिंह को सट्टे के अंक लिखते हुए पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके घर की मेज की दराज से 50 सट्टा पर्चियां और 29 हजार रुपए बरामद हुए। सट्टा खेल रहे कमल सिंह (48), संदीप बर्मन (32), परमानंद राठौर (50), जगदीश चावरिया (60), हरीश जनयानी (35) और फरकचंद (59) के पास से कुल 56 अंक लिखी पर्चियां और 30,210 रुपए जब्त किए हैं।

आरोपियों की निशानदेही पर घटनास्थल से तार एवं अन्य सामग्री बरामद

करंट लगाकर बाघिन की मौत के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, एक की तलाश जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

रातापानी टाइगर रिजर्व औबेदुल्लागंज अंतर्गत 28 सितंबर को मृत पाई गई बाघिन के मामले में वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक अन्य फरार आरोपी की तलाश जारी है। डीएफओ हेमंत रैकवार एवं रातापानी टाइगर रिजर्व के अधीक्षक राजकुमार शिवहरे ने बताया कि जांच के दौरान जसवंत बारेला एवं भूरा बारेला, निवासी दाहोद को गिरफ्तार किया गया।

तार की चपेट में आने से बाघिन की हुई थी मौत

घटनास्थल पर आरोपियों ने बाइंडिंग वायर लगाकर उसमें कराया था करंट प्रवाहित

पूछताछ में आरोपियों द्वारा 26 सितंबर को घटनास्थल पर बाइंडिंग वायर लगाकर उसमें करंट प्रवाहित करने की बात सामने आई, जिसकी चपेट में आने से बाघिन की मृत्यु हो गई। आरोपियों की निशानदेही पर घटनास्थल से तार एवं अन्य सामग्री बरामद की गई। मृत मादा बाघ का 29 सितंबर 2026 को नियमानुसार शव परीक्षण कराया गया। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायालय रायसेन में पेश किया गया है। वहीं, प्रकरण में शामिल एक अन्य फरार आरोपी की तलाश वन विभाग द्वारा की जा रही है। बता दें कि रातापानी टाइगर रिजर्व की दाहोद रेंज में पठारकासिया और नूरगंज सर्कल के बीच कंपार्टमेंट नंबर 888 के पास एक खेत में करीब छह साल की बाघिन का शव मिला था।

ट्विशा शर्मा डेथ केसः सीबीआई जांच में खारिज हुए दहेज प्रताड़ना के आरोप, हाईकोर्ट ने सास गिरिबाला सिंह की याचिका में मांगा बदलाव

जबलपुर। ट्विशा शर्मा डेथ केस की मुख्य आरोपी व मृतका की सास गिरीबाला सिंह की नियमित जमानत अर्जी पर बुधवार को मप्र हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले की जांच कर रही सीबीआई की रिपोर्ट के अनुसार, जांच एजेंसी को मृतका के मायके पक्ष द्वारा लगाए गए दहेज उत्पीड़न के आरोपों की पुष्टि के लिए कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिले हैं। जांच एजेंसी के इसी निष्कर्ष को आधार बनाते हुए जस्टिस अजय कुमार निरंकारी की सिंगल बेंच ने बचाव पक्ष को जमानत याचिका में आवश्यक संशोधन करने के निर्देश जारी किए हैं।

सेवा संकल्प अभियान के तहत किया आयोजन

स्कूली छात्राओं ने नाटक के जरिए बताईं पीएम मोदी की जनकल्याणकारी योजनाएं

- योजनाओं से गांव-गांव में बदलाव आ रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नजीराबाद

प्रदेश में चल रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने विद्यालय के प्राचार्य गजराज सिंह गुर्जर के नेतृत्व में नुक्कड़ नाटक का मंचन किया।

नजीराबाद पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में सेवा, स्वच्छता और संस्कार की त्रिवेणी बहती नजर आई। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दीपक गुर्जर रहे। अध्यक्षता जनपद सदस्य कैलाश अहिरवार ने की। अतिथियों का स्वागत शिक्षिका जयश्री दुबे ने किया और मंच संचालन वरिष्ठ व्याख्याता नरेन्द्र दुबे ने संभाला।



छात्र ही अभियान के असली ब्रांड एंबेसडर: दीपक

कार्यक्रम में छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई स्वच्छ भारत मिशन, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला योजना और आयुष्मान भारत जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं का मंचन कर ग्रामीणों को जागरूक किया। दीपक गुर्जर ने कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और छात्र ही इस अभियान के असली ब्रांड एंबेसडर हैं। जनपद सदस्य कैलाश अहिरवार ने बच्चों से अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भाजपा मीडिया प्रभारी संतोष शर्मा, विद्यालय स्टाफ छगनलाल मेहर, सुमायला अली, मीना सक्सेना, अन्जु विश्वकर्मा, रोशनी गुप्ता, विनीता, पदमा, गायत्री, कमल सिंह, श्याम, मनोज, रवि, नारायण, कान्हा, बिजेन्द्र, मोहन, भजन, बापूलाल, पवना, मांगीलाल एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

30 बोर की रायफल, वाहन व अन्य सामान बरामद

सवोदरा गांव में गोवंश हत्या मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नजीराबाद

नजीराबाद पुलिस ने ग्राम सवोदरा में हुई गोवंश हत्या की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में इशराद खान पिता स्व. अब्दुल हफीज उम्र 46 वर्ष निवासी गौतम नगर भोपाल और मजहर उर्फ मज्जू पिता सलीम खान उम्र 36 वर्ष निवासी किल्ला जगदीशपुर भोपाल शामिल हैं।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 30 बोर की रायफल चाकू तथा सफेद रंग की ब्रेजा और स्कॉर्पियो कार बरामद की हैं। मामले में दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। थाना प्रभारी शाहवाज खान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया और मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर आरोपियों तक पहुंच बनाई। एसपी देहात पंकज कुमार पाण्डेय, एएसपी प्रमोद कुमार सोनकर और एसडीओपी बैरसिया वैशाली सिंह कराहलिया के मार्गदर्शन में नजीराबाद पुलिस ने यह कार्रवाई की।



गंदगी व दुर्गंध से नगरवासियों में नाराजगी

नवरात्रि नजदीक, पीपल चौक पर अब भी लगे रहे कचरे ढेर





हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर परिषद के वार्ड 12 अर्जुन नगर स्थित पीपल चौक पर नवरात्रि से पहले सफाई व्यवस्था की पोल खुलती नजर आ रही है। माता रानी की स्थापना की तैयारियों के बीच चौक के पास कचरे का बड़ा ढेर लगा हुआ है। कचरे से उठ रही बदबू और गंदगी के कारण स्थानीय लोगों में नाराजगी है।

बुधवार को भोजपुर नारी शक्ति प्रभात फेरी मंडल की महिलाएं, एल्डरमैन एवं पूर्व पार्षद आरती यादव सहित अन्य महिलाएं भजन के लिए पीपल चौक पहुंचीं। वहां कचरे का ढेर देखकर महिलाओं ने नाराजगी जताई और मौके का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया। महिलाओं ने नगर परिषद से मांग की कि नवरात्रि शुरू होने से पहले पीपल चौक की तत्काल सफाई कराई जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते सफाई नहीं हुई तो महिलाएं आंदोलन करने को मजबूर होंगी।

मंगल बाजार से भोज होटल तक 1.5 करोड़ की लागत से निर्माण

चार साल बीते, लेकिन नगर को नहीं मिल पाई स्मार्ट पार्किंग की सौगात, 6 माह में बनने वाली स्मार्ट पार्किंग अब भी अधूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

औद्योगिक शहर में बढ़ते वाहनों की पार्किंग के लिए मंगल बाजार से भोज होटल तक करीब 1.5 करोड़ की लागत से बन रही स्मार्ट पार्किंग चार साल बाद भी अधूरी है।

नगर की एकमात्र पार्किंग का भूमिपूजन अक्टूबर 2022 में किया गया था, जिसकी बनने की अवधि करीब 6 माह थी, परन्तु अधूरी पार्किंग के कारण लोगों को वाहन पार्क करने में दिक्कत होती है।

लाइट, पार्क एवं पेवर ब्लॉक का काम अभी भी बाकी

आए दिन लोगों के वाहन चोरी हो रहे

मंडीदीप के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र बैंक स्ट्रीट में लोगों और ग्राहकों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे आए दिन लोगों के वाहन चोरी हो रहे हैं। यही नहीं, वाहनों के पार्किंग के लिए नपा के पास कोई वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं है। वही स्मार्ट पार्किंग में अभी करीब 10 प्रतिशत कार्य बाकी है, जिसमें मुख्य रूप से लाइट, पार्क एवं पेवर ब्लॉक का काम बाकी है।



खुला अहाता बन कर रह गई स्मार्ट पार्किंग

अधूरे निर्माण के कारण यह पार्किंग अब खुला अहाता बन कर रह गई है। यहां लोग शराब पीकर खाली बोतल, डिस्पोजल और पानी के पाउच फेंक देते हैं, जिससे वाहन पार्क करने वालों के वाहन पंचर हो रहे है।

करीब 10 हजार से अधिक लोगों को होगा फायदा

नपा की बनाई जा रही स्मार्ट पार्किंग से नगर के करीब दस हजार लोगों को फायदा होगा, जो इसका लाभ ले सकेंगे।

नवरात्रि तक स्मार्ट पार्किंग का लाभ मिल सकेगा...

नगर की जनता को नवरात्रि तक स्मार्ट पार्किंग का लाभ मिल सकेगा। फिनिशिंग वर्क कम्प्लीट होने के बाद इसे जनता को सौंप दिया जाएगा।

सुधीर उपाध्याय
सीएमओ, नपा मंडीदीप

वार्ड नंबर 4 की सरकारी जमीन से हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

वार्ड नंबर 4 के शासकीय जमीन पर किए गए अतिक्रमण को पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में हटा दिया गया।

हालांकि जब मामले की शिकायत नगर परिषद उपाध्यक्ष सहित पार्षदों ने कलेक्टर रायसेन अरूण विश्वकर्मा व सीएमओ किरण राहंगडाले औबेदुल्लागंज से की, तब अधिकारियों ने सरकारी जमीन का कब्जा हटाने जेसीबी पहुंचाई। इधर, यूथ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक परमार ने एसडीएम, एसडीओपी व सीएमओ को सरकारी जमीन की रजिस्ट्री कराए जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन कहा गया है कि शासकीय अधिकारी एवं जन प्रतिनिधियों की मिलीभगत से नगर की करोड़ों की जमीन गलत तरीके से बेच दी गई। परमार ने कहा कि केवल टैक्स रसीद के आधार पर जमीन बेचने वालों पर अपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए। वहीं यूथ जिला अध्यक्ष परेश नागर ने कहा कि सरकारी जमीन बेचने का मामला विधाससभा में उठवाएंगे, ताकि दोषियों पर कार्रवाई हो सके। किरण राहंगडाले, सीएमओ नप औबेदुल्लागंज ने बताया कि शिकायत पर कार्रवाई करते हुए बुधवार को स्थल से अतिक्रमण हटाया गया है। रजिस्ट्रार कार्यालय से अवैध रजिस्ट्री से संबंधित निकाय के दस्तावेज मांगे गए हैं। कार्यालय में प्रकरण का परीक्षण जारी है, जिसकी भी भूमिका होगी उस पर कार्रवाई की जाएगी।



संबंधित संपत्ति की आईडी भी फ्रीज कर दी गई है। मुकदमा कायम करने के लिए पुलिस को भी पत्र लिख दिया है। टीआई भारत प्रताप सिंह ने फोन पर बताया कि औबेदुल्लागंज थाने में वार्ड नंबर 4 के शासकीय जमीन पर अतिक्रमण एवं रजिस्ट्री की एफआईआर दर्ज करने के लिए नगर परिषद से पत्र आया है। तहसीलदार निलेश सरवटे ने फोन पर बताया कि शासकीय जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिए मैं स्वयं गया था।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह करेंगे संयंत्र का शुभारंभ

16.80 करोड़ रुपए की लागत से तैयार फर्मेंटेड प्रोडक्ट डेयरी प्लांट का होगा भव्य शुभारंभ, दुग्ध उत्पादों के उत्पादन को मिलेगी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज. भोपाल

भोपाल सहकारी दुग्ध संघ परिसर में तैयार किए गए फर्मेंटेड प्रोडक्ट डेयरी प्लांट का शुभारंभ 3 अक्टूबर को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह करेंगे। प्रदेश में इसे दुग्ध प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धित दुग्ध उत्पादों के उत्पादन को नई गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। इस प्लांट को केंद्र सरकार के 6 करोड़ रुपए के अनुदान तथा भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के 10.80 करोड़ रुपए के अंशदान से तैयार किया गया है। इस परियोजना की कुल लागत 16.80 करोड़ रुपए है। संयंत्र की दूध प्रसंस्करण क्षमता 40 हजार लीटर प्रतिदिन है।

प्रतिदिन तैयार होंगे विभिन्न मूल्यवर्धित दुग्ध

फर्मेंटेड प्रोडक्ट डेयरी में आधुनिक मशीनरी एवं तकनीक के माध्यम से विभिन्न मूल्यवर्धित दुग्ध उत्पाद तैयार किए जाएंगे।



परियोजना के अनुसार यहां प्रतिदिन 10 हजार लीटर दूध, 10 हजार लीटर दही और 30 हजार लीटर छाछ के उत्पादन की क्षमता होगी। इसके अलावा प्रतिदिन 1 हजार लीटर लस्सी, 800 किलोग्राम श्रीखंड और 1 हजार किलोग्राम मावा तैयार किया जा सकेगा। इस संयंत्र के माध्यम से दूध से बनने वाले विभिन्न उत्पादों के उत्पादन को आधुनिक एवं व्यवस्थित प्रसंस्करण व्यवस्था से जोड़ा जाएगा। इससे सांची के मूल्यवर्धित दुग्ध उत्पादों की उत्पादन क्षमता और विविधता को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

आधुनिक दुग्ध प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल

भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित के एमडी जयदेव बिस्वास ने बताया कि फर्मेंटेड प्रोडक्ट डेयरी प्लांट भोपाल दुग्ध संघ के लिए आधुनिक दुग्ध प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस संयंत्र के माध्यम से दही, छाछ, लस्सी, श्रीखंड और मावा सहित विभिन्न मूल्यवर्धित उत्पादों के उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। भारत सरकार के सहयोग और भोपाल दुग्ध संघ के योगदान से तैयार यह परियोजना सहकारी डेयरी व्यवस्था को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

'सहकार से समृद्धि' की दिशा में खास पहल

दुग्ध प्रसंस्करण क्षमता में वृद्धि और मूल्यवर्धित उत्पादों का विस्तार सहकारी डेयरी व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। आधुनिक तकनीक आधारित यह संयंत्र दुग्ध सहकारिता के क्षेत्र में प्रसंस्करण, मूल्यवर्धन और उत्पाद विविधीकरण को बढ़ावा देने में सहायक होगा। भोपाल सहकारी दुग्ध संघ में तैयार फर्मेंटेड प्रोडक्ट डेयरी प्लांट का शुभारंभ आधुनिक दुग्ध प्रसंस्करण और मूल्यवर्धित उत्पादों के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगा।

अतिरिक्त आधारभूत संरचना कराएगा उपलब्ध

भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के मौजूदा दुग्ध प्रसंस्करण ढांचे के साथ यह नया संयंत्र मूल्यवर्धित उत्पादों के उत्पादन के लिए अतिरिक्त आधारभूत संरचना उपलब्ध कराएगा। इससे दुग्ध उत्पादों के विविधीकरण और आधुनिक प्रसंस्करण को बढ़ावा मिलेगा। फर्मेंटेड प्रोडक्ट डेयरी के माध्यम से दूध से विभिन्न उत्पाद तैयार करने की क्षमता में वृद्धि होगी और बाजार की मांग के अनुरूप उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी।

केंद्रीय गृहमंत्री के दौरे को लेकर 'नो फ्लाइंग जोन' घोषित

भोपाल। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री (जेड प्लस सुरक्षा) अमित शाह के 2 और 3 अक्टूबर को भोपाल दौरा कार्यक्रम को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। अतिविशिष्ट सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए राजधानी के प्रमुख कार्यक्रम स्थलों के आसपास के 5 किलोमीटर के दायरे को तत्काल प्रभाव से 'रेड जोन' और 'नो फ्लाइंग जोन' घोषित कर दिया गया है। वीआईपी मूवमेंट के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाए रखने के लिए यह सख्त कदम उठाया गया है। पुलिस व प्रशासन की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के तहत भोपाल के प्रमुख स्थानों से 5 किमी की परिधि में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। केंद्रीय मंत्री शाह ताज लेक फ्रंट होटल में रूकेंगे। यहां से वे भेल दशहरा मैदान में आयोजित मुख्य कार्यक्रम स्थल तथा आईसर भौरी जाएंगे। गृह मंत्री की सुरक्षा को देखते हुए चाक चौबंद इंतजाम किए जा रहे हैं। सुरक्षा के लिए भोपाल पुलिस के साथ ही विशेष सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती भी की जा रही है।

ड्रोन और पैराग्लाइडर उड़ाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध

घोषित किए गए रेड जोन और नो फ्लाइंग जोन के भीतर किसी भी प्रकार के ड्रोन, पैराग्लाइडर, हॉट एयर बैलून या अन्य किसी भी तरह के फ्लाइंग ऑब्जेक्ट (उड़ने वाली वस्तुओं) को उड़ाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सोयाबीन उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 3 से 17 अक्टूबर तक

भोपाल। भारत सरकार की प्राइस डिफिसिट पेमेंट स्कीम (भावांतर योजना) के तहत खरीफ वर्ष 2026 (विपणन वर्ष 2026-27) में सोयाबीन फसल के लिए प्रदेश के किसानों का ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन 3 से 17 अक्टूबर तक किया जाएगा। किसान सोयाबीन के पंजीयन के लिए ई-उपार्जन पोर्टल www.mpeuparjan.nic.in पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पंजीयन करा सकेंगे। इसके लिए जिले में निर्धारित पंजीयन केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर और सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं की ओर से संचालित पंजीयन केन्द्र पर की गई है। पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एमपी ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों की ओर से संचालित साइबर कैफे पर की गई है। किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज एवं किसान के आधार कार्ड एवं अन्य फोटो पहचान पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकॉर्ड रखा जाना अनिवार्य होगा। इनके लिए पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं विपणन सहकारी संस्था मैं सिकमी/बटाईदार/कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन सहकारी संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में कोर कमेटी की बैठक, कम मतों से जीती सीटों पर चर्चा

संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के लिए विशेष रणनीति तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार को कोर कमेटी की बैठक हुई। बैठक में आगामी रणनीति को लेकर चर्चा के साथ ही महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, केन्द्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान, पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री, प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब, प्रदेश सह प्रभारी रेखा वर्मा, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल सिंह आर्य, प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर सहित अन्य नेता और मंत्री मौजूद रहे। बैठक में पिछली विधानसभा में हारी हुई 66 विधानसभा सीटों को लेकर भी चर्चा हुई। इन सीटों पर संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के लिए अलग रणनीति तैयार करने के साथ ही हार-जीत के अंतर पर भी मंथन हुआ। इसके अलावा 5 हजार या उसे कम मतों के अंतर से जीती हुई सीटी को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक में इन सीटों पर संगठन की स्थिति का आंकलन कर जमीनी स्तर पर काम बढ़ाने की बात कही गई। इन क्षेत्रों में पार्टी के कमजोर बूथ, मंडल और विधानसभा स्तर के संगठन की समीक्षा कर आगामी रणनीति तैयार करने, सरकार और संगठन के बीच समन्वय के साथ काम करने तथा सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने की रणनीति पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा आगामी नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर संगठन की तैयारियों और जमीनी स्तर पर गतिविधियां बढ़ाने पर भी मंथन किया गया।



सीएम व प्रदेशाध्यक्ष संग नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी और सह प्रभारी बैठक में जाते हुए।

बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष ने की मीडिया से चर्चा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने प्रदेश कोर ग्रुप की बैठक के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि कोर ग्रुप की बैठक में संगठन की मजबूती और जनसेवा के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ भाजपा सरकार के कार्यों को जनता तक पहुंचाने सहित अन्य सभी विषयों पर मंथन हुआ है। खण्डेलवाल ने कहा कि आज से ही पार्टी के प्रदेश प्रभारी, प्रदेश सह प्रभारी एवं प्रदेश संगठन महामंत्री ने आज संगठनात्मक गतिविधि और गति देने का कार्य प्रारंभ किया है। कोर ग्रुप की बैठक में संगठन और सरकार से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। मैंने प्रदेश संगठन के आगामी कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे जनकल्याण एवं विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों, पार्टी के समक्ष आने वाली चुनौतियों तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के विषय पर भी विस्तृत चर्चा हुई। कोर ग्रुप के सदस्यों ने अपने विचार एवं महत्वपूर्ण सुझाव दिए। आने वाले समय में किन विषयों को लेकर पार्टी को जनता के बीच जाना है और संगठन की गतिविधियों को किस प्रकार और अधिक प्रभावी बनाना है, इस पर भी विचार-विमर्श किया गया।

सेवा कार्यों को जन जन तक पहुंचाने पर बैठक में मंथन

संगठन के जरिए जनसेवा के कार्यों को और व्यापक बनाना है

खण्डेलवाल ने कहा कि भाजपा का मूल उद्देश्य संगठन की शक्ति के माध्यम से जनसेवा को और व्यापक बनाना है। सरकार और संगठन मिलकर जनता की सेवा के कार्यों को और आगे बढ़ाएं तथा संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने के लिए क्या बेहतर किया जा सकता है, इस पर बैठक में गंभीरता से मंथन हुआ। उन्होंने कहा कि आज जिन विषयों और सुझावों पर चर्चा की गई है, उन विषयों की प्रगति की समीक्षा आगामी महीनों में होने वाली कोर ग्रुप की बैठक में की जाएगी।

किनारे खड़े विजयवर्गीय पास बुलाया

शाम को बिप्लब कुमार भाजपा कार्यालय पहुंचे। मप्र भाजपा के बड़े नेता भी प्रदेश कार्यालय पहुंचे। यहां बैठक शुरू हुई।



इसके पहले प्रदेश कार्यालय में दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद पटेल एक किनारे खड़े थे। इसी दौरान बिप्लब देव ने इशारे से कैलाश विजयवर्गीय को अपने पास बुलाया। विजयवर्गीय उनके पास पहुंचे और दोनों के बीच कुछ देर बातचीत हुई। इसके बाद देव पार्टी नेताओं के साथ बैठक में शामिल हुए।

उज्जैन पहुंची सेवा संकल्प यात्रा युवा संवाद में सीएम वर्चुअली जुड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा कार्यों को आगे बढ़ाएं। उनकी ओर से किए जा रहे जन-कल्याण के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत वाराणसी से वड़नगर तक चल रही सेवा यात्रा के उज्जैन पहुंचने पर विक्रम विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम को भोपाल से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यात्रा के लिए सेवा यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत संचालित कार्यक्रमों से नागरिकों को जोड़े। अलग-अलग राज्यों से जुड़े सेवा यात्री खान पान,संस्कृति का आपस में आदान प्रदान करे एवं सदभावना के साथ यात्रा को आगे बढ़ाएं। सेवा यात्रियों ने ग्राम कनासिया से उज्जैन जिले में प्रवेश किया। यात्रियों ने पौध-रोपण किया। उन्होंने विक्रम यूनिवर्सिटी के तालाब की साफ-सफाई भी की।

सीएम ने कलेक्टर-एसपी को दिए निर्देश

युवाओं को नशे से बचाने हॉट स्पॉट पर लगातार रखें निगरानी

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि युवाओं को हर हाल में नशे से बचाएं। विशेष रूप से शहरों में जो हॉट स्पॉट हैं वहां निगरानी रखी जाए। जिला स्तर पर प्रत्येक माह बैठक होना चाहिए जिसमें नशा मुक्त भारत पर विचार के साथ क्रियान्वयन की दिशा में भी आगे बढ़ा जाए। डॉ यादव बुधवार को मंत्रालय में नशा मुक्त भारत के संबंध में वीडियो कांफ्रेंस द्वारा कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान की नियमित समीक्षा की जा रही है। प्रदेश में निरंतर समीक्षा के साथ दोषियों के विरूद्ध सख्त कदम भी उठाए जा रहे हैं। डॉ यादव ने कहा कि पुलिस और आबकारी विभाग आवश्यकता के अनुसार संयुक्त कार्रवाई में पीछे न हटें। बैठक में प्रजेंटेशन में बताया गया कि नशीली दवा, मादक पदार्थों में उत्पादन, व्यापार, सेवन और तस्करी पर रोक लगाने के लिए एडीपीएस एक्ट लागू है। इस कड़े कानून के तहत इस वर्ष प्रदेश में 2706 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं।

पुलिस डायरी

थाने से हटने के बाद भी नहीं हटा कांस्टेबल का मोह

राजधानी के एक स्पा में गत दिनों हुई कार्रवाई में एक हेड कांस्टेबल की भूमिका संदिग्ध नजर आई है। हेड कांस्टेबल को पूर्व में थाने से हटा दिया गया था। बावजूद इसके हेड कांस्टेबल का मोह थाने से हटने का नाम नहीं ले रहा है। बताया जाता है कि हेड कांस्टेबल थाने की सभी जानकारी इलाके स्पा संचालकों को दे रहा था। उसने रेड होने वाली बात भी स्पा के संचालक को दी थी। उसने मैसेज किया था कि बिना आधार कार्ड के किसी ग्राहक को स्पा में एंट्री नहीं देना और स्पा में केवल संचालक को ही रखना किसी कर्मचारी को आने नहीं देने। पुलिस बढ़ी कार्रवाई कर सकती है। एक स्पा के संचालक को मैसेज मिलने ही पूरा स्पा संचालकों के बीच यह मैसेज फारवर्ड हो चुका था। अब इस बात की भनक थाना प्रभारी को लग चुकी है। देखना यह है कि थाना प्रभारी कमिश्नर तक यह बात कैसे पहुंचाते हैं, क्योंकि थाने के बाहर पदस्थ हेड कांस्टेबल थाने की कई सूचना फिर लीक कर सकता है।

अंगूठा कटाकर शहीदों में नाम लिखाने का प्रयास

इन दिनों एक थाने के थाना प्रभारी अंगूठा कटाकर शहीदों में नाम लिखाने की तैयारी में हैं। दरअसल, थाना प्रभारी आए दिन कोई न कोई खुलासा कर देते हैं। खुलासा भी किसी संगीन अपराध का हो तो लगता है कि थाना प्रभारी ने कुछ बड़ा काम किया है, लेकिन छुटपुट अपराधों में खुलासा कर अखबारों में छाए रहने और अधिकारियों के सामने नंबर बढ़ाने वाले थाना प्रभारी की दूसरे थाने के प्रभारी जमकर किरकरी कर रहे हैं। यह थाना प्रभारी अपने थाने में दर्ज अपराध और निकाल को लेकर खुद ही पीठ थपथपाते हुए नजर आते हैं, लेकिन अपने इलाके में हुए अपराधों का छिपाने में भी इनका कोई जवाब नहीं है। उन्होंने हद तो उस समय कर दी, जब एक अपराध में जानकारी मांगी गई। वह निवेदन करने लगे कि अभी रहने दीजिए नहीं तो आरोपी नौ दो ग्यारह हो जाएगा।

यह क्या बड़ी मुश्किल से मिली थी थाने की लाइन

राजधानी के एक थाना प्रभारी अपने इलाके में हुए गंभीर अपराध के बाद बीमार हो गए। अपराध के बाद तो अपराधी को पकड़ लिया गया क्योंकि अपराध जिस जगह हुआ वहां से ही अपराधियों का बायोडाटा मिल गया था, लेकिन हद तो उस समय हो गई, जब पीड़ित के घर दोबारा अपराध हो गया। इलाके में हो रही लगातार चोरी के बाद थाना प्रभारी वैसे ही परेशान थे। इधर पीड़ित परिवार के घर फिर वारदात हो गई। लिहाजा थाना प्रभारी बचते और वारदात को छिपाते रहे, लेकिन थाना प्रभारी को यह नहीं पता था कि कॉलोनी के लोग पहले ही थाने के सामने पुलिस की पोल खोल चुके थे और वह मीडिया के संपर्क में थे। वारदात घटते ही कॉलोनी के लोगों ने स्थानीय पुलिस से संपर्क बाद में किया पहले मीडिया से संपर्क साध लिया। थाना प्रभारी को बड़ी मुश्किल से थाना मिला है। अब लगता है कि उनके इलाके में लगातार हो रही चोरी की वारदात के बाद कमिश्नर साहब उनके खिलाफ एक्शन मोड में आ सकते हैं।

प्रकाश भौमरकर

पुलिस महानिदेशक ने स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सम्मान

पुलिस मुख्यालय परिवार ने 2 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पुलिस मुख्यालय की दो शाखाओं से माह सितंबर में सेवानिवृत्त 2 कर्मचारियों को पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने बुधवार को भावभीनी विदाई दी। पुलिस महानिदेशक ने दोनों सेवानिवृत कर्मचारियों को पौधे एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए और उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके विभिन्न स्वत्व (क्लेम) भुगतान के आदेश भी प्रदान किए गए।

नवीन पुलिस मुख्यालय भवन कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित विदाई समारोह में विशेष पुलिस महानिदेशक अनिल कुमार, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सोलोमन यश कुमार मिंज सहित अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन उपस्थित थे।



पुलिस मुख्यालय से सेवानिवृत्त सूबेदार (एम) कल्याण शाखा पल्लवी काटे तथा कार्यवाहक प्रधान आरक्षक महिला सुरक्षा शाखा रंजना श्रीवास्तव को पुलिस मुख्यालय परिवार ने बुधवार को भावभीनी विदाई दी। सहायक पुलिस महानिरीक्षक अंशुमान अग्रवाल ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कार्यकाल की जानकारी दी। विदाई समारोह में मौजूद अधिकारियों ने सेवानिवृत कर्मचारियों की मेहनत और लगन की सराहना की।

रबी सीजन के लिए करें बिजली की भरपूर मात्रा में व्यवस्था

भोपाल। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बुधवार को प्रदेश में ऊर्जा उत्पादन की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि रबी सीजन के लिए किसानों को बिजली की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करें। अभी से पुख्ता इंतजाम करें, जिससे बिजली मांग की आपूर्ति में कोई अड़चन नहीं आए। बैठक में एमडी मप्र पॉवर जनरेटिंग कंपनी मंजीत सिंह ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में बिजली उत्पादन के लिये कोयले का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। साथ ही कोयले की आपूर्ति भी सतत जारी है। ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि विद्युत उत्पादन संयंत्रों की क्षमता के अनुरूप उत्पादन करना सुनिश्चित करें। वरिष्ठ अधिकारी इसकी सतत समीक्षा भी करें। प्लांट के कोल स्टॉक, प्राप्ति, खपत एवं क्वालिटी की साप्ताहिक रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। एनटीपीसी से संबंधित विद्युत गृहों से अनुबंधित क्षमता के अनुसार विद्युत उपलब्धता के निरीक्षण की जिम्मेदारी भी तय करें। बैठक में विभिन्न प्लांटों के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में किसी भी प्लांट में कम उत्पादन नहीं हुआ है।

खंडेलवाल ने पीएम का जताया आभार

उत्पादन लागत पर एमएसपी के डेढ़ गुना संकल्प को किया पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने विपणन सीजन वर्ष 2027-28 के लिए सभी रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी दिए जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने एक बार फिर किसान हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। रबी फसलों की एमएसपी में की गई वृद्धि किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के साथ उनकी मेहनत का सम्मान भी है।

675 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि विपणन सीजन वर्ष वर्ष 2027-28 में कुसुम की एमएसपी में सर्वाधिक 675 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है। रेपसीड एवं सरसों में 413 रुपए, मसूर में 390 रुपए, जौ में 136 रुपए, चना में 83 रुपए और गेहूं में 25 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है। नई एमएसपी के अनुसार गेहूं 2,610 रुपए, जौ 2,286 रुपए, चना 5,958 रुपए, मसूर 7,390 रुपए, रेपसीड एवं सरसों 6,613 रुपए तथा कुसुम 7,215 रुपए प्रति क्विंटल होगी।

मानदेय बढ़ाने, पेंशन शुरू करने समेत कई मांगें रखीं

वादा खिलाफी के विरोध में सड़कों पर उतरे सरपंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रोशनपुरा चौराहे पर बुधवार को सरपंचों ने प्रदर्शन किया। पंचायतों से जुड़े नियम और मांगों को लेकर राष्ट्रीय सरपंच संघ के बैनर तले सरपंच एक जगह जुटे थे। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार के सामने पंचायतों को अधिक अधिकार देने, सरपंचों का मानदेय बढ़ाने और पेंशन शुरू करने समेत कई मांगें रखीं। संघ के पदाधिकारियों ने टीटी नगर थाने में एक शिकायत भी पेश की, जिसमें पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान द्वारा पंचायतों के अधिकार और दो करोड़ रुपए की राशि देने की बात कही गई है, जबकि ऐसा नहीं है। केंद्रीय मंत्री के बयान की वजह से सरपंचों को पंचायत में जवाब देना मुश्किल हो गया। संघ ने पूर्व सीएम और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर वादा खिलाफी का आरोप भी लगाया। साथ ही वे टीटी नगर थाने भी पहुंच गए। उन्होंने जीरामजी योजना के तहत फेस रीडिंग व्यवस्था पर नाराजगी जताई। संघ का कहना है कि इस व्यवस्था से खासतौर पर महिला मजदूरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों की नई वेतन में बढ़ाए सिर्फ डेढ़ सौ रुपए

भोपाल। श्रम आयुक्त ने प्रदेश के शासकीय विभाग में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों के वेतन में 1 अक्टूबर 2026 से मार्च 2027 तक के लिए नई वेतन वृद्धि के आदेश जारी किए गए है। नई वेतन वृद्धि में मात्र डेढ़ सौ रुपए प्रतिमाह के वृद्धि की गई है। मप्र कर्मचारी मंच ने नई वेतन वृद्धि को ऊंट के मुंह में जीरा के समान कहा। मंच के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखकर दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों के वेतन वृद्धि में पुनः विचार कर एक हजार प्रतिमाह वेतन वृद्धि करने के आदेश करने की मांग की।

जलभवन मुख्यालय पर प्रदर्शन स्थगितः अपर मुख्य सचिव ने मांगों पर जताई सहमति



भोपाल। राज्य शासकीय कर्मचारी अधिकार संरक्षण संघ के आवाहन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के कर्मचारी की मांगों को लेकर गुरूवार एक अक्टूबर को जल भवन मुख्यालय पर प्रस्तावित घेराव प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया है। बुधवार को विभाग के अपर मुख्य सचिव सचिन सिन्हा की अध्यक्षता में प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई मांगों पर चर्चा में हुई सहमति के बाद प्रस्तावित आंदोलन कार्यक्रम स्थगित कर दिया है। संघ के संरक्षक शिल्प प्रताप सिंह पुंडीर, अध्यक्ष प्रणव खरे ने बताया कि संघ की मांगे कार्यभारित सेवा के अस्थाई संवर्गों को पद विभेदीकरण नीति अंतर्गत स्थाई संवर्गों में परिवर्तित करने, 240 दिवस सेवा पूर्ण करने वाले दैनिक वेतन भोगियों के संबंध में शासन से मार्गदर्शन बाद कार्रवाई की जाएगी। वहीं 45 वर्ष पूर्ण कर चुके लिपिक को भी पदोन्नति हेतु विवाह की परीक्षा की छूट प्रदान करने, कार्यभारित सेवा भर्ती नियमों में संशोधन कर पदोन्नति लाभ देने, संविदा नीति वर्ष 2023 के अनुकंपा नियुक्ति देने और चतुर्थ श्रेणी से सहायक ग्रेड 3 के पद पर नियुक्ति में पदोन्नति बाध्यता में सीपीसीटी हटाए जाने के संबंध में सामान प्रशासन विभाग में की गई चर्चा अनुसार समाधान करने का आश्वासन अपर मुख्य सचिव सचिन सिन्हा ने दिया। इस अवसर पर व्यास मुनि चौबे, डॉ देवी सिंह सनोदिया, दिनेश तिवारी, सुग्रीव सिंह, भगवान सिंह ठाकुर सहित संघ पदाधिकारी उपस्थित थे।

पेज एक का शेष...

सशक्त संगठन, सशक्त...

दर्शन के लिए लाल घाटी स्थित प्राचीन गुफा मंदिर पहुंचे। यहां दर्शन करने के बाद बिप्लब कुमार देव ने कहा कि सशक्त संगठन, सशक्त सरकार बनाना यही हमारा लक्ष्य है। उन्होने कहा कि वे और रेखा वर्मा मिलकर मध्य प्रदेश में संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय बनाएंगे। सरकार के कामों को जनता तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत करने के लिए दोनों मिलकर काम करेंगे। उन्होने कहा कि हनुमानजी के दर्शन किए हैं। जिस तरह हनुमानजी ने रामराज्य की स्थापना के लिए काम किया, उसी दिशा में काम करने का प्रयास करेंगे।

बिप्लब देब शाम चार बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे। यहां अन्य नेताओं के साथ मुलाकात के बाद करीब पांच बजे से भाजपा कोर ग्रुप की बैठक शुरू हुई। इस बैठक में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर तिवारी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित अन्य मंत्री और वरिष्ठ नेता पहुंचे। बैठक में आगामी रणनीति को लेकर चर्चा के साथ ही महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए।

आज प्रदेश कार्यालय में बैठक: बिप्लब देव और रेखा वर्मा 1 अक्टूबर को भी भोपाल में रहेंगे। दोनों सुबह 11 बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश पदाधिकारियों, संभाग प्रभारियों और विभिन्न मोर्चों के प्रदेश अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे।

पहले पहुंचे प्राचीन ...

पार्टी के अन्य नेताओं प्यार से जमीन पर बैठकर भोजन किया।

खरगे ने कहा-...

लोकतंत्र का मामला है इसे बचाने के लिए हम किसी भी स्तर तक संघर्ष करने को तैयार है। ये संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा नहीं हो जाता, उन्हे हर हाल में पद छोड़ना ही होगा। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने यहां तक कह दिया कि ज्ञानेश को आजीवन इम्युनिटी क्यों दी जा रही है ये देश जानना चाहता है। विपक्षी गठबंधन की प्रतिक्रियाएं आने के बाद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पलटवार करते हुए कह दिया कांग्रेस के नेता ही राहुल गांधी को नेता मानने के लिए तैयार नहीं हैं आपस में घमासान मचा हुआ है। जहां तक मार्च का सवाल है तो ये मार्च केवल परिवार बचाव मार्च तक सीमित है इससे आगे कुछ नहीं होगा।

इंडिया गठबंधन की बुधवार को हुई बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए। इनमें 6 अक्टूबर को विपक्षी सांसदों की ओर से चुनाव आयोग तक मार्च करना भी शामिल है। खरगे ने कहा कि इंडिया ब्लॉक ने युवाओं, राजनीतिक दलों और लोकतंत्र एवं संविधान में विश्वास रखने वाले लोगों के लिए कार्यक्रम तय किए हैं। 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक 'सेव डेमोक्रेसी मार्च' निकाला जाएगा। यह मार्च सभी जिलों में आयोजित होगा। इसके जरिए लोगों को जागरूक किया जाएगा और जिला अधिकारियों के कार्यालय में ज्ञापन सौंपा जाएगा।

इंडिया गठबंधन की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने हमला किया है। उन्होंने कहा कि जो दोषी हैं, उन्हें सजा मिलनी चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि जब ज्ञानेश कुमार जाएंगे, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जाएंगे। खरगे ने कहा कि 1 नवंबर को दिल्ली में बड़ी मेगा रैली आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लगातार वोट चोरी का मुद्दा उठा रहे हैं और अब लोग भी इस मुद्दे को समझ रहे हैं। ममता बेनर्जी ने भी कई मौकों पर वोट चोरी का मुद्दा उठाया है।

चुनाव आयोग ने ...

जोड़े गए एसआईआर घोषणा पत्र को हटा दिया। आयोग का यह कदम 26 सितंबर को की गई घोषणा के चार दिन बाद आया है।चुनाव आयोग ने 26 सितंबर को स्पष्ट किया था कि गैर-एसआईआर अवधि में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के तहत लागू सामान्य फॉर्म का ही इस्तेमाल किया जाएगा। इसी के बाद एसआईआर की प्रक्रिया पूरी हो चुके राज्यों में फॉर्म 6 से अतिरिक्त घोषणा को हटा दिया गया है। अगर कोई व्यक्ति पहली बार मतदाता बन रहा है और उसका नाम वोटर लिस्ट में जोड़ना है, तो उसे फॉर्म 6 भरना होता है। यह कोई नया फॉर्म नहीं है। फॉर्म 6 पहले से निर्धारित वैधानिक फॉर्म है और इसका इस्तेमाल नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए होता है। एसआईआर के दौरान वोटर लिस्ट की गहन जांच और पुनरीक्षण किया जा रहा था। इसी के तहत नए मतदाता के फॉर्म 6 के साथ एक अतिरिक्त घोषणा जोड़ दी गई। चुनाव आयोग ने इसे मूल फॉर्म 6 में बदलाव के बजाय अतिरिक्त एनेक्सर बताया। आयोग के मुताबिक एसआईआर के दौरान फॉर्म 6 के साथ यह अतिरिक्त घोषणा देनी थी। घोषणा के तहत नए आवेदक से पुराने वोटर रिकॉर्ड को लेकर विकल्प चुनने को कहा गया था। मसलन, आवेदक को यह बताना था कि क्या उसका अपना नाम पिछली एसआईआर के दौरान बनी पुरानी वोटर लिस्ट में था?

मप्र में ज्ञानेश कुमार...

को फांसी दी गई। इंदौर में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की हुई। जबलपुर, भिंड, सागर, दमोह और मंडला में पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। ग्वालियर में बैरिकेड तोड़कर कलेक्ट्रेट में घुसने की कोशिश हुई। मऊगंज में प्रदर्शनकारी तीसरे बैरिकेड तक पहुंचे, जबकि छतरपुर में कलेक्ट्रेट के तीनों गेट पार कर परिसर में दाखिल हो गए।

राहुल ने पूछा- ज्ञानेश

का जवाब देने की कोशिश की है। राहुल ने बैठक के बाद एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सीईसी ज्ञानेश कुमार ही ऐसे एकमात्र भारतीय क्यों हैं जिन्हें आजीवन पूर्ण कानूनी सुरक्षा मिली हुई है? राहुल गांधी ने इस सवाल के जवाब में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ज्ञानेश कुमार का इस्तेमाल 'चुनाव चोरी करने' के लिए करते हैं। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि विपक्षी दलों ने लंबे समय से ईवीएम, मतदाता सूची में हेरफेर और अस्पष्ट बदलाव को लेकर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष कहा कि राहुल गांधी ने कर्नाटक, हरियाणा और महाराष्ट्र में कथित अनियमितताओं को प्रमाण के साथ सामने रखा तथा इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने भी इस संबंध में सवाल और आपत्तियां उठाईं। हालांकि, निर्वाचन आयोग ने उनकी शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया।

रबी सीजन के ...

कुसुम के एमएसपी में हुई है। वहीं गेहूं का एमएसपी 25 रुपए बढ़ाकर 2,610 रुपए प्रति क्विंटल किया गया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार, उत्पादन लागत के मुकाबले अनुमानित मार्जिन गेहूं में 106 प्रतिशत, सरसों में 96 प्रतिशत, मसूर में 92 प्रतिशत, चना में 59 प्रतिशत, जौ में 58 प्रतिशत और कुसुम में 50 प्रतिशत है। सरकार के मुताबिक एमएसपी में बढ़ोतरी से किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने और फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। दिल्ली में स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंटतीसरे फैसले के तहत दिल्ली के लिए इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को मंजूरी दी गई है। इसके जरिए तकनीक की मदद से ट्रैफिक की निगरानी और प्रबंधन बेहतर किया जाएगा। सिस्टम का इस्तेमाल यातायात जाम कम करने, सड़क सुरक्षा बढ़ाने और वाहनों की आवाजाही को अधिक प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने में किया जाएगा।

सीबीआई की जांच...

निरंकारी की एकलपीठ के समक्ष सीबीआई ने अपनी लिखित आपत्ति पेश की। जांच एजेंसी के अनुसार, गवाहों के बयान और बैंक लेन-देन की जांच के बावजूद दहेज मांगने से जुड़े ऐसे साक्ष्य नहीं मिले, जिनके आधार पर संबंधित धाराएं जारी रखी जा सकें। सीबीआई की जानकारी के बाद कोर्ट ने गिरिबाला सिंह के अधिवक्ता को जमानत आवेदन में आवश्यक संशोधन कर दहेज प्रताड़ना से जुड़े संदर्भ हटाने के निर्देश दिए। अभियोजन को संशोधित आवेदन का अध्ययन करने का अवसर देते हुए अगली सुनवाई 8 अक्टूबर को तय की गई है। गौरतलब है कि ट्विशा शर्मा ने 12 मई को भोपाल स्थित अपने आवास पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने गिरिबाला सिंह और उनके बेटे समर्थ के खिलाफ मामला दर्ज किया था। बाद में हाईकोर्ट के आदेश पर ट्विषा का दोबारा पोस्टमार्टम एम्स दिल्ली की टीम से कराया गया। हाईकोर्ट ने 27 मई को गिरिबाला सिंह की अग्रिम जमानत निरस्त कर दी थी। इसके बाद राज्य सरकार ने मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी थी।

एक दिन में 4 ...

गया है। कंपाउंड आर्चरी में भारत ने गोल्ड की हैट्रिक पूरी की। महिला टीम और मिक्स्ड टीम के बाद पुरुष टीम ने भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पुरुष टीम के फाइनल में भारत ने चीन को बेहद रोमांचक मुकाबले में 238-237 से हराया। कुशल दलाल, साहिल जाधव और गणेश मणि रत्नम थिरुमुरु की भारतीय तिकड़ी एक समय दो अंक पीछे थी, लेकिन आखिरी एंड में शानदार वापसी करते हुए एक अंक से जीत दर्ज की।

भारत 7वें स्थान पर: एशियन गेम्स के 11वें दिन भारत ने 4 स्वर्ण पदक जीते। इनमें 3 गोल्ड तीरंदाजी और 1 निशानेबाजी में आया। इसके साथ भारत के कुल पदकों की संख्या 60 हो गई है, जिसमें 10 स्वर्ण शामिल हैं। भारत ने ईरान को पीछे छोड़ते हुए मेडल टैली में 7वां स्थान हासिल कर लिया है।

साउथ कोरिया को 2-0 हराकर फाइनल में भारत: भारतीय महिला हॉकी टीम ने साउथ कोरिया को 2-0 से हराकर फाइनल में जगह बना ली। इशिका ने पेनल्टी कॉर्नर की वैरिएशन पर पहला गोल किया, जबकि कप्तान सलिमा ने दूसरे हाफ में बढ़त दोगुनी कर दी। अब भारत का गोल्ड मेडल मुकाबला चीन से 2 अक्टूबर को होगा।

चिकिथा का डबल गोल्ड : चिकिथा तनिपर्थी ने भारत के लिए दो स्वर्ण पदक जीते। उन्होंने पहले महिला टीम इवेंट में स्वर्ण हासिल किया और इसके बाद साहिल जाधव के साथ मिक्स्ड टीम का खिताब भी अपने नाम किया। इसके साथ ही कंपाउंड आर्चरी में भारत के खाते में तीन गोल्ड आए।

नीरू-कायनन ने बनाया एशियन रिकॉर्ड : निशानेबाजी के ट्रैप मिक्स्ड टीम इवेंट में नीरू ढांडा और कायनन चेनाई ने भी भारत को स्वर्ण दिलाया। क्वालिफिकेशन में चौथे स्थान पर रहने वाली भारतीय जोड़ी ने फाइनल में 34 का स्कोर कर पहला स्थान हासिल किया। कतर के मोहम्मद अल-रुमैही और रे बासिल ने 32 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता। नीरू और कायनन ने स्वर्ण के साथ नया एशियन रिकॉर्ड भी बनाया। इससे पहले 30 का रिकॉर्ड कतर के नाम था।

रिटायर्ड आईएएस राकेश ...

की अलमारियों और कबर्ड के लॉकर खुले हुए थे। अनुमान है कि नौकर ने ही लूटपाट की नियत से राकेश अग्रवाल की हत्या की और फार्म हाउस के दरवाजे बाहर से बंद कर निकल गया। पुलिस के अनुसार 72 साल के राकेश अग्रवाल 1982 बैच के आईएएस थे। वह सूरज नगर पनघट कॉलोनी के पीछे फार्म हाउस में पत्नी के साथ रहते थे। परिवार में पत्नी के अलावा बेटा है और वह यूएस में रहता है। कुछ दिन कुछ दिन पहले राकेश अग्रवाल की कमर में तकलीफ हुई थी। उन्होंने इलाज कराया और घर लौट आए। उन्हें घर में काम करने के लिए इमानदार नौकर की तलाश थी। लिहाजा उन्होंने बागसेवनिया की एजेंसी के मद्दद से चार दिन पहले ही पंजाब निवासी वरुण कुमार को नौकर को रखा था।

गैस का वॉल खोला: सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची रातीबड़ पुलिस की टीम ने एफएसएल की मदद से घटनास्थल का निरीक्षण कराया। पूछताछ में पता चला कि घटना के बाद से फार्म हाउस में काम करने वाला नौकर वरुण कुमार फरार है। सर्वेंट क्वार्टर के नौकर अमर ने बताया कि किचन में रखे गैस सिलेंडर का वॉल खुला हुआ था। इससे अनुमान है कि संदेही वरुण कुमार का फार्म हाउस में आग लगाने का इरादा था।

मुख्यमंत्री ने जताया शोक: भारतीय प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त अधिकारी राजेश अग्रवाल की मृत्यु पर मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने शोक व्यक्त किया है। एक्स पर उन्होंने शोक व्यक्त करते हुए लिखा है कि दुर्भाग्यपूर्ण घटना में निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। अग्रवाल जी विनम्र और कर्मठ अधिकारी रहें, उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि। पुलिस महानिदेशक को मामले की सतत निगरानी के निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार इस मामले में पूरी तरह संवेदनशील है।

सर्वेंट क्वार्टर में ...

ने फार्म हाउस के दरवाजे खोले और अंदर पहुंचा। उसने अग्रवाल की पत्नी के कमरे का दरवाजा खोला। राकेश अग्रवाल भी प्रतिदिन मॉर्निंग वॉक पर जाते थे। उनकी पत्नी को लगा कि गलती से राकेश अग्रवाल दरवाजा बंद कर चले गए होंगे। उन्होंने अमर से पूछा कि साहब मॉर्निंग वॉक पर निकल गए क्या? इसके बाद वह राकेश अग्रवाल के कमरे में पहुंची थी। उनके कमरे का दरवाजा भी बाहर से बंद था। उन्होंने दरवाजा खोला तो होश उड़ गए। अंदर राकेश अग्रवाल का शव खून से लतपथ अवस्था में पड़ा था।

ओमानी सह-पायलट ने ...

विमान तेजी से नीचे आने लगा और करीब 14 हजार फीट तक पहुंच गया। विमान से पहले 7700 और फिर 7500 आपातकालीन कोड प्रसारित हुआ। 7500 कोड से विमान में संभावित हाईजैक का संकेत मिलने पर इजराइली अधिकारियों ने लड़ाकू विमान रवाना कर दिए। कॉकपिट से चीखने की आवाजें सुनकर कुछ यात्री मदद के लिए पहुंचे। विमान में सिविल ड्रेस में मौजूद दो राहत पायलटों ने भी नियंत्रण संभालने में सहायता की। वहीं, एक इजराइली डेंटिस्ट ने घायल कैप्टन स्मित को विमान में प्राथमिक उपचार दिया। बाद में उड़ान को सऊदी अरब के तबुक एयरपोर्ट की ओर मोड़ा गया, जहां विमान सुरक्षित उतरा। इजराइली अधिकारियों ने सह-पायलट पर विमान को जानबूझकर गिराने की कोशिश का संदेह जताया है। हालांकि घटना का कारण और उसका मकसद अभी स्पष्ट नहीं है। मामले की जांच जारी है।

भागीरथपुरा कांड ...

देरी धीरे-धीरे जमा होती गईं। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में सीवर और पेयजल लाइनों की तकनीकी स्थिति से लेकर नगर निगम की निगरानी व्यवस्था और पाइपलाइन बदलने की प्रक्रिया तक कई स्तरों पर कमियां दर्ज की हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भागीरथपुरा में दूषित पानी का खतरा दिसंबर 2025 में अचानक पैदा नहीं हुआ था, बल्कि पुरानी पाइपलाइन व्यवस्था में मौजूद तकनीकी जोखिम लंबे समय से बने हुए थे। जांच में सामने आया कि भागीरथपुरा में सीवर नेटवर्क 1990 से 1995 के बीच और जलापूर्ति पाइपलाइन 1999 से 2004 के बीच बिछाई गई थी। कई स्थानों पर दोनों नेटवर्क समानांतर थे, जबकि कुछ जगह एक-दूसरे को क्रॉस कर रहे थे।

मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपए मुआवजे की अनुशंसा: न्यायिक जांच आयोग ने दूषित पानी के कारण जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपए क्षतिपूर्ति दिए जाने की अनुशंसा की है। फिलहाल मृतकों के परिजनों को रेडक्रास सोसायटी के माध्यम से दो-दो लाख रुपए की राहत राशि दी जा चुकी है।

CHANGE OF NAME

I, hitherto known as **Shabnam Pandey** D/O: Balmukund Pandey, R/O sheetal nagar colony, Datia, Madhya Pradesh - 475661, have changed my name and shall hereafter be known as **SHRUTI PANDEY.**

मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग
हर वोट कीमती, हर निकाय महत्वपूर्ण

निर्वाचन भवन, 58 अरेरा हिल्स, भोपाल-462011
Email-mpsec@mp.gov.in Ph.No. 0755-2555527

:: ई-निविदा आमंत्रण सूचना ::

मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय के लिए 02 नग टेबलेट क्रय हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से खुली ई-निविदा/बिड क्रमांक GEM/2026/B/8022976 दिनांक 28/09/2026 जारी की गई है। बिड का विवरण निम्नानुसार है :-

S.No	Bid Details	Date & Time
01	Bid published date	Date 28/09/2026
02	Bid End Date/Time	Date 13/10/2026 Time 18:00 PM
03	Bid Opening Date/Time	Date 14/10/2026 Time 18:00 PM

इच्छुक निविदाकर्ता उपरोक्त वेबसाईट के माध्यम से निर्धारित नियम/शर्तों के तहत निविदा भरने की कार्यवाही कर सकते हैं। किसी भी प्रकार का संशोधन/सुधार/परिवर्तन होने की सूचना जेम पोर्टल की वेबसाईट पर रहेगी।

(डॉ. सुतेश शाक्या)
उप सचिव
म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल

G-19269/26 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

नाम परिवर्तन

मैं, ईशा बाई मालवीय पत्नि श्री रामनारायण, आयु वयस्क, निवासी-ग्राम काबुलखेडी, ग्राम पंचायत काबुलखेडी, जनपद पंचायत, पिपलौदा, जिला रतलाम, म.प्र. है। परन्तु मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश विशु बाई मालवीय (VISHU BAI MALVIYA) अंकित हो गया है जो कि गलत है। मेरा वास्तविक सही नाम ईशा बाई मालवीय (ISHA BAI MALVIYA) है जो कि मेरे मूल निवासी एवं राशन कार्ड में दर्ज होने से प्रमाणित है, जो कि मैं अपने आधार कार्ड में दर्ज करवाना चाहती हूँ। प्रकाशन उपरांत मेरा नाम ईशा बाई मालवीय (ISHA BAI MALVIYA) के नाम से जाना पहचाना व पढ़ा जावे।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया है की मैं वीरेंद्र सिंह जाटव, पिता मन्जू सिंह, आयु वयस्क, निवासी ग्राम-सोवत, पोस्ट-खामखेड़ा, सोहट, जिला-अशोक नगर, मध्यप्रदेश-473331, यह घोषणा करता हूँ की मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम सोनम कुमारी अहिरवार (SONAM KUMARI AHIRWAR) है। किन्तु आधार कार्ड में त्रुटिवश उसका नाम रोशनी (ROSHANI) अंकित हो गया है, जो कि गलत है। मेरी पुत्री का वास्तविक व सही नाम उसकी अंक सूची में दर्ज होने से प्रमाणित है। जिसे मैं मेरी पुत्री के आधार कार्ड/शासकीय/ अशासकीय /शैक्षणिक/अशैकक्षणिक दस्तावेजो में दर्ज करवाना चाहता हूँ। यह की रोशनी (ROSHANI) व सोनम कुमारी अहिरवार (SONAM KUMARI AHIRWAR) दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरी पुत्री के है। प्रकाशन के उपरान्त मेरी पुत्री को उसके वास्तविक व सही नाम सोनम कुमारी अहिरवार (SONAM KUMARI AHIRWAR) के नाम से जाना पहचाना एवं पड़ा जावे।

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs.1200/- साइज (फिक्स) 12X4cm
अन्य साइज में @ Rs.40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें।
मो. 9407279644

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

प्लॉट मात्र 16 लाख में
फाईनेंस सुविधा उपलब्ध है
T&C
साईड 220 फीट न्यू जेल रोड, संमीप
मो. 8962979924
9755905247

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
Timing 10:30 am to 8:00 pm
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M. 9425006131, 8871714432
सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

बेचना है

बिलासपुर सकरी मेन रोड से दो कदम दूर पूर्ण विकसित कॉलोनी में सीसी रोड नाली, पानी, बिजली, सर्वसुविधायुक्त सहित नॉर्थ फेसिंग प्लॉट 100×50= 5000 वर्गफुट बेचना है सम्पर्क करें- 7898855268 (41750)
(RO-41750) 02/09/26 to 05/10/26

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यवस्थापक

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-30-07-2026,to 11-08-26
SUNDAY HOLD

राशिफल

मेष संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

वृष खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पति से आय के साधन बन सकते हैं।

मिथुन शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

कर्क क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

सिंह कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

कन्या कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

तुला लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

वृश्चिक संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

धनु स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

मकर आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

कुंभ क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

मीन किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

शब्द पहेली - 6364



बाएँ से दाए
1. उम्मीद, आशा-2
3. जी, चित्त-2
5. भस्म, खाक-2
7. जाल, फंदा-2
9. चिंतन, सोचना-3
11. ठाठ-बाट-2
13. क्रिकेट में बनते हैं-2
15. एक राशि-3
17. काया, बदन-2
19. एक विदेशी शराब-2
22. बोलने का तरीका-3
24. शालीन, सभ्य-2
26. बल, ताकत-2
28. भैंस जैसा एक पशु-2
30. पुत्री की पुत्री-3
32. कोर्ट में प्रस्तुत दावा-2
34. मोटा आटा-2
36. जुड़वा-3
38. आनंदित-2
41. नौकर, गुलाम-2
43. बूंद-3
45. लक्ष्मी, विष्णुप्रिया -2
47. जंगल, कानन-2
49. मेहंदी-2
51. दृष्टि, निगाह-3
53. बुरी आदत -2
55. बुढ़ापा -2
57. नमस्कार, प्रणाम -3
60. खुमार, सरूर -2
62. भीगा हुआ -2
64. पक्षाघात-3
66. चुनौती-2
67. ऋण, उधार -2
68. भूमि, जमीन-2
69. चस्का, बुरी आदत-2

ऊपर से नीचे
1. फलों का राजा-2
2. साजन, बलमा-3
4. खुमार-2
6. खच्चर, गधा-2
8. वहम, संदेह-2
10. अनुकृति-3
12. झुका हुआ-2
14. आदमी-2
16. वास करना-3
18. आकाश-2
20. घमंड-2
21. बदन-2
23. जातिवाद-3
25. पिघले पत्थर-2
27. रोग, -2
29. हाथ, टैक्स-2
31. लवण-3
33. ताकत-2
35. वचन-2
37. प्रयत्न-3
39. स्थिति -2
40. नवीन-2
42. सच्चा-2
44. राजा-3
46. हार-2
48. टौंटी-2
50. गुमान-2
52. पासों का खेल-3
54. काया-2
56. रात्रि-2
58. हुबहू-3
59. समय-2
61. सब्जी-2
63. गाड़ी-2
65. गैस-2

शब्द पहेली- 6363 का हल

	स	र	ग	ना		आ	म	रा	य	
कि		न	ज	ला		कि	क	र		त
त	ल		ल	य		स	र		ला	ल
र	ह	ना		क	हा	र		ज	ल	वा
त	र	सा	ना		ति		ज	ल	च	र
			र	ह	म	दि	ल			
ब	ग	दा	द		ता		न	ज	रा	ना
र	म	ल		स	ई	स		प	ह	रा
ग	ला		स	दा		ल	स		त	य
द		ग	ली	चा		वा	न	र		ण
	का	श्त	का	र		र	म	जा	न	

सूडोकु नवताल - 6374

कठिनतम

			4		6			
					2	7		
	6	8				9		
5	3							6
				6				
7							9	2
		9				8	5	
		2	1					
			3		4			

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6373 का हल

2	9	7	1	3	6	4	8	5
3	1	6	5	8	4	2	9	7
5	4	8	7	9	2	6	3	1
9	2	1	4	7	3	8	5	6
7	8	3	6	1	5	9	2	4
4	6	5	9	2	8	1	7	3
1	7	4	2	5	9	3	6	8
6	3	2	8	4	7	5	1	9
8	5	9	3	6	1	7	4	2

खबर संक्षेप

आर्मा कैपिटल ने ईबीजी में 10 करोड़ का निवेश किया

मुंबई। महाराष्ट्र स्थित आर्मा कैपिटल ने हैदराबाद मुख्यालय वाले ईबीजी समूह के स्वास्थ्य, खान-पान और पारिवारिक मनोरंजन कारोबार में 10 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इसके साथ ही आर्मा कैपिटल की समूह के कई उपभोक्ता-केंद्रित ब्रांडों में भागीदारी हो गई है। निवेश के तहत मुंबई, बेंगलुरु और चंडीगढ़ स्थित तीन कार्लटन वेलनेस सेंटर के साथ हैदराबाद में नाटुफ कैफे, अधिरा एंड अप्पा कैफे और छोटा भीम फैमिली कैफे के लिए फ्रेंचाइजी साझेदारी शामिल है।

ओप्पो ने भारत में के14 प्लस किया लांच

मुंबई। ओप्पो ने भारत में अपनी के सीरीज का नया स्मार्टफोन ओप्पो के14 प्लस लांच किया है। इसकी शुरुआती कीमत 29,999 रुपए रखी गई है। बैंक छूट के बाद फोन की प्रभावी कीमत 25,999 रुपए से शुरू होगी। इसमें 8000 एमएएच की बैटरी है। बेहतर तापमान नियंत्रण के लिए फोन में 5000 वर्ग मिलीमीटर का वेपर चैंबर भी दिया गया है। इसकी बिक्री 8 अक्टूबर 2026 से फ्लिपकार्ट और ओप्पो के ऑनलाइन स्टोर पर शुरू होगी।

घड़ी डिटर्जेंट का 'विश्वास की परीक्षा' कैंपेन लांच

सागर। आरएसपीएल ग्रुप ने घड़ी डिटर्जेंट का नया कैंपेन 'विश्वास की परीक्षा' सागर में लांच किया। कैंपेन में बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित ब्रांड एंबेसडर के रूप में नजर आ रही हैं। इसका संदेश है विश्वास की खास बात यही है कि उस पर हमेशा खरा उतरना पड़ता है। कंपनी के अनुसार, नया कैंपेन घड़ी डिटर्जेंट के नए फॉर्मूलेशन पर आधारित है, जिसे कपड़े धोने के बदलते तरीकों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

क्रेडिट कार्ड से अब एप्पल पे के जरिए भुगतान

मुंबई। एक्सिस बैंक ने भारत में अपने क्रेडिट कार्ड ग्राहकों के लिए एप्पल पे की सुविधा शुरू की है। बैंक के अनुसार, मास्टरकार्ड और वीजा नेटवर्क वाले क्रेडिट कार्ड ग्राहक अपने एप्पल डिवाइस के जरिए सुरक्षित और निजी तरीके से भुगतान कर सकेंगे। ग्राहक आने वाले कुछ सप्ताह में आई फोन, एप्पल वॉच और आईपेड के जरिए स्टोर, इन-ऐप और ऑनलाइन मर्चेंट्स के पास भुगतान कर सकेंगे।

ईवेंशंस का आईपीओ खुला 38.12 करोड़ का लक्ष्य

हरियाणा। एमआईसीई और कॉरपोरेट आयोजन क्षेत्र में सेवाएं देने वाली ईवेन्शन्स लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बुधवार 30 सितंबर 2026 को खुला और 5 अक्टूबर 2026 को बंद होगा। कंपनी का लक्ष्य इस निर्गम के जरिए अधिकतम 38.12 करोड़ रुपए जुटाना है। कंपनी के शेयर एनएसई एसएमई मंच पर सूचीबद्ध किए जाने का प्रस्ताव है। कंपनी 10 रुपए अंकित मूल्य वाले 32.30 लाख इक्विटी शेयर जारी करेगी।

टूकॉलर ने शुरू किया स्कैम चेकर

बेंगलुरु। टूकॉलर ने वेब और एंड्रॉयड पर टूकॉलर स्कैम चेकर की शुरुआत की है। इसके जरिए लोग कुछ ही सेकंड में फर्जी लिंक, फोन नंबर या संदेश की जांच कर सकेंगे। कंपनी के अनुसार, यह सुविधा उसके 50 करोड़ उपयोगकर्ताओं से मिली धोखाधड़ी संबंधी जानकारी पर आधारित है। स्कैम चेकर में फर्जी वेब लिंक की जांच, फोन नंबर की जानकारी और धोखाधड़ी से जुड़ी रिपोर्ट देखने जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

गोदरेज को कार्यसंस्कृति के लिए सम्मान

मुंबई। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड को बॉम्बे चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की ओर से आयोजित बॉम्बे चैंबर इनक्लूजन अवार्ड्स 2026 में 'मार्की बेस्ट ऑफ द बेस्ट अवार्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान विविधता, समानता, समावेशिता और कार्यस्थल पर अपनेपन की भावना को बढ़ावा देने के लिए दिया गया।

---

95 करोड़ से ज्यादा इंटरनेट ग्राहकों वाले भारत की डिजिटल रफ्तार

भारत की डिजिटल छलांग के साथ बढ़ता गया आईएमसी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की डेटा क्रांति ने देश को डिजिटल महाशक्ति बनाने के साथ-साथ इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) को भी एक वैश्विक मंच पर ला खड़ा किया है। पिछले एक दशक में भारत के दूरसंचार क्षेत्र और इंटरनेट उपयोग में अभूतपूर्व बदलाव आया है, जो देश के मोबाइल डेटा उपभोग के आंकड़ों और आईएमसी के लगातार बढ़ते स्वरूप में साफ दिखाई देता है। 0.27 जीबी से 20 जीबी महीना पहुंची मोबाइल डेटा खपत और 95 करोड़ से ज्यादा इंटरनेट ग्राहकों वाले भारत की डिजिटल छलांग के साथ इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) भी वैश्विक टेक मंच बन गया है। 2017 में 32 हजार आगंतुकों और 2 हजार प्रतिनिधियों से शुरू हुआ आईएमसी अब 1.5 लाख से अधिक संभावित प्रतिभागियों, 300 से ज्यादा प्रदर्शकों और 100 से अधिक देशों की भागीदारी वाले आयोजन में बदल चुका है।

आईएमसी का विस्तार भी इसी डिजिटल बदलाव के समानांतर हुआ। शुरुआती दौर में करीब 150 प्रदर्शक और 5 हजार प्रतिनिधि शामिल होते थे। बाद के वर्षों में प्रदर्शकों की संख्या 300 से अधिक और वक्ताओं की संख्या 800 से ज्यादा हो गई। आयोजन में 120 से अधिक देशों की भागीदारी और हजारों सीएक्सओ की मौजूदगी ने इसे वैश्विक दूरसंचार मंच की पहचान दी।

0.27 जीबी से 20 जीबी तकः भारत की डेटा क्रांति के साथ ग्लोबल हुआ

डेटा क्रांति से टेक महाशक्ति तक आईएमसी के साथ बदला भारत

नीतियों से जुड़े विमर्श में भारत की भूमिका को भी प्रमुखता मिली



फाइल फोटो

अक्टूबर 2022 में भारत में 5जी सेवाओं की व्यावसायिक शुरुआत के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आईएमसी के मंच से देश में 5जी सेवाओं का औपचारिक शुभारंभ किया। इसके साथ आईएमसी केवल तकनीकी उत्पादों और नेटवर्क का प्रदर्शन करने वाले आयोजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि भारत के डिजिटल बदलाव के महत्वपूर्ण पड़ावों का मंच भी बना।2024 में आईएमसी दक्षिण एशिया में पहली बार इंटरनेशनल टेलीकम्युनिकेशन यूनियन (आईटीयू) की वर्ल्ड टेलीकम्युनिकेशन स्टैंडर्डाइजेशन असेंबली की मेजबानी का केंद्र बना। इससे वैश्विक दूरसंचार मानकों और नीतियों से जुड़े विमर्श में भारत की भूमिका को भी प्रमुखता मिली।

एआई से क्वांटम और सेमीकंडक्टर तक

आईएमसी के विषयों में भी बड़ा बदलाव आया है। शुरुआती आयोजनों में नेटवर्क विस्तार, कनेक्टिविटी और डिवाइस की पहुंच प्रमुख मुद्दे थे। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर और सैटेलाइट कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्र इसके केंद्र में हैं।स्टार्टअप भागीदारी भी लगातार बढ़ी है। एग्रीकल्चर, हेल्थकेयर, आपदा प्रबंधन और रक्षा समेत कई क्षेत्रों में तकनीकी समाधान प्रदर्शित किए जा रहे हैं। यह बदलाव भारत के तकनीकी उपभोक्ता बाजार से तकनीक विकसित करने वाले देश की ओर बढ़ने की दिशा को भी दर्शाता है। आईएमसी का 10वां संस्करण 7 से 10 अक्टूबर तक नई दिल्ली के यशोभूमि में आयोजित होगा। आयोजकों के मुताबिक, इस बार 100 से अधिक देशों से 1.5 लाख से ज्यादा प्रतिभागियों, 300 से अधिक प्रदर्शकों और 1,500 से ज्यादा तकनीकी उपयोग मामलों के प्रदर्शन की तैयारी है।आयोजन दूरसंचार विभाग और सीओएआई की ओर से किया जाएगा। स्टार्टअप भागीदारी के लिए एएसपीआईआरई कार्यक्रम भी जारी रहेगा। आयोजकों के अनुसार, एक दशक में आईएमसी का विस्तार भारत के तेजी से बदलते डिजिटल और दूरसंचार परिदृश्य के साथ हुआ है।

यात्रियों की जान से खिलवाड़: बसों में धड़ल्ले से पहुंच रहा अनधिकृत पार्सल

यात्री बस या मालवाहकः नियमों की धज्जियां उड़ाकर ढोया जा रहा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

व्यक्तिगत सामान के बजाय व्यावसायिक पार्सल और माल की ढुलाई की जा रही

गतिविधियां केवल परमिट और परिवहन नियमों के अनुपालन का सवाल नहीं

यात्री बसों में यात्रियों के साथ व्यावसायिक माल और पार्सल की कथित अनधिकृत ढुलाई का मामला अब राष्ट्रीय स्तर पर उठाया गया है। ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (पंजी.) के प्रतिनिधिमंडल ने नेशनल रोड सेफ्टी बोर्ड (एनआरएसबी) के चेयरमैन एवं पूर्व आईएएस अधिकारी नितिन रमेश गोकर्ण से मुलाकात कर इसे यात्री सुरक्षा और सड़क सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मुद्दा बताया।

प्रतिनिधिमंडल में राजेंद्र कपूर, देवेंद्र सिंह, अरुण बंसल और गुलशन कुमार शामिल थे। एसोसिएशन ने आरोप लगाया कि कई यात्री बसों में यात्रियों के सीमित व्यक्तिगत सामान के बजाय व्यावसायिक पार्सल और माल की ढुलाई की जा रही है। संगठन का कहना है कि ऐसी गतिविधियां केवल परमिट और परिवहन नियमों के अनुपालन का सवाल नहीं हैं, बल्कि दुर्घटना की स्थिति में यात्रियों की सुरक्षा को भी प्रभावित कर सकती हैं।



डिक्की से लेकर सीटों और आपातकालीन द्वार तक पार्सल

एसोसिएशन ने दावा किया कि कुछ मामलों में पार्सल डिक्की तक सीमित नहीं रहते, बल्कि सीटों के बीच की जगह, बस की छत और आपातकालीन निकास के आसपास तक सामान रखे जाने की शिकायतें सामने आती रही हैं। सड़क सुरक्षा के लिहाज से यह स्थिति इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि दुर्घटना या आग जैसी आपात स्थिति में बस से यात्रियों की सुरक्षित निकासी सबसे अहम होती है। यदि आपातकालीन रास्तों के आसपास सामान रखा हो तो निकासी प्रभावित होने का जोखिम पैदा हो सकता है। यात्री बसों की संरचना और संचालन निर्धारित यात्री क्षमता तथा भार को ध्यान में रखकर किया जाता है। ऐसे में अतिरिक्त व्यावसायिक माल लादे जाने पर वाहन के कुल भार और भार-वितरण का सवाल उठता है।

यात्री परमिट और माल परिवहन के नियम अलग

यात्री परिवहन और माल परिवहन के लिए परमिट तथा नियामकीय प्रावधान अलग-अलग हैं। ऐसे में यात्री बसों के जरिए व्यावसायिक माल की ढुलाई संबंधित परमिट की शर्तों और परिवहन नियमों के अनुपालन का प्रश्न खड़ा करती है। एसोसिएशन ने एनआरएसबी से मांग की है कि यात्री बसों में व्यावसायिक माल और पार्सल की अनधिकृत ढुलाई पर प्रभावी निगरानी की व्यवस्था की जाए तथा नियमों के उल्लंघन की स्थिति में राज्यों में एक समान कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। एसोसिएशन के अनुसार, एनआरएसबी चेयरमैन नितिन रमेश गोकर्ण ने भी इस विषय को कानून और सड़क सुरक्षा की दृष्टि से गंभीर माना। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि मामले को ट्रांसपोर्ट भवन में प्रस्तावित आगामी महत्वपूर्ण बैठक में उठाया जाएगा। बैठक में विभिन्न राज्यों के परिवहन आयुक्तों के शामिल होने की संभावना है।



आईएकॉन में होगा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट के भविष्य पर मंथन

अहमदाबाद। इंडियन आर्थ्रोप्लास्टी एसोसिएशन की 22वीं वार्षिक कॉन्फ्रेंस 'आईएकॉन 2026' में ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), रोबोटिक्स और आधुनिक तकनीकों के इस्तेमाल पर मंथन होगा। 23 से 25 अक्टूबर तक क्लब ओ7 में होने वाली कॉन्फ्रेंस में 1,000 से अधिक प्रतिनिधि और भारत समेत विभिन्न देशों के 180 विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे। इस वर्ष की थीम 'इवॉल्विंग आर्थ्रोप्लास्टी-रोबोटिक्स, काइनेमैटिक्स एंड इनोवेशन' रखी गई है। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. एचपी भालोडिया ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में एआई-असिस्टेड इंस्ट्रूमेंट्स, रोबोटिक्स और 3डी कैमरा-असिस्टेड सर्जरी पर विशेष सत्र होंगे। एआई-असिस्टेड टोटल हिप रिप्लेसमेंट, यूनिकॉन्डाइलर नी आर्थ्रोप्लास्टी और टोटल हिप रिप्लेसमेंट के डेमोंस्ट्रेशन के साथ करीब 30 सर्जिकल वीडियो और विशेषज्ञ पैनल चर्चाएं भी होंगी। आईएए के इतिहास में पहली बार बड़े स्तर पर कैडेवरिक वर्कशॉप 22 अक्टूबर को बीजे मेडिकल कॉलेज और सिविल हॉस्पिटल में आयोजित होगी। इसमें 12 कैडेवरिक स्पेसिमेन्स के जरिए हिप, नी और शोल्डर रिप्लेसमेंट की विभिन्न तकनीकों का प्रैक्टिकल प्रशिक्षण दिया जाएगा।

यूपीआई हेड सौरभ तोमर ने कहा

यूपीआई उपभोक्ताओं के लिए मुफ्त, खास भुगतान पर शुल्क

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के यूपीआई और आईएमपीएस प्रोडक्ट हेड, सौरभ तोमर ने स्पष्ट किया है कि यूपीआई सामान्य उपभोक्ताओं के लिए हमेशा की तरह पूरी तरह मुफ्त रहेगा। नए नियमों के तहत केवल चुनिंदा मर्चेंट (व्यापारी) भुगतानों पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लागू किया जा रहा है। लेनदेन की संख्या के आधार पर करीब 96 फीसदी मर्चेंट ट्रांजैक्शन एमडीआर के दायरे से बाहर रहेंगे।

तोमर के मुताबिक, यूपीआई से भुगतान करने वाले ग्राहकों से कोई अतिरिक्त शुल्क या एमडीआर नहीं लिया जाएगा। यह व्यवस्था दुकानों, कारोबारियों और व्यक्ति-से-व्यक्ति (पी2पी) भुगतान पर लागू रहेगी। एमडीआर वह शुल्क है, जो डिजिटल भुगतान स्वीकार करने के एवज में व्यापारी की ओर से भुगतान व्यवस्था से जुड़े पक्षों को दिया जाता है। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत 2,000 रुपए से अधिक के मर्चेंट भुगतान पर एमडीआर लागू होगा। 2,000 रुपए की सीमा प्रत्येक लेनदेन के आधार पर तय होगी, न कि व्यापारी के दैनिक कुल कलेक्शन पर। एमडीआर की दर 0.4 फीसदी प्रस्तावित है और इसकी अधिकतम सीमा 300 रुपए प्रति लेनदेन होगी।

शिक्षा, रेलवे, टेलीकॉम और ईंधन जैसे क्षेत्रों में 2,000 रुपए से अधिक के भुगतान के लिए अलग फ्लैट एमडीआर व्यवस्था प्रस्तावित है। जिन व्यापारियों के बैंक खाते में आने वाला मासिक यूपीआई कलेक्शन 1 लाख रुपए तक है, उन्हें शून्य एमडीआर का लाभ मिलता रहेगा। इसके अलावा 2,000 रुपए से कम के सभी यूपीआई मर्चेंट लेनदेन एमडीआर से बाहर रहेंगे। इससे रोजमर्रा के छोटे डिजिटल भुगतानों पर अतिरिक्त शुल्क का असर नहीं पड़ेगा। तोमर के अनुसार, एमडीआर से प्राप्त राशि का 5 फीसदी एक समर्पित फंड में रखा जाएगा। इसका इस्तेमाल छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में यूपीआई का बुनियादी ढांचा मजबूत करने, अधिक व्यापारियों को यूपीआई से जोड़ने और छोटे कारोबारियों के बीच डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने में किया जाएगा।



सौरभ तोमर

वीआईटी में 'स्टार्स' योजना के 31 विद्यार्थी होंगे स्नातक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय के 7वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में 'स्टार्स' (ग्रामीण विद्यार्थियों की उन्नति में सहयोग) योजना के 31 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। दीक्षांत समारोह 3 अक्टूबर 2026 को आयोजित होगा। इस बैच के विद्यार्थियों ने अभियांत्रिकी, विज्ञान और प्रबंधन के विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम पूरे किए हैं। वर्ष 2019 में शुरू हुई इस योजना के तहत अब तक मध्य प्रदेश के ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के 255 मेधावी विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में प्रवेश मिल चुका है। योजना का उद्देश्य आर्थिक कठिनाइयों के कारण उच्च शिक्षा से वंचित प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अवसर उपलब्ध कराना है। विश्वविद्यालय की सहायक उपाध्यक्ष कादंबरी एस. विश्वनाथन ने कहा कि प्रतिभा परिस्थितियों की मोहताज नहीं होनी चाहिए। 'स्टार्स' योजना के माध्यम से विद्यार्थियों की शिक्षा से जुड़ी आर्थिक बाधाओं को कम करने का प्रयास किया जा रहा है।

न्युवोको लगाएगी राजस्थान में 46.4 मेगावॉट हाइब्रिड प्रोजेक्ट

मुंबई। बिल्डिंग मटीरियल कंपनी न्युवोको विस्टास कॉर्प ने राजस्थान में 46.4 मेगावॉट के विंड-सोलर हाइब्रिड रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट के लिए क्लीनमैक्स एनवायरो एनर्जी सॉल्यूशंस के साथ साझेदारी की है। भीखमखोर में विकसित होने वाली परियोजना में 20 मेगावॉट विंड और 26.4 मेगावॉट डीसी सोलर क्षमता के साथ 2 एमडब्ल्यूएच बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम शामिल होगा। कंपनी के अनुसार, परियोजना शुरू होने के बाद सालाना करीब 100 मिलियन यूनिट (एमयू) नवीकरणीय बिजली पैदा होने की उम्मीद है।

भारत अब तकनीक का उपभोक्ता नहीं, निर्माण और नवाचार का भी केंद्र : पार्क

एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम

भारत अब केवल वैश्विक तकनीकों को अपनाने वाला बाजार नहीं, बल्कि दुनिया के लिए तकनीक की कल्पना, अभियांत्रिकी और विकास में योगदान देने वाला देश बन चुका है। यह बात सैमसंग दक्षिण-पश्चिम एशिया के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जे.बी. पार्क ने भारत में कंपनी के 30 वर्ष पूरे होने के अवसर पर कही। पार्क ने कहा कि भारत लगातार आगे बढ़ रहा है और अपेक्षाओं से आगे निकल रहा है। उन्होंने कहा कि सैमसंग अब भारत को केवल 140 करोड़ लोगों के बाजार के रूप में नहीं देखता, बल्कि ऐसी जगह के रूप में देखता है। तीन दशकों में कंपनी ने देश में अपने विनिर्माण नेटवर्क का विस्तार करने के साथ अनुसंधान एवं डिजाइन क्षमताओं को मजबूत किया और नवाचार तंत्र के विकास में निवेश किया।

महिलाएं नवाचार को बढ़ाने में प्रभावी भूमिका निभाएंः अडवाणी

महिला नेतृत्व बढ़ेगा तो भारत होगा ज्यादा समावेशी और प्रगतिशील : बृजेश सिंह

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के प्रधान सचिव एवं आईपीएस अधिकारी बृजेश सिंह ने कहा कि मजबूत, समावेशी और प्रगतिशील भारत के निर्माण में महिलाओं की नेतृत्वकारी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने यह बात मुंबई में आयोजित 11वें सीआईआई आईडब्ल्यूएन वूमेनेशन समिट 2026 में कही। बृजेश सिंह ने भारत के भविष्य को आकार देने में महिलाओं की बढ़ती भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि महिलाओं को नेतृत्व करने, नवाचार करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए सार्थक अवसर उपलब्ध कराना जरूरी है। उन्होंने महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालने के लिए सक्षम बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।



सार्थक अवसर उपलब्ध कराना जरूरी

सीआईआई पश्चिमी क्षेत्र के चेयरमैन और ब्लू स्टार लिमिटेड के सीएमडी वीर एस अडवाणी ने कहा कि सशक्तिकरण शुरुआत है, लेकिन सक्षम बनाना ही नेताओं का निर्माण करता है। उन्होंने कहा कि संगठनों के भीतर महिलाओं के लिए नेतृत्वकारी भूमिकाओं तक पहुंचने के मजबूत रास्ते तैयार किए जाने चाहिए, ताकि वे नवाचार को आगे बढ़ाने और भविष्य को आकार देने में प्रभावी भूमिका निभा सकें।

बिजनेस न्यूज

दीपक एडवरटाइजिंग ने जीता 200वां अवॉर्ड रचा इतिहास



इंदौर। शहर की विज्ञापन एजेंसी दीपक एडवरटाइजिंग ने विभिन्न मीडिया समूहों और संस्थानों से मिले सम्मानों की संख्या 200 तक पहुंचाकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। एजेंसी को हाल ही में एक मीडिया समूह द्वारा आयोजित समारोह में एक और अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही यह उसके राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिले कुल सम्मानों का 200वां अवॉर्ड बताया गया है। दीपक एडवरटाइजिंग पिछले तीन दशकों से विज्ञापन और क्रिएटिव इंडस्ट्री में सक्रिय है। एजेंसी ने प्रभावशाली विज्ञापन अभियानों, ब्रांडिंग, मीडिया, इवेंट्स और आउटडोर विज्ञापन के क्षेत्र में काम किया है। इंदौर से शुरू हुआ उसका सफर अब देश के विभिन्न हिस्सों तक पहुंच चुका है। इस उपलब्धि पर दीपक एडवरटाइजिंग के प्रबंध निदेशक दीपक जेठा ने कहा कि यह अवॉर्ड सिर्फ एक ट्रॉफी नहीं, बल्कि तीन दशकों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने इस उपलब्धि को इंदौर और मध्य प्रदेश के लिए भी गौरव का विषय बताया।

इंडियन बैंक ने स्वास्थ्य शिविर लगाया

भोपाल। इंडियन बैंक ने स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के तहत अपने चेन्नई स्थित कॉर्पोरेट कार्यालय में सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्देश्य सफाई मित्रों की सुरक्षा और निवारक स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देना था। बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी बिनोद कुमार ने शिविर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सफाई मित्र स्वच्छ और स्वस्थ कार्य वातावरण बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह पहल उनके स्वास्थ्य, कल्याण और सुरक्षा के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस अवसर पर बैंक के कार्यकारी निदेशक शिव बजरंग सिंह और मिनी टीएम, मुख्य सतर्कता अधिकारी वी. आनंद सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

इंद्रिया ने खोला भोपाल में दूसरा स्टोर

भोपाल। आदित्य बिरला ज्वेलरी के ब्रांड इंद्रिया ने भोपाल में अपना दूसरा स्टोर शुरू किया है। डीबी सिटी मॉल, एमपी नगर स्थित यह स्टोर मध्य प्रदेश में ब्रांड का पांचवां स्टोर है। इसी महीने शहर में पहला स्टोर शुरू करने के बाद कंपनी ने यह विस्तार किया है। ग्राउंड फ्लोर पर स्थित नए स्टोर में 37,000 से अधिक ज्वेलरी डिजाइन उपलब्ध हैं। इंद्रिया के सीईओ संदीप कोहली ने कहा कि भोपाल में दूसरे स्टोर का लांच मध्य प्रदेश में ब्रांड की मौजूदगी मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

8 अक्टूबर से अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल

बेंगलुरु। नवरात्रि के लिए अमेजन.इन पर पारंपरिक परिधान, आभूषण, फुटवियर, घड़ियां, ब्यूटी प्रोडक्ट्स और अन्य त्योहारी जरूरतों की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। 8 अक्टूबर से शुरू होने वाले अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2026 से पहले ग्राहक फॉसिल, लॉरियल पेरिस और नाइकी समेत प्रमुख ब्रांड्स के उत्पादों पर विशेष ऑफर्स का लाभ उठा सकेंगे। प्राइम मेंबर्स को फेस्टिवल के दौरान खरीदारी पर 10 प्रतिशत तक अतिरिक्त लाभ मिलेगा। आखिरी समय की खरीदारी के लिए अमेजन नाउ के जरिए 65 से अधिक शहरों में तेज डिलीवरी की सुविधा भी उपलब्ध है।

सोलफेज स्मार्ट का आईपीओ खुला

कोलकाता। सोलफेज स्मार्ट इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड का आईपीओ 30 सितंबर को खुला और 5 अक्टूबर को बंद होगा। इस निर्गम के जरिए 21.78 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी के शेयर बीएसई के एसएमई मंच पर सूचीबद्ध होंगे। इसके तहत 10 रुपए अंकित मूल्य वाले 39.60 लाख इक्विटी शेयर 55 रुपए प्रति शेयर के मूल्य पर जारी किए जाएंगे। आवेदन के समय पूरी राशि का भुगतान करना होगा।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं छगनलाल दवे निवासी ई-11 बिजली नगर कॉलोनी गोविन्दपुरा हुजुर भोपाल (म.प्र.) ने अपने पुत्र निलेश दवे के व्यवहार एवं आचरण से क्षुब्ध होकर उसे अपने से पृथक कर दिया है तथा आज दिनांक 29/09/2026 से अपने पुत्र निलेश दवे को अपनी समस्त स्व-अर्जित चल एवं अचल संपत्तियों से बेदखल करता हूँ। मेरी स्व-अर्जित चल एवं अचल संपत्तियों, जिनमें मकान, भूमि, भूखंड, बैंक जमा, वाहन, आभूषण एवं अन्य समस्त संपत्तियां सम्मिलित हैं, से मेरा पुत्र निलेश दवे का कोई अधिकार, हित या दावा मेरी ओर से स्वीकार नहीं किया जाएगा। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भविष्य में यदि कोई व्यक्ति निलेश दवे के साथ मेरी संपत्तियों के संबंध में किसी प्रकार का लेन-देन, खरीद-फरोख्त, बंधक, किरायेदारी, कब्जा अथवा अन्य व्यवहार करता है, तो वह अपने जोखिम एवं जिम्मेदारी पर करेगा। ऐसे किसी भी व्यवहार के लिए मैं छगनलाल दवे जिम्मेदार नहीं रहूँगा। मैंने यह घोषणा अपनी स्वतंत्र इच्छा एवं पूर्ण होश-हवास में की है तथा भविष्य में अपनी स्व-अर्जित संपत्तियों के संबंध में स्वयं निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हूँ।

हेमंत राठौर एडवोकेट,
चैंबर-15, न्यू कोर्ट, कोठी पैलेस, उज्जैन (म.प्र.)
मो: 91 81039-69020

पश्चिम मध्य रेल

खुली ई-निविदा सूचना
दिनांक : 28.09.2026

वरिष्ठ मंडल अभियंता/सम./पश्चिम मध्य रेल भोपाल, भारतसंघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक को 15:30 बजे तक ई–टेन्डर आमंत्रित करते है। संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बन्धीत पूर्ण जानकारी वेवसाईट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है, एवं मण्डल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल भोपाल के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। इस टेन्डर के लिये कोई मॅन्युअल ऑफर मान्य नहीं है। इस निविदा मे कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरूरी हो, तो निविदा खुलने के पूर्व वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा, तथा मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगाया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। निविदाकारों से निवेदन है, कि यह जीएसटी कानून 2017 के प्रावधानों के अनुसार अपने दर तथा निविदाए प्रस्तुत करे । **NIT No. WCR-BPL-W- :** 26 27-W-24-109, **Date :** 23-09-2026, **Name of work including Location :** भाग अ)– गुना–ग्वालियर सेक्शनः (i) मोहना रेलवे कॉलोनी की पहुँच सड़क की मरम्मत । (ii) एडीईएन शिवपुरी के तहत बीडीडब्ल्यूएस रेलवे कॉलोनी के क्वाटर नंबर आरबी ॥ 10 एबी और 11 एबी के लिए पहुँच सड़क का निर्माण। भाग ब) भोपाल डिवीजन में, संलग्न के अनुसार 30 स्थानों पर पॉइंट्स मैन द्वारा ऑलराइट सिग्नल आदान–प्रदान के लिए गुमिटी का निर्माण । **Published cost of tender (Rs.) :** 7452469.94, **Earnest Money :** 149100.00, **Completion period :** 9 माह, **Last date for submitting tender :** 15/10/2026

वरि. मंडल अभियंता (पश्चिम)
पश्चिम मध्य रेल, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

न्यायालय: अपर सत्र न्यायाधीश, बैकुण्ठपुर, कोरिया, छत्तीसगढ़

ज्ञापन

प्रोसेस क्रमांक- 347/2026
आदेश दिनाँक- 26.09.2026
पेशी दिनाँक- 07.10.2026
दावा वास्ते स्थाई निषेधाज्ञा एवं स्वत्व घोषणार्थ
क्रमांक- 013अ/2021

1. प्रीति सिंह पति चन्द्रशेखर सिंह उम्र 27 वर्ष 2. कु. संजीवनी सिंह पिता चंद्रशेखर सिंह उम्र 13 वर्ष, मां वली प्रति सिंह 3. कु. अमृत सिंह पिता चद्रशेखर सिंह उम्र 07 वर्ष मां वली प्रीति सिंह सभी निवासी आशाधाम मार्ग-1 बहतराई रोड सरकंडा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ..वादी

प्रति,

1. चंद्रशेखर सिंह पिता स्व. भोला प्रसाद सिंह उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी-स्कूल पारा वार्ड नं.-5 बैकुण्ठपुर तह. बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग. 2. छ.ग. शासन 3. सुभा सिंह आ. स्व. भोला सिंह पति संजय तिवारी आयु 45 वर्ष 4. विभा सिंह आ. स्व. भोला सिंह आयु 43 वर्ष प्रतिवादी क्रमांक 03 व 4 निवासी बैकुण्ठपुर (प्रेमाबाग शकुन्तला कन्या हाई स्कूल के पास) तहसील, थाना व पो. बैकुण्ठपुर जिला कोरिया, बैकुण्ठपुर... प्रतिवादीगण

बनाम :-

वादी प्रीति सिंह के द्वारा इस न्यायालय में व्यवहार वाद दावा वास्ते स्वत्व घोषणार्थ एवं कब्जा पुष्टी पट्टा निरस्त किए ज

चिंतन

कॉकपिट की सुरक्षा पर गंभीर सवाल



मुद्दा
ज्ञानेन्द्र रावत

विमान की सुरक्षा की सबसे मजबूत दीवार कॉकपिट का दरवाजा माना जाता है, लेकिन जब खतरा इसी दरवाजे के भीतर से पैदा होने लगे तो पूरी सुरक्षा व्यवस्था कठघरे में खड़ी हो जाती है। फ्लाईदुबई की दुबई-तेल अवीव उड़ान में पायलटों के बीच हिंसक घटना और विमान के अचानक हजारों फीट नीचे आने की प्रारंभिक खबरों ने विमानन सुरक्षा के एक बेहद गंभीर पहलू पर बहस छेड़ दी है। यह घटनाक्रम महज दो पायलटों का आपसी विवाद मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रारंभिक रिपोर्टों के मुताबिक कॉकपिट में हिंसक टकराव हुआ, एक पायलट घायल हुआ और विमान तेजी से नीचे आया। विमान से पहले 7700 और फिर 7500 जैसे आपात संकेत प्रसारित हुए। इसके बाद विमान का मार्ग बदला गया और उसे सऊदी अरब के तबूक में उतारा गया। विमान में करीब 180 यात्री सवार बताए गए थे। वे सुरक्षित उतर गए, लेकिन घटना एक बुनियादी सवाल छोड़ गई। अगर विमान की कमान संभालने वाले पायलट ही हिंसा पर उतर आएं तो सैकड़ों यात्रियों की सुरक्षा किसके भरोसे होगी? ऐसे में कॉकपिट तक पहुंच रखने वाले लोगों के मामले में सुरक्षा मानकों की गंभीरता और बढ़नी चाहिए। पायलट की तकनीकी दक्षता जितनी जरूरी है, उतना ही जरूरी उसका जिम्मेदार और संतुलित व्यवहार भी है। इसलिए पायलटों की पृष्ठभूमि जांच को केवल नियुक्ति के समय की औपचारिकता नहीं बनाया जा सकता। नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और नशे की जांच के साथ मानसिक एवं व्यवहारिक स्वास्थ्य की समय-समय पर समीक्षा भी सुरक्षा व्यवस्था का हिस्सा होनी चाहिए। काउंसलिंग की ऐसी व्यवस्था हो, जिसमें पायलट तनाव या व्यक्तिगत संकट की स्थिति में बिना किसी भय के मदद मांग सके। मानसिक स्वास्थ्य को संदेह का आधार बनाना गलत होगा, लेकिन गंभीर जोखिम के संकेतों को नजरअंदाज करना भी खतरनाक है। सवाल यह है कि मौजूदा व्यवस्था ऐसे संकेतों को कितनी जल्दी पहचान पाती है। घटना ने कॉकपिट सुरक्षा प्रोटोकॉल पर भी सवाल खड़े किए हैं। यदि दो पायलटों के बीच विवाद अचानक हिंसा में बदल जाए तो केबिन क्रू कितनी जल्दी हस्तक्षेप कर सकता है? विमान का नियंत्रण सुरक्षित रखने की वैकल्पिक व्यवस्था क्या है? एयर ट्रैफिक कंट्रोल को सूचना देने और सुरक्षा एजेंसियों को सक्रिय करने की प्रक्रिया कितनी तेज है? इन सवालों के जवाब केवल नियम पुस्तिका में दर्ज होना पर्याप्त नहीं हैं। उनका नियमित अभ्यास और सिमुलेशन भी जरूरी है। 7500 कोड संभावित गैरकानूनी हस्तक्षेप या हाइजैकिंग का संकेत होता है। इसलिए आपात संचार प्रणाली की विश्वसनीयता और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता की समीक्षा भी जरूरी है। विमानन सुरक्षा में बाहरी खतरों हाइजैकिंग, आतंकवादी हमले या घुसपैठ पर लंबे समय से ध्यान दिया जाता रहा है। अब अंदरूनी खतरे को भी उतनी ही गंभीरता से देखने की जरूरत है। घटना की जांच से यह स्पष्ट होगा कि कॉकपिट में हिंसा की शुरुआत कैसे हुई और विमान के तेजी से नीचे आने की वजह क्या थी। सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के लिए अंतिम रिपोर्ट का इंतजार करना भी उचित नहीं। इसलिए पायलटों की चयन प्रक्रिया, पृष्ठभूमि जांच, नशे की जांच, काउंसलिंग और कॉकपिट में हिंसा की स्थिति से निपटने के प्रोटोकॉल हर कड़ी को मजबूत करना होगा। कॉकपिट में अनुशासन के लिए जीरो टॉलरेंस जरूरी है। क्योंकि कॉकपिट का दरवाजा यात्रियों को खतरे से बचाने के लिए बनाया गया है, खतरे का दरवाजा बनने के लिए नहीं।

खत्म नहीं हो रहा वायु प्रदूषण का संकट

वायु प्रदूषण का संकट थमने का नाम नहीं ले रहा है। दुनिया में बढ़ती गर्मी और जंगलों में लग रही विनाशकारी आग की बेतहाशा बढ़ती घटनाओं से दुनिया की हवा जहरीली हो रही है। डब्ल्यूएमओ के वैज्ञानिक लोरेंगो लैब्रेडोर का कहना है कि जंगलों में लगी आग का जहरीला धुंआ दुनियाभर के शहरों की हवा को तेजी से बुरी तरह प्रदूषित कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र की मौसम एजेंसी डब्ल्यूएमओ की हालिया रिपोर्ट में इसका खुलासा किया गया है कि वायु प्रदूषण का संकट वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने और लोगों की सेहत सुधारने के अंतराष्ट्रीय प्रयासों पर पानी फेर रहा है। जलवायु परिवर्तन के चलते डब्ल्यूएमओ के वायु गुणवत्ता मानकों को पाना अब मुश्किल होता जा रहा है। भारत भी उस मार से अछूता नहीं रहा है।

दुनिया में बढ़ती गर्मी और जंगलों में लग रही विनाशकारी आग की बेतहाशा बढ़ती घटनाओं से दुनिया की हवा जहरीली हो रही है। डब्ल्यूएमओ के वैज्ञानिक लोरेंगो लैब्रेडोर का कहना है कि जंगलों में लगी आग का जहरीला धुंआ दुनियाभर के शहरों की हवा को तेजी से बुरी तरह प्रदूषित कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र की मौसम एजेंसी डब्ल्यूएमओ की हालिया रिपोर्ट में इसका खुलासा किया गया है कि वायु प्रदूषण का संकट वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने और लोगों की सेहत सुधारने के अंतराष्ट्रीय प्रयासों पर पानी फेर रहा है। जलवायु परिवर्तन के चलते डब्ल्यूएमओ के वायु गुणवत्ता मानकों को पाना अब मुश्किल होता जा रहा है। भारत भी उस मार से अछूता नहीं रहा है।

यहां पर भी पराली आदि जलाये जाने से पीएम 2.5 के स्तर में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। वैसे यह एक आम मिथक सा बन गया है कि अक्सर भारत में, जबकि यह समस्या विश्व्यापी है, खासकर उत्तर भारत में वायु प्रदूषण के लिए पराली को जिम्मेदार ठहरा दिया जाता है, जबकि वायु प्रदूषण में पराली का योगदान डीजल-पेट्रोल व कारखानों से निकलने वाले प्रदूषकों के मुकाबले काफी कम है जो वायु गुणवत्ता सम्बंधी समस्याओं को बढ़ाने में अहम भूमिका निबाहते हैं। देखा जाए तो वायु प्रदूषण के लिए जिम्मेवार 32 से 44 फीसदी प्रदूषक किन स्रोतों से आते हैं, उनकी पहचान अभी तक नहीं हो सकी है, जिनसे वायु गुणवत्ता खराब होती है। इनसे निपटने का कोई प्रभावी उपाय भी अभी तक ईजाद नहीं हो सका है। जहां तक पराली का सवाल है, वायु प्रदूषण में उत्तर भारत के राज्यों खासकर पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में पराली यानी फसलों के अवशेष जलाने का योगदान आमतौर पर 22 से 35 फीसदी तक रहता है। यह हवा की स्थिति और मौसम के आधार पर कभी-कभी बढ़ता-घटता रहता है। इस बारे में आईआईटी और टेरी के वैज्ञानिक अध्ययनों की मानें तो सर्दियों की शुरुआत में जब पंजाब और हरियाणा में पराली जलाई जाती है, तब उत्तर-पश्चिम हवाओं के कारण यह धुंआ एनसीआर की हवा में पीएम 2.5 का स्तर काफी बढ़ा देता है, लेकिन अभी तो सितम्बर का महीना भी खत्म नहीं हुआ है और मौसम के बदलाव और मानसून के कमजोर पड़ने के साथ ही पंजाब, उत्तर प्रदेश और हरियाणा से सटे कई राज्यों में पराली जलाये जाने का असर वायु गुणवत्ता पर साफ-साफ दिखाई देने लगा है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के क्रीम्स यानी कंसोर्टियम फार रिसर्च आन एग्रो इकोसिस्टम मानीटरिंग एंड माडलिंग फ्राम स्पेस उपग्रह निगरानी की मानें तो आने वाले दिनों में पराली जलाने से निकलने वाला धुंआ हवा की दिशा और मौसम सम्बंधी परिस्थितिजन्य हालातों के चलते एनसीआर की हवा को और खराब हालात में पहुंचा देगी। देश में राजधानी दिल्ली की वायु गुणवत्ता पर हर बार सवाल उठते रहे हैं। यहां वायु गुणवत्ता में सुधार हेतु बीते सालों में उठाये गये कई कदमों और कुछ नये प्रयोगों के बावजूद यहां की हवा नहीं सुधरी। हां, उन प्रयासों से प्रदूषण के स्तर में कुछ मात्रा में ही सही, कमी तो आई। आज भी स्वच्छ वायु सर्वेक्षण रैंकिंग में दिल्ली 21वें नम्बर पर है। उसे 200 में से 172 अंक हासिल हुए हैं और अभी भी दिल्ली देश में



साफ हवा वाले शहरों की सूची में पहले दस स्थानों में भी शामिल नहीं है। जबकि एनसीआर में गाजियाबाद और फरीदाबाद भी दिल्ली से ऊपर 184 और 179.1 स्थान यानी 9वें और 14वें स्थान पर हैं। दिल्ली में स्वच्छ वायु सर्वेक्षण की रैंकिंग सबूत है कि हवा की गुणवत्ता की स्थिति उस स्तर तक नहीं पहुंची है जिसकी राजधानी दिल्ली को जरूरत है। इसके लिए प्रदूषण नियंत्रण हेतु उपलब्ध एनसीएपी यानी राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम की राशि के इस्तेमाल की धीमी रफ्तार, खर्च का सीमित दायरा और व्यवस्था की प्राथमिकताएं जिम्मेवार हैं। यदि सीपीसीबी के आंकड़ों पर नजर डालें तो 2016 में प्रदूषण कण पीएम 10 का औसत स्तर 245.22 पर था, जो साल 2026 में सुधर कर 177.48 आ गया।

मानकों के मुताबिक पीएम 10 का औसत स्तर 60 पर रहना चाहिए। इसमें सबसे बड़ी समस्या सरकार का प्रदूषण के स्रोत घटाने के स्थान पर प्रदूषण दिखने के बाद धूल दबाने और तत्काल नियंत्रण वाले उपायों पर ज्यादा निर्भर रहना है। यही वजह है कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण के प्रमुख न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव को कहना पड़ा कि स्वच्छ हवा केवल पर्यावरण से जुड़ी आकांक्षा नहीं है, बल्कि यह ऐसा व्यावहारिक लक्ष्य है जिसे ठोस प्रयास और जमीन पर प्रभावी अमल से ही हासिल किया जा सकता है। अब इस बाबत दिल्ली सरकार की वायु प्रदूषण से निपटने हेतु उद्योग, निर्माण, सड़क से उठने वाली धूल, वाहनों के प्रदूषण, कचरे को जलाने से रोकने जैसे सात इलाकों पर फोकस करने, स्थानीय निवासियों व आरडब्ल्यूए के साथ मिलकर जागरूकता अभियान चलाने, हरियाणा सरकार की 14 जिलों के मुताबिक प्लान बनाने, हर जिले में नोडल अधिकारी की तैनाती, वहीं उत्तर प्रदेश की एनसीआर से सटे पांच थर्मल पावर सहित आठ जिलों में पराली जलाने से रोकने, सड़कों की मशीनों से सफाई व मरम्मत कराने, पुराने वाहनों से होने वाले प्रदूषण पर लगाम लगाने के साथ इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने, उद्योगों में ऑनलाइन सतत उत्सर्जन निगरानी प्रणाली लगाए जाने और वायु प्रदूषण नियंत्रण उपकरण लगाये जाने की योजना है।

अब देखना यह है कि इन योजनाओं पर अमल कब तक हो पाता है या इनका क्रियान्वयन भी पुराने ढर्रे पर ही होगा, यह तो भविष्य के गर्भ में है। अब तो उत्तरी भारत के मुकाबले साफ माने जाने वाले देश के दक्षिणी राज्यों के प्रमुख शहर चेन्नई और बेंगलुरु में भी वायु गुणवत्ता बिगड़ने के संकेतों के पीछे मौसम को जिम्मेदार बताया जा रहा है। देश के दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, पटना, कोलकाता और चेन्नई जैसे प्रमुख शहरों के विश्लेषण से खुलासा हुआ है कि वायु प्रदूषण को केवल उत्सर्जन की समस्या मानना अधूरा दृष्टिकोण है। उत्सर्जन और मौसम के बीच की परस्पर क्रिया ही वायु गुणवत्ता को नियंत्रित करती है। वायु प्रदूषण से जुड़ी होने वाली ज्यादातर स्वास्थ्य समस्यायें एयरोसोल से जुड़ी होती हैं, जिसके कण मानव आंखों को मुश्किल से दिखाई देते हैं जो जलवायु, मौसम और शरीर में विषाक्तता सम्बंधी प्रतिक्रियाओं को जन्म देते हैं। इसके लम्बे समय तक संपर्क में रहने से फेफड़ों के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। अत्याधिक सांद्रता के कारण श्वसन तंत्र अवरुद्ध होने से मृत्यु तक हो सकती है। इसके प्रभाव से जानवर और पौधे भी अछूते नहीं रह सके हैं।

इसके अलावा स्ट्रोक से होने वाली लगभग 40 फीसदी मौतों के लिए वायु प्रदूषण जिम्मेदार है। इस बाबत सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत व न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची की आला पीठ ने सही ही कहा है कि वायु प्रदूषण अब एक गंभीर समस्या का रूप ले चुका है। अब इसका फौरी निदान के बजाय दीर्घ-कालिक उपाय ढूंढना जरूरी हो गया है।

(लेखक पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

उपलब्धि
गजेंद्र सिंह शेखावत



दुनिया के पर्यटन मानचित्र पर भारत की नई छलांग

किसी देश में पर्यटन केवल इसलिए नहीं बढ़ता कि वहां सुंदर पहाड़, प्राचीन मंदिर या समुद्र तट हैं। पर्यटक को वहां पहुंचने के लिए अच्छी सड़क और उड़ान चाहिए। ठहरने के लिए होटल या होमस्टे चाहिए। सही जानकारी, सुरक्षा, साफ-सफाई और अच्छा व्यवहार भी चाहिए। सबसे बढ़कर, उसे ऐसा अनुभव चाहिए जिसे वह जीवन भर याद रख सके। विश्व आर्थिक मंच का यात्रा एवं पर्यटन विकास सूचकांक इन्हीं बातों को परखता है। उसकी 2026 की रिपोर्ट बताती है कि भारत ने इस दिशा में मजबूत कदम बढ़ाए हैं।

भारत 2014 के विश्व में 65 वें स्थान से 2024 में 39वें स्थान तक और अब उस से आगे बढ़कर 160 अर्थव्यवस्थाओं में 31वें स्थान पर पहुंच गया है। हमारा कुल स्कोर 4.42 है, जो 2024 के मुकाबले 4.3 प्रतिशत अधिक है। नई पद्धति से दोबारा गणना किए गए 2019 के 4.36 स्कोर की तुलना में भी यह 1.4 प्रतिशत की बढ़त है। भारत दक्षिण एशिया और निम्न मध्यम आय वाले देशों में पहले स्थान पर है। यह केवल रैंकिंग में सुधार नहीं है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास भी, विरासत भी के विचार पर चल रही पर्यटन नीति के असर की वैश्विक पहचान है।

इस बार की रैंकिंग को समझने के लिए एक बात जानना जरूरी है। 2019 के सूचकांक में चार बड़े क्षेत्र और 90 संकेतक थे। 2026 में 17 स्तंभों और 102 संकेतकों पर देशों को परखा गया है। लोगों की राय पर आधारित संकेतक 33 से घटकर 18 रह गए हैं। यानी आकलन पहले से अधिक वास्तविक आंकड़ों पर टिका है। देशों की संख्या भी 140 से घटकर 110 हुई है, इसलिए पुरानी और नई रैंक को सीधे जोड़कर देखना ठीक नहीं होगा। लेकिन समान आधार पर बढ़ा हुआ स्कोर भारत की प्रगति को साफ तौर पर साबित करता है।

भारत 13 संकेतकों में दुनिया के शीर्ष दस देशों में शामिल है। विदेशी पर्यटकों के औसत प्रवास और पर्यटन आंकड़े समय पर देने में भारत पहले स्थान पर है। ज्ञात रहे की भारत में विदेशी पर्यटकों का औसत प्रवास 17-18 दिन के लगभग होता है जो कि अन्य प्रमुख पर्यटन देशों के औसत की तुलना में दोगुने से भी ज़्यादा है । हवाई अड्डा संपर्क में चौथा और कीमतों की प्रतिस्पर्धा, होटल दरों, क्रय शक्ति तथा अच्छी आय वाली पर्यटन नौकरियों में छठा स्थान मिला है। सड़क घनत्व में भारत दसवें स्थान पर है। देश में बने नए राजमार्ग, बेहतर रेल सेवाएं, नए हवाई अड्डे और क्षेत्रीय उड़ानें अब पर्यटन को भी गति दे रही हैं। उड़ान योजना के 687 मार्ग 95 हवाई अड्डों को जोड़ रहे हैं।

भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी विविधता है। यात्रा संसाधनों के मामले में हम दुनिया में चौथे स्थान पर हैं। प्राकृतिक संसाधनों में सातवीं, सांस्कृतिक संसाधनों में नौवीं और व्यापार, शिक्षा तथा दूसरे गैर-अवकाश यात्रा संसाधनों में आठवीं रैंक मिली है। बड़े खेल स्टेडियमों और शीर्ष विश्वविद्यालयों में भारत तीसरे तथा वैश्विक शहरों में पांचवें स्थान पर है। इसका अर्थ है कि भारत केवल छुट्टियां बिताने का देश नहीं है। वह सम्मेलन, खेल, शिक्षा, विवाह, अध्यात्म, स्वास्थ्य और व्यवसाय से जुड़ी यात्राओं के लिए भी बड़ा केंद्र बन रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की सोच स्पष्ट है विरासत को बचाना भी है और उसे स्थानीय लोगों की समृद्धि से जोड़ना भी है। इसी सोच से पर्यटन मंत्रालय ने केवल दर्शनीय स्थल बनाने के बजाय पूरे गंतव्य के विकास पर जोर दिया है। स्वदेश दर्शन के तहत 15 विषयों पर आधारित पर्यटन सर्किटों में 5,295 करोड़ रुपये से अधिक की 76 परियोजनाएं मंजूर हुईं और 75 पूरी हो चुकी हैं। स्वदेश दर्शन 2.0 में 2,207 करोड़ रुपए से अधिक की 53 परियोजनाएं आगे बढ़ रही हैं। प्रसाद योजना की 54 परियोजनाएं तीर्थ स्थलों पर सफाई, सुरक्षा, सुविधाएं और रोजगार बढ़ा रही हैं। इन प्रयासों का असर रिपोर्ट में दिखाई देता है। पर्यटकों का आना कुछ महीनों तक सीमित न रहे, इससे जुड़े संकेतक में भारत की रैंक 80 से सुधरकर 46 हुई है। आबादी के अनुपात में होटल कमरों की उपलब्धता 117वें से 84वें स्थान पर पहुंची है। डिजिटल पर्यटन सेवाओं का उपयोग 106वें से 91वें, सरकारी पर्यटन खर्च 113वें से 101वें और पर्यटन के आर्थिक प्रभाव से जुड़ा स्थान 41वें से 31वां हुआ है। छोटे किराये के आवासों में भी सुधार हुआ है।

(लेखक भारत सरकार में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री हैं)

श्वास जीवन की पहली और आखिरी क्रिया



संकलित
दर्शन

क्या आपने कभी गिना है कि एक मिनट में आप कितनी बार श्वास लेते हैं? श्वास जीवन की पहली और अंतिम क्रिया है। पूरे जीवन भर हम श्वास लेते रहते हैं, पर उस पर ध्यान नहीं देते। शरीर की लगभग 90 प्रतिशत अशुद्धियाँ श्वास से बाहर निकलती हैं, क्योंकि हम 24 घंटे श्वास लेते हैं, पर अपनी फेफड़ों की क्षमता का केवल 30 प्रतिशत ही उपयोग करते हैं। एक मिनट में हम लगभग सोलह-सत्रह बार श्वास लेते हैं। यदि आप चिंतित हैं तो यह बीस तक बढ़ सकती है, यदि आप क्रोध या अत्यधिक तनाव में हैं तो यह पच्चीस तक जा सकती है। शांत और प्रसन्न होने पर यह लगभग 10 रहती है और ध्यानावस्था में केवल दो-तीन श्वास प्रति मिनट। गहरा ध्यान श्वास की गति को अत्यंत धीमा कर देता है। मन पतंग के समान है और श्वास उसकी डोर। पतंग जितनी ऊंची उड़ानी हो, डोर उतनी लंबी चाहिए। यदि आप श्वास पर ध्यान देना सीख लें, तो किसी औषधि की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। श्वास अपार ऊर्जा प्रदान करती है और प्राणशक्ति को बढ़ाती है। ऊर्जा के चार स्रोत बताए गए हैं- भोजन, नींद, प्राणायाम (सुदर्शन क्रिया) और ध्यान में बिताए गए क्षण। इन सबका संतुलन समग्र स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। सुदर्शन क्रिया के लयबद्ध श्वास-प्रवाह से शरीर की विषाक्तता घटती है और मन में शांति बढ़ती है। शोध से यह प्रमाणित हुआ है कि सुदर्शन क्रिया रोग प्रतिरोधक शक्ति को बढ़ाती है।

जीवन में सब ईश्वर की दया ही है



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक अमीर सेठ के यहां एक नौकर काम करता था, अमीर सेठ अपने नौकर से तो बहुत खुश था, लेकिन जब भी कोई कटु अनुभव होता तो वह भगवान को अनाप शनाप कहता और बहुत कोसता था। एक दिन वह अमीर सेठ ककड़ी खा रहा था, संयोग से वह ककड़ी कच्ची और कड़वी थी। सेठ ने वह ककड़ी अपने नौकर को दे दी। नौकर ने उसे बड़े चाव से खाया जैसे वह बहुत स्वादिष्ट हो। अमीर सेठ ने पूछा- ककड़ी तो बहुत कड़वी थी, भला तुम ऐसे कैसे खा गये? नौकर बोला- आप मेरे मालिक है, रोज ही स्वादिष्ट भोजन देते है, अगर एक दिन कुछ बेस्वाद या कड़वा भी दे दिया तो उसे स्वीकार करने में भला क्या हर्ज है? अमीर सेठ अपनी भूल समझ गया, अगर ईश्वर ने इतनी सुख-सम्पदाएं दी हैं, और कभी कोई कटु अनुदान या सामान्य मुसीबत दे भी दे तो उसकी सद्भावना पर संदेह करना ठीक नहीं। असल में यदि हम समझ सकें तो जीवन में जो कुछ भी होता है, सब ईश्वर की दया ही है। ईश्वर जो करता है अच्छे के लिए ही करता है। हम केवल जीवन में अच्छे व उजले पक्ष को ही देखते हैं। हमें सुख, आराम पसंद है, पर दुख व कष्ट के क्षण आते ही हमारा मन विचलित होने लगता है। जीवन में सुख और दुख दोनों ही पल होते हैं।

सटाका



आज की पाती

जीवित मां-बाप व सास ससुर की सेवा की है?

कहते हैं कि कभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं, बाद में अमृत पिलाने से क्या फायदा? जिन लोगों ने अपने माता-पिता, सास-ससुर और पूर्वजों की उनके जीवित रहते हुए सेवा नहीं की हो, उन्हें लोक दिखावे के लिए उनका श्राद्ध भी नहीं करना चाहिए। इससे ऐसे लोगों के पूर्वजों की आत्मा को शायद ही शांति मिले। हमारे देश में पत्थर को पूजा जाता है। नदियों की पूजा की जाती है। अपने पूर्वजों को याद करने के लिए हमारे देश में श्राद्धों का आयोजन किया जाता है। हमारे देश की महान संस्कृति हमेशा ही संदेश देती है कि हमें अपने पूर्वजों का सम्मान करना चाहिए। पूर्वजों को सम्मान करने से एक तो नैतिकता का संचार होता है, दूसरा उनके चलाए रास्तों पर चलने से कोई भी इनसान कभी नाकामयाब नहीं होता। - वीरेंद्र कुमार, रोहतक

ट्रेंड

जनगणना में भाग लें



जनगणना में भाग लेना हम सभी का राष्ट्रीय कर्तव्य है। इससे देश के भविष्य की सही तस्वीर बनाने में मदद मिलती है। मैं एक बार फिर अपने सभी देशवासियों से आग्रह करता हूँ कि वे इसके लिए ज़रूर समय निकालें।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

मेडल जीतने पर बधाई



नायब सूबेदार गुलवीर सिंह ने एशियन गेम्स पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में ब्रॉन्ज मेडल जीता। उन्होंने तीन इवेंट्स में तीन मेडल अपने नाम किए।गुलवीर ने लगातार अच्छा प्रदर्शन और जबरदस्त जज्बा दिखाया है। एक और मेडल जीतने पर उन्हें बधाई!
- जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

वोटों की चोरी



भारतीय लोकतंत्र के सामने वोटों की चोरी एक बेहद गंभीर समस्या बन गई है। हमारे नेता राहुल गांधी और पूरी कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को पूरी गंभीरता से उठा रहे हैं लेकिन दुर्भाग्य से, चुनाव आयोग चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी और ईमानदार बनाने की दिशा में काम करने को तैयार नहीं है।
- कमलनाथ, पूर्व सीएम, मध्यप्रदेश

छात्राओं की सुरक्षा



आज सभी छात्राएं अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। और सरकार क्या कर रही है? वह सलाह दे रही है। शाम के बाद घर से बाहर न निकलें। अरे सरकार! अपना काम करो। सुरक्षा का इंतजाम करो।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

करंट अफेयर

अमेरिका में ईबी-5 ग्रीन कार्ड की फीस बढ़ेगी



अमेरिका ने देश में निवेश करने और आगे चलकर स्थायी निवास (ग्रीन कार्ड) हासिल करने की इच्छा रखने वाले प्रवासियों के लिए ईबी-5 निवेशक कार्यक्रम की फीस में भारी बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। ईबी-5 निवेशक कार्यक्रम भारतीय उद्यमियों और उनके परिवारों के लिए ग्रीन कार्ड हासिल करने के भरोसेमंद रास्तों में से एक माना जाता है। अमेरिकी नागरिकता एवं आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने मंगलवार को एक अंतिम नियम जारी किया, जिसके तहत ईबी-5 वीजा के लिए आवेदन करने की फीस दोगुने से भी अधिक बढ़ जाएगी। यह नियम 30 नवंबर से प्रभावी होगा। अमेरिका का 'ईबी-5 निवेशक कार्यक्रम' उन विदेशी निवेशकों और उनके निकटतम परिजनों को स्थायी निवास (ग्रीन कार्ड) प्राप्त करने का अवसर देता है, जो किसी अमेरिकी व्यावसायिक उद्यम में निर्धारित पूंजी निवेश करते हैं और अमेरिकी कामगारों के लिए कम से कम 10 पूर्णकालिक नौकरियां पैदा करते हैं। अकेले निवेश करने वाले आवेदकों के लिए फॉर्म आई-526 की फीस 3,675 डॉलर से बढ़कर 7,615 डॉलर हो जाएगी। स्वीकृत रीजनल सेंटर के माध्यम से निवेश करने वाले आवेदकों के लिए शुरुआती फॉर्म आई-526 फीस 3,675 डॉलर से बढ़कर 7,850 डॉलर हो जाएगी।

ऑफ बीट

एआई भाषाई असमानता को बढ़ावा दे सकता है



कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को लेकर यह चिंता लगातार बढ़ रही है कि इससे सामाजिक और आर्थिक असमानता बढ़ सकती है। हालांकि, एआई भाषाई असमानता को भी बढ़ावा दे सकता है, क्योंकि जनरेटिव एआई के पीछे काम करने वाले बड़े भाषा मॉडल में कुछ भाषाओं का प्रतिनिधित्व बहुत अधिक है, जबकि कई अल्पसंख्यक भाषाएं लगभग गायब हैं। जनरेटिव एआई बहुसंख्यक भाषाओं पर बेहतर काम करता है। इसके विपरीत, जिन भाषाओं की ऑनलाइन मौजूदगी बहुत कम है, उनके बारे में एआई मॉडल के पास पर्याप्त आंकड़े नहीं होते। इससे ऐसी भाषाओं में पूछे गए सवालों के गलत या अधूरे जवाब मिलने की संभावना बढ़ जाती है। पापुआ न्यू गिनी की हुला भाषा के करीब 10,000 भाषाभाषी हैं, जबकि तिमोर-लेस्ते में व्यापक रूप से बोली जाने वाली टेटुन भाषा के करीब 10 लाख से अधिक वक्ता हैं। दोनों भाषाओं का एआई मॉडल के प्रशिक्षण आंकड़ों में प्रतिनिधित्व बेहद कम है। शोधकर्ताओं ने पिछले एक वर्ष में एक अलग प्रवृत्ति भी देखी है। एआई स्थानीय समुदायों को अपनी जरूरत के मुताबिक डिजिटल उपकरण बनाने में सक्षम बना रहा है, जिससे वे अपनी भाषाओं और ज्ञान को संरक्षित कर सकते हैं।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।


नीरू ढांडा और क्यानन चेनाई की जोड़ी ने जीता स्वर्ण पदक।

महिला ट्रैप के बाद मिक्स्ड टीम में भी स्वर्ण, नीरू का तीसरा पदक

नीरू ढांडा का दूसरा गोल्ड, मिक्स्ड टीम में भी रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एशियन गेम्स 2026 में मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी की प्रतिभावान खिलाड़ी नीरू ढांडा ने एक और स्वर्णिम उपलब्धि हासिल की है। 30 सितंबर को ट्रैप मिक्स्ड टीम स्पर्धा में नीरू ढांडा और क्यानन चेनाई की भारतीय जोड़ी ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही नीरू ढांडा ने एशियन गेम्स में अपना तीसरा पदक और दूसरा स्वर्ण पदक जीत लिया है। नीरू ने इससे पहले महिला ट्रैप व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था। वहीं महिला ट्रैप टीम स्पर्धा में उन्होंने मनीषा कीर और आशिमा अहलावत के साथ भारत को रजत पदक दिलाया था। अब मिक्स्ड टीम में स्वर्ण जीतकर उन्होंने एशियन गेम्स में अपने पदकों की संख्या तीन कर ली है।

मिक्स्ड टीम में नीरू-क्यानन की जोड़ी का गोल्डन निशाना

ट्रैप मिक्स्ड टीम स्पर्धा में नीरू ढांडा और क्यानन चेनाई की भारतीय जोड़ी ने शानदार निशानेबाजी करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। इस स्वर्ण के साथ नीरू के एशियन गेम्स 2026 अभियान में अब दो स्वर्ण और एक रजत पदक हो गए हैं।

महिला ट्रैप व्यक्तिगत में भी जीता था ऐतिहासिक स्वर्ण

29 सितंबर को नीरू ढांडा ने महिला ट्रैप व्यक्तिगत स्पर्धा में 30 में से 28 सटीक निशाने लगाकर स्वर्ण पदक जीता था। उनके प्रदर्शन ने नया एशियन रिकॉर्ड भी बनाया। वह एशियन गेम्स में महिला ट्रैप व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज बनीं। इसी दिन महिला ट्रैप टीम स्पर्धा में भी नीरू ने भारत को रजत पदक दिलाया था। नीरू, मनीषा कीर और आशिमा अहलावत की भारतीय टीम ने 328 अंकों के साथ रजत पदक हासिल किया। टीम की ओर से नीरू ने 118, आशिमा ने 106 और मनीषा ने 104 अंक अर्जित किए।

मप्र राज्य शूटिंग अकादमी का शानदार प्रदर्शन

नीरू ढांडा और मनीषा कीर का प्रदर्शन मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा को भी सामने लाता है। भोपाल स्थित अकादमी में खिलाड़ियों को शॉटगन सहित शूटिंग की आधुनिक सुविधाओं और उच्च स्तरीय प्रशिक्षण की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है।

नीरू के नाम तीन पदक, दो स्वर्ण

एशियन गेम्स में नीरू ढांडा का प्रदर्शन मप्र के लिए उपलब्धि बन गया है। महिला ट्रैप व्यक्तिगत में स्वर्ण, महिला ट्रैप टीम में रजत और अब ट्रैप मिक्स्ड टीम में स्वर्ण के साथ 3 पदक अपने नाम किए हैं।

इनका दबदबा

स्वर्ण पदक
- क्रांति गौड़ — क्रिकेट
- नीरू ढांडा — शूटिंग, शॉटगन ट्रैप महिला व्यक्तिगत
- नीरू ढांडा — शूटिंग, शॉटगन ट्रैप मिक्स्ड टीम

रजत पदक
- ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर:शूटिंग, 50मी राइफल 3पी टीम
- आशी चौकसे-शूटिंग, 50मी राइफल 3पी महिला टीम
- - नीरू ढांडा-शूटिंग, शॉटगन ट्रैप महिला टीम
- - मनीषा कीर-शूटिंग, शॉटगन ट्रैप महिला टीम

कांस्य पदक
- जय मीणा-सॉफ्ट टेनिस प रूष एकल

खेल मंत्री सारंग ने दी बधाई

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने नीरू ढांडा को एशियन गेम्स में दूसरा स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि नीरू ने अपने शानदार प्रदर्शन से मध्यप्रदेश और देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने नीरू के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्रदेश के खिलाड़ी इसी तरह अंतरराष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहें।



मध्यप्रदेश के खाते में आए अब 3 स्वर्ण, 4 रजत और 1 कांस्य समेत 8 पदक

नीरू ढांडा के मिक्स्ड टीम स्वर्ण के साथ एशियन गेम्स 2026 में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों के पदकों की संख्या 8 हो गई है। मध्यप्रदेश ने अब तक 3 स्वर्ण, 4 रजत और 1 कांस्य पदक जीता है।

खबर संक्षेप

5वीं लॉयन्स बैडमिंटन ट्राफी खुली विद्यालयीन स्पर्धा 3 अक्टूबर से



भोपाल। लॉयन्स क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी 1, लायन्स क्लब आफ इंदौर महानगर और सरताज अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पांचवी लायन्स बैडमिंटन ट्राफी चंद्रकला बिहानी स्मृति खुली विदयालयीन स्पर्धा 3 से 6 अक्टूबर तक मल्हार क्रीड़ा मंडल में होगी, 9,11,13,15और 17 वर्ष बालक और बालिका एकल मुकाबले खेले जाएंगे। लायन्स महानगर चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डा जवाहर बिहानी और सरताज अकादमी के प्रबंध निदेशक धर्मेश यशलहा ने बताया कि लायन्स इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233जी -1 , लायन्स क्लब आफ इंदौर महानगर और सरताज अकादमी यह खुली विद्यालयीन बैडमिंटन स्पर्धा प्रति वर्ष बच्चों में कैंसर के प्रति जागरुकता अभियान के तहत आयोजित करते हैं, स्पर्धा में 9,11,13,15और 17 वर्ष बालक और बालिका एकल मुकाबलें होंगे, विजेता और उपविजेता के साथ ही सेमीफाइनल में पराजित खिलाड़ियों को भी आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे, सभी प्रतियोगियों को प्रमाणपत्र मिलेंगे, मुकाबले योनेक्स फेदर शटलकाकस से खेले जाएंगे। स्पर्धा संयोजक हरीश राजन ने बताया कि स्पर्धा के लिए प्रविष्टियां 1 अक्टूबर तक स्पर्धा सचिव धर्मेश यशलहा, मल्हार क्रीड़ा मंडल प्रशिक्षक शिवाजी नंदवानी और हरीश राजन को दी जा सकती हैं, एक विद्यालय, क्लब से कितनी भी प्रविष्टियां दी जा सकती हैं , खिलाड़ी दो आयु वर्गों में हिस्सा ले सकते हैं, सभी मुकाबले स्कोरिंग सिस्टम 15x3 गेम आधार पर होगे।

25 से 30 सितंबर तक तात्याटोपे स्टेडियम में आयोजन

70वीं राज्य स्तरीय शालेय बॉक्सिंग में भोपाल ओवरऑल चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

- भोपाल संभाग ने पूरे टूर्नामेंट में पाए 186 अंक
- खेल संचालक चंचल शेखर ने किया विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत



70वी राज्य स्तरीय शालेय बॉक्सिंग 14,17 एव 19 वर्ष बालक बालिका प्रतियोगिता का आयोजन 25 से 30 सितंबर तक तात्याटोपे स्टेडियम में किया गया। 186 अंक प्राप्त कर भोपाल संभाग से राज्य स्तरीय शालेय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में ओवर ऑल चैम्पियन बना। राज्य स्तरीय शालेय बिक्सिंग प्रतियोगिता में प्रदेश के 9 संभाग व जन जातीय कार्य विभाग के स्कूल बालक बालिकाओ ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता के स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में भाग लेंगे। समापन समाहरोह में संचालक खेल चंचल शेखर ने खिलाड़ी को कड़ी मेहनत करने की सलाह दी। पदक वितरण समारोह के अंशिका नागर, सहायक संचालक (खेल) लोक शिक्षण एवं प्रवीण मंडलोई सहायक संचालक (खेल) लोक शिक्षण ने खिलाडियो को पदक प्रदान किए।

परिणाम

बालक 14 वर्ष से कम
- विजेता - इंदौर संभाग
- उप विजेता - भोपाल संभाग
- तृतीय - ग्वालियर संभाग

बालक 17 वर्ष से कम
- विजेता -भोपाल संभाग
- उपविजेता - ग्वालियर संभाग
- तृतीय - जबलपुर

बालिका 17 वर्ष से कम
- विजेता - भोपाल संभाग
- उपविजेता - ग्वालियर संभाग
- तृतीय - जबलपुर संभाग

बालक 19 वर्ष से कम
- विजेता- भोपाल संभाग
- उप विजेता -इन्दौर संभाग
- तृतीय - ग्वालियर संभाग

बालिका 19 वर्ष से कम
- विजेता - इंदौर संभाग
- उपविजेता - जबलपुर संभाग
- तृतीय - भोपाल संभाग

सदर्न कमांड लेवल बॉस्केटबॉल टूर्नामेंट

बालक वर्ग में बोलाराम व बालिका वर्ग में खड़की बना सदर्न कमान चैंपियन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सदर्न कमांड लेवल बॉस्केटबॉल टूर्नामेंट अंडर 19 बालक एवं बालिका वर्ग के फाइनल मैच में बुधवार को मुख्य अतिथि आर्मी पब्लिक स्कूल के संरक्षक एवं आर्मी पब्लिक स्कूल अध्यक्ष की उपस्थिति में विजेता विजेता टीमों को पुरस्कार वितरण किया गया। स्कूल की प्राचार्य प्रियंका त्रिवेदी एवं उपप्राचार्य शिल्पी अग्निहोत्री, एचएम शिखा शर्मा उपस्थित रहीं। बालक वर्ग का फाइनल मैच काफी संघर्षपूर्ण रहा। अंतिम स्कोर आर्मी पब्लिक स्कूल बोलाराम 31 अंक, आर्मी स्कूल भोपाल 28 अंक, मात्र तीन अंक से आर्मी पब्लिक स्कूल भोपाल को रनर ट्रॉफी से संतोष करना पड़ा। बालिका वर्ग में आर्मी स्कूल खड़की ने आर्मी स्कूल भोपाल को 53-13 से हराकर विजेता ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया। प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बालक वर्ग मे सात्विक आर्मी पब्लिक स्कूल बोलाराम एवं बालिका वर्ग में डिशिता आर्मी पब्लिक स्कूल खड़की रहे।

आर्मी पब्लिक स्कूल भोपाल के फिजिकल एजुकेशन टीचर विवेक गौर ने बताया कि आर्मी पब्लिक स्कूल बोलाराम एवं आर्मी पब्लिक स्कूल खड़की बालक एवं बालिका वर्ग में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में सदर्न कमांड का प्रतिनिधित्व करेंगे राष्ट्रीय प्रतियोगिता प्रयागराज उत्तर प्रदेश में आयोजित की जाएगी।

सारंग लीग अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट

वीएस ने अकीरा अकादमी को 116 रन से हराया



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी द्वारा आयोजित प्री सारंग लीग अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को वीएस क्रिकेट अकाडमी और अकीरा क्रिकेट अकादमी के मध्य मैच खेला गया। वीएस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तय 40 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 278 रन बनाए। जिसमे कबीर अग्रवाल ने 99 रन बनाए और शतक से चूक गए, जबकि अभिषेक यादव ने 72 रन की पारी खेली। अकीरा के दक्ष और अर्जव ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में अकीरा की टीम 162 रन पर ढेर हो गई, जिसमे उत्सव ने संघर्ष करते हुए 50 और वेदांत ने 36 रन बनाए। वीएस के वंश बाथम और प्रियांश लोधी ने 4-4 विकेट लिए। कबीर ने 1 विकेट लिया। कबीर को मेन ऑफ़ द मैच,, जबकि उत्सव को स्पोर्ट्स एज फाइटर ऑफ़ द मैच चुना गया। उन्हें वरिष्ठ क्रिकेटर और पूर्व सिलेक्टर मनीष शुक्ला, आयोजन सचिव पंकज सिंह ठाकुर और अकीरा के कोच पीयूष राज सक्सेना ने पुरस्कृत किया।

सतना में 26 से 29 सितंबर तक आयोजित हुई प्रतियोगिता

सेज इंटरनेशनल स्कूल की अभिधा ने राज्य स्तरीय ताइक्वांडो में जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



सेज इंटरनेशनल स्कूल, अयोध्या नगर की कक्षा 10-बी की छात्रा अभिधा जैन ने 70वीं राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 29 सितंबर तक सतना में किया गया। अभिधा ने 17 वर्ष से कम आयु वर्ग की 59 किग्रा भार श्रेणी के ताइक्वांडो मुकाबले में भोपाल संभाग की टीम का प्रतिनिधित्व किया। अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर उन्होंने प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। सेज ग्रुप के चेयरमैन डॉ. संजीव अग्रवाल ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि अभिधा की यह सफलता उनकी मेहनत, समर्पण और निरंतर अभ्यास का परिणाम है।

सीबीएसई एथलीट कॉम्पटीशन आज से तात्या टोपे स्टेडियम में

भोपाल। श्री भवंस भारती स्कूल एवं कोपल पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित सीबीएसई क्लस्टर 12 स्टेट लेवल एथलेटिक प्रतियोगिता का आयोजन तात्या टोपे स्टेडियम में 1 अक्टूबर से किया जाएगा। टूर्नामेंट में 106 स्कूलों के 700 बालक एवं बालिका भाग लेंगे। जिसमें तीन आयु वर्ग बॉयज एवं गर्ल्स शामिल हैं। उद्घाटन भाजपा सचिव राहुल कोठारी, महापौर मालती राय एवं स्पोर्ट्स प्रमोटर ग्रुप के अध्यक्ष अरणेश्वर शरण सिंह देव करेंगे।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया है की मैं फाजला मंसूर, पिता शेख मंसूर, आयु वयस्क, निवासी 10, 2, इस्लाम पुरा, हुजुर, भोपाल, जी. ओ. पी., भोपाल, म. प्र. 462001, यह घोषणा करती हूँ की मेरा सही एवं वास्तविक नाम फाजला मंसूर (FAZLA MANSOOR) है। किन्तु आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम फजीला मंसूर (FAZILA MANSOOR) अंकित हो गया है, जो कि गलत है। मेरा वास्तविक व सही नाम अंकसूची में दर्ज होने से प्रमाणित है। जिसे मैं मेरे आधार कार्ड/शासकीय/अशासकीय/शैक्षणिक/अशैकक्षणिक दस्तावेजो में दर्ज करवाना चाहती हूँ। यह की फजीला मंसूर (FAZILA MANSOOR) व फाजला मंसूर (FAZLA MANSOOR) एक ही व्यक्ति (मेरे स्वयं) के नाम है। अतः प्रकाशन के उपरान्त मुझे मेरे वास्तविक व सही नाम फाजला मंसूर (FAZLA MANSOOR) के नाम से जाना पहचाना एवं पड़ा जावे।

पुराना नाम फजीला मंसूर (FAZILA MANSOOR) — नया नाम फाजला मंसूर (FAZLA MANSOOR)

न्यायालय नायब तहसीलदार बैरागढ़ चीचली वृत्त तहसील कोलार भोपाल म.प्र.

प्रकरण क्रमांक 3690/अ-6/2026-27
// इश्तहार //

आवेदक सोनम साहा पत्नी दिलीप साहा निवासी ग्राम बंजारी द्वारा ग्राम बंजारी स्थित खसरा नंबर 9/2 क्षेत्रफल 20x25=500 वर्गफीट पर विक्रय पत्र फौती/वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएवं आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 06/10/2026 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 21/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

अति. तहसीलदार
तहसील कोलार भोपाल

न्यायालय नायब तहसीलदार, वृत्त रतनपुर सडक तहसील-कोलार, जिला भोपाल

इश्तहार
ममला क्रमांक 1482/अ-6/2026-27

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है प्रकरण का संक्षिप्त विवरण आवेदक श्री योगेन्द्र पटेल आत्मज बिहारी लाल निवासी भोपाल म.प्र. आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109-110 मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम रतनपुर सडक स्थित भूमि खसरा क्रमांक 264, 296/264 के अंश भाग पर स्थित भूखण्ड कमांक 109 जिसका रकबा 145.26 वर्गमीटर के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। 2-उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 15/10/2026 इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 30/09/2026 को जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
तहसील कोलार भोपाल

न्यायालय नायब तहसीलदार, वृत्त रतनपुर सडक तहसील-कोलार, जिला भोपाल

इश्तहार
क्रमांक 1760/अ-6/2026-27

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है प्रकरण का संक्षिप्त विवरण आवेदक श्रीमती सेवंती बाई पत्नी श्री बिहारी लाल पटेल निवासी भोपाल मध्य प्रदेश द्वारा पत्र अन्तर्गत धारा 109-110 मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है ग्राम रतनपुर सडक स्थित भूमि खसरा क्रमांक-264, 296/264, के अंश भाग पर गुजंन नगर स्थित आवासीय भूखण्ड क्रमांक 134 पर रकबा 92.93 वर्गमीटर का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक के आधार पर नांमातरण किये जाने हेतु निवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति होतो वह इस इश्तहार के जारी होने के 15 दिन के भीतर इस न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करे। समया वधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 03/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
तहसील कोलार भोपाल

भोपाल समाचार

साधारण सभा की बैठक में निर्णय

अब 2 वर्ष पुराने सदस्य लड़ सकेंगे भोपाल चेंबर का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की वार्षिक साधारण सभा बुधवार को गुजराती समाज भवन में आयोजित हुई। बैठक में चेंबर की कार्यकारिणी का चुनाव लड़ने के लिए निर्धारित सदस्यता अवधि में बदलाव का प्रस्ताव रखा गया। पूर्व में पांच वर्ष की सदस्यता अनिवार्य थी, जिसे घटाकर दो वर्ष करने का प्रस्ताव पारित किया गया। इस निर्णय के बाद चेंबर के दो वर्ष की सदस्यता पूरी कर चुके सदस्य कार्यकारिणी चुनाव के लिए पात्र होंगे।

'जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा' जिलों में पहुंची

मुख्य सचिव बर्णवाल से मिलीं बाल अधिकार आयोग अध्यक्ष डॉ. निवेदिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल से मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. निवेदिता शर्मा ने बुधवार को भेंट कर प्रदेश में बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।

मुलाकात के दौरान बच्चों के अधिकारों के संरक्षण, उनकी शिकायतों के त्वरित निराकरण और विद्यालयों में बच्चों के लिए बेहतर एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ।

डॉ. शर्मा ने मुख्य सचिव के समक्ष विद्यालयों में शौचालयों की स्थिति, माहवारी स्वच्छता प्रबंधन, बालिका गरिमा सूचकांक, स्पॉन्सरशिप तथा बाल संरक्षण से संबंधित विषयों को प्रमुखता से रखा।

पांच आईपीएस और तीन एसपीएस के तबादले

शालिनी भोपाल तो मनीष जबलपुर एएसपी बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश सरकार ने पुलिस प्रशासन में बड़ा फेरबदल करते हुए आठ अधिकारियों की पदस्थापना बदली है।

गृह विभाग ने बुधवार को पांच भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) और तीन राज्य पुलिस सेवा (एसपीएस) के अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। मनीष भारद्वाज को सहायक पुलिस आयुक्त, कोतवाली, नगरीय इंदौर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जिला जबलपुर पदस्थ किया गया है। इसके साथ ही शालिनी दीक्षित को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, जोन-3, नगरीय पुलिस भोपाल से सहायक पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस मुख्यालय भोपाल की जिम्मेदारी दी गई है। शाजापुर, खंडवा, जबलपुर, ग्वालियर में एडिशनल एसपी बदले हैं।

इन आईपीएस को मिली नई जिम्मेदारी

आदित्य सिंघारिया को एसडीओपी सिहोरा, जबलपुर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जिला खंडवा बनाया गया है। मनस्वी शर्मा, जो एसडीओपी त्योंथर, रीवा थी, अब अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जिला उज्जैन, मनीष भारद्वाज को सहायक पुलिस आयुक्त, कोतवाली, नगरीय इंदौर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जिला जबलपुर पदस्थ किया गया है।

कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल
जोन क्रमांक.01 वार्ड क्रमांक.05

विज्ञप्ति
लीज रेंट दुकान / नामांतरण सूचना
लीज रेंट दुकान खाते में निम्नानुसार नामांतरण प्रस्तावित है:-

क्र.	वर्तमान खातेदार का नाम	संपति भवन भूमि का पता	दुकान की आई.डी. न.	प्रस्तावित नामांतरण हेतु खातेदार का नाम	दुकान की साईज	नामांतरण का आधार
1.	श्री हीरो वतनानी पिता स्व. श्री पारुमल वतनानी	दुकान नं0 जी 13 मल्टी लेवल पार्किंग बैरागढ़	3000000640	मोहम्मद कैफ खान पिता श्री मोहम्मद शमीम खान	13.28 वर्ग मी	रजिस्टर्ड दस्तावेज के आधार पर

उक्त नामांतरण पर यदि किसी भी संस्था / व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर आपत्ति लिखित में साक्ष्य एवं दस्तावेज सहित जोनल अधिकारी कार्यालय जोन कं0 01 में प्रस्तुत करें। यदि नियत समय अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होती है तो नगर पालिका अधिनियम 1956 की धारा 167 के अंतर्गत अभिलेखो में नामांतरण कर दिया जावेगा।

जोनल अधिकारी
जोन क्र.-01
नगर निगम भोपाल

सू.क्र.808/026/027

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित शेड क्रमांक - 421/ए मण्डल द्वारा श्री मोहम्मद इलियास आत्मज स्व. श्री मोहम्मद इब्राहिम के नाम से नामांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख मण्डल द्वारा पंजीयन कार्यालय से दिनांक 03/11/1993 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 21/12/2016 को पंजीकृत है। श्री मोहम्मद इलियास आत्मज स्व. श्री मोहम्मद इब्राहिम द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती खुशनुदा बेगम पत्नी श्री मुस्तुफा हुसैन को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 03/09/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती खुशनुदा बेगम पत्नी श्री मुस्तुफा हुसैन के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक- 700/ए मण्डल द्वारा श्रीमती अजीज नूर बानो पत्नी स्व. श्री अब्दुल मन्नान के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख मण्डल द्वारा पंजीयन कार्यालय से दिनांक 26/12/1985 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 18/09/2026 को पंजीकृत है। श्रीमती अजीज नूर बानो पत्नी स्व. श्री अब्दुल मन्नान द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री अब्दुल रईस खान आत्मज श्री अब्दुल मन्नान को दान पत्र के माध्यम से दान कर दिया है। जिसका दान पत्र दिनांक 24/09/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। दानदाता / दानग्रहिता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, दान पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री अब्दुल रईस खान आत्मज श्री अब्दुल मन्नान के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल

वित्त मंत्री से मुलाकात के बाद व्यापारियों ने बदला फैसला

अब व्यापारिक संगठनों के नेताओं ने बदला रुख, कल का होने वाला आंदोलन 'नो यूपीआई डे' लिया वापस, सरकार से करेंगे समाधान पर चर्चा

0.40 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) को लेकर व्यापारियों ने दी थी चेतावनी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूपीआई इस्तेमाल करने वालों के लिए बड़ी खबर है। 2 अक्टूबर को 'नो यूपीआई डे' मनाने का ऐलान अब वापस ले लिया गया है। 2,000 रुपए से ज्यादा के यूपीआई पेमेंट पर प्रस्तावित 0.40 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) को लेकर व्यापारियों के एक बड़े वर्ग ने विरोध जताया था। इसी विरोध में 2 अक्टूबर को यूपीआई से दूरी बनाने का आह्वान किया गया था। अब व्यापारिक संगठनों के नेताओं की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात के बाद यह फैसला वापस ले लिया गया है।

पहले एमडीआर को लेकर व्यापारियों ने जताया था केंद्र का विरोध



20 वरिष्ठ व्यापारिक नेता वित्त मंत्री से मिले

सांसद खंडेलवाल के नेतृत्व में वित्तमंत्री से की मुलाकात

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री और चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल के नेतृत्व में करीब 20 वरिष्ठ व्यापारिक नेताओं ने वित्त मंत्री से मुलाकात की। बैठक में कारोबारियों ने 2,000 रुए से ज्यादा के रुपए लेन-देन पर 0.40 फीसदी एमडीआर लगाने के प्रस्ताव को लेकर अपनी चिंता बताई। व्यापारियों का कहना है कि डिजिटल पेमेंट का इस्तेमाल लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में अगर हर बड़े यूपीआई लेन-देन पर दुकानदारों पर अतिरिक्त शुल्क आता है, तो खासकर छोटे और मध्यम कारोबारियों पर इसका असर पड़ सकता है।

हमारे आंदोलन का मकसद सरकार तक बात पहुंचानी थी

एआईसीपीडीएफ और एआईएमआरए समेत कुछ व्यापारिक संगठनों ने 2 अक्टूबर को 'नो यूपीआई डे' मनाने का आह्वान किया था। इसका मकसद यूपीआई को बंद करना नहीं, बल्कि प्रस्तावितएमडीआर के खिलाफ सरकार तक अपनी बात पहुंचाना था। अब वित्त मंत्री के साथ हुई बातचीत के बाद दोनों संगठनों ने यह आह्वान वापस ले लिया है। सरकार ने उनकी चिंताओं पर उचित विचार करने का भरोसा दिया है।

दुकानदारों को इस बात की थी चिंता

यदि किसी दुकान पर ग्राहक ने 10,000 रुपए का यूपीआई पेमेंट किया। प्रस्तावित 0.40 फीसदी एमडीआर के हिसाब से शुल्क करीब 40 रुपए बनता है। कारोबारियों की चिंता है कि बड़ी संख्या में डिजिटल पेमेंट होने पर ऐसे छोटे-छोटे शुल्क मिलकर उनके खर्च को बढ़ा सकते हैं। खासकर छोटे दुकानदारों और कम मार्जिन वाले कारोबार में व्यापारी यह देखना चाहते हैं कि डिजिटल पेमेंट की सुविधा बनी रहे, लेकिन उसका खर्च सीधे उनकी जेब पर न आए।

व्यापारी बोले- हम यूपीआई के खिलाफ नहीं

व्यापारिक संगठनों ने साफ किया कि उनका विरोध यूपीआई से नहीं है। कारोबारियों का कहना है कि यूपीआई ने देश में पेमेंट करना बेहद आसान बना दिया है। छोटी दुकान से लेकर बड़े स्टोर तक लोग इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। हम इसके खिलाफ नहीं हैं।

खबर संक्षेप

पुरी में 6 साल बाद फिर खुला गुंडिचा मंदिर

पुरी। ओडिशा के पुरी में प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर के समीप स्थित गुंडिचा मंदिर 6 साल के अंतराल



के बाद बुधवार को श्रद्धालुओं के लिए फिर से खोल दिया गया। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाढ़ी की मौजूदगी में अनुष्ठान संपन्न होने के बाद सुबह 7.45 बजे द्वार खोले गए। कोविड से बंद था।

नीला ड्रम हत्याकांड मुस्कान, साहिल दोषी

मेरठ। चर्चित सौरभ राजपूत हत्याकांड में पति की हत्या करके लाश को नीले ड्रम में पैक करने के



आरोपी मुस्कान रस्तोगी और उसके प्रेमी साहिल को कोर्ट ने दोषी करार दिया है। फैसला जिला जज अरविंद कुमार मिश्रा ने सुनाया। सजा का ऐलान 14 अक्टूबर को किया जाएगा। 22 से ज्यादा गवाहों के बयान दर्ज हुए हैं।

भाजपा विधायक को पाक से मिली धमकी

मथुरा। यहां के मांट विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री राजेश चौधरी ने



पाकिस्तानी नंबर से धमकी भरे फोन आने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। उन्होंने मामले में मुकदमा दर्ज कर अपने और परिवार की सुरक्षा की व्यवस्था कराने की मांग की है। मंगलवार रात 10:38 बजे कॉल आई।

पूर्व पुलिस अधिकारी वाजे की जमानत पर रोक

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट से मुंबई के पूर्व पुलिस अधिकारी सचिन वाजे को बड़ा झटका लगा है। हाई कोर्ट



ने वाजे को मिली जमानत पर रोक लगा दी है। वाजे को 2021 के एंटीलिया बम धमकी मामले और मनसुख हिरेन हत्याकांड में स्पेशल कोर्ट ने 29 सितंबर को जमानत दी थी। वाजे बॉम्बे हाई कोर्ट गए थे।

जालंधर में केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने किया बड़ा ऐलान

पंजाब के लोग भाजपा को एक मौका दें

सरकार बनी तो 31 दिसंबर 2029 से पहले पंजाब को नशामुक्त कर देंगे



एजेंसी ▶▶ जालंधर

पंजाब में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले नशे को प्रमुख चुनावी मुद्दा बनाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को जालंधर के परागपुर में आयोजित नशामुक्त पंजाब महारैली में आम आदमी पार्टी सरकार पर तीखा हमला बोला। 18 सितंबर से शुरू हुई भाजपा की 4 नशामुक्त पंजाब यात्राओं के 117 विधानसभा क्षेत्रों में करीब 4000 किलोमीटर का सफर पूरा करने के बाद आयोजित रैली में शाह ने कहा कि पंजाब को चिट्टे से मुक्त करने के लिए भाजपा को एक मौका दिया जाए। 31 दिसंबर 2029 तक पंजाब को नशामुक्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंजाब की माताओं, बहनों और युवाओं को वह यह भरोसा देने आए हैं कि तय समय सीमा के बाद बच्चों को चिट्टा देने वाला कोई नहीं बचेगा। शाह ने कहा कि पंजाब देश के अन्न भंडार भरने वाले किसानों और देश की सीमाओं की रक्षा के लिए सबसे आगे रहने वाले जवानों की धरती है। पंजाब के जवानों ने सबसे पहले अपना बलिदान दिया।

भाजपा की 4 नशामुक्त पंजाब यात्राओं के 117 विधानसभा क्षेत्रों में 4,000 किमी का सफर पूरा करने के बाद रैली में शाह ने कहा

खास बातें

- परागपुर में आयोजित नशामुक्त पंजाब महारैली में शाह ने किया दावा
- आप सरकार के चिट्टे से पूरा राज्य परेशान हो रहा, युवा नशे के गिरफ्त में आ रहे



जालंधर में त्रिपुरमालिनी शक्ति पीठ के दौरे के दौरान गृह मंत्री अमित शाह

मान से मांगा वादों का हिसाब, हमने जो कहा वो करके दिखाएंगे

गृह मंत्री शाह ने कहा कि पंजाब में निकम्मी सरकार को हटा दो, 2 साल में इसे नशा मुक्त कर देंगे। ये नशा हमारी आने वाली पीढ़ियों को बर्बाद कर रहा है। मैं मान से पूछना चाहता हूं कि आपके वादों का क्या हुआ, आप तो 25 लाख युवाओं को नौकरी देने वाले थे। सभी फसलों पर एमएसपी देने वाले थे, आपने तो नहीं दिया लेकिन हरियाणा ने देकर दिखाया। गृह मंत्री शाह बोले कि हम किसानों की समस्या का समाधान करेंगे। हम पंजाब की वित्तीय हालात को ठीक भी करेंगे। युवाओं को रोजगार देंगे। भाजपा को पंजाब में वोट देना है। आप केवल और केवल नशामुक्त पंजाब के लिए वोट देना।

मान सरकार ने चिट्टे का कारोबार बढ़ाया, ये क्या रोकेंगे

शाह ने कहा कि पंजाब का विकास तब तक नहीं हो सकता, जब तक उसका युवा नशे से मुक्त नहीं होगा। शाह ने आप सरकार और सीएम भगवंत मान पर आरोप लगाया कि पंजाब में चिट्टे के कारोबार को रोकने के बजाय उसे बढ़ने दिया। उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल ने तीन महीने में पंजाब को नशामुक्त करने की गारंटी दी थी, लेकिन नशा खत्म नहीं हुआ।

जो खुद घोटाले में लिप्त वे युवाओं को क्या भविष्य देंगे

शाह ने मान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 'मान ने नशे के व्यापार को और बढ़ाया है' और आरोप लगाया कि जो लोग खुद शराब घोटाले में घिरे रहे हैं, वे युवाओं को नशामुक्त भविष्य नहीं दे सकते।

संबोधन के पहले शहीदों को श्रद्धांजलि दी

शाह ने पंजाब के लोगों से भाजपा का समर्थन करने की अपील भी की और कहा कि पार्टी 2029 के अंत तक चिट्टा के कारोबार को खत्म करने की दिशा में काम करेगी। आज मैं माताओं और युवाओं से वादा करता हूं कि चुनाव में भाजपा का समर्थन करें। हम 31 दिसंबर 2029 से पहले हम पंजाब को चिट्टा के कारोबार से मुक्त कर देंगे। शाह ने संबोधन की शुरुआत सिख गुरुओं और पंजाब से जुड़े अन्य प्रमुख लोगों को श्रद्धांजलि देकर की।

नशा रोकना हम सबकी जिम्मेदारी: हरभजन

शाह की नशे के खिलाफ महारैली को लेकर भाजपा सांसद हरभजन सिंह ने कहा कि



बिल्कुल यह बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है और यह हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि पंजाब से नशा खत्म हो। कुछ दिन पहले शुरू हुई रैली आज समाप्त हो गई है। मैं उम्मीद करता हूं कि पंजाबी इस रैली से जागरूक हों। पंजाब से नशा पूरी तरह समाप्त करना हम सबकी जिम्मेदारी है।

जमीन धोखाधड़ी मामला

'विशेष पीएमएलए' ने हेमंत के खिलाफ आरोप तय किए

वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पेश हुए सीएम

एजेंसी ▶▶ रांची

रांची की विशेष पीएमएलए अदालत ने 8.86 एकड़ जमीन की कथित धोखाधड़ी से जुड़े मामले में बुधवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ आरोप तय किए। उनके वकील ने यह जानकारी दी।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राज्य की राजधानी के बरगाईं क्षेत्र में जमीन के कथित अवैध अधिग्रहण और हस्तांतरण के संबंध में धनशोधन का मामला दर्ज किया है। अधिवक्ता संजीव सहाय ने कहा कि विशेष पीएमएलए अदालत ने



झारखंड के मुख्यमंत्री के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं और अब मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। सोरेन सुनवाई के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पेश हुए। इस मामले में अब सुनवाई शुरू होगी और गवाहों के बयान दर्ज किए जाएंगे।

भूमि के बदले नौकरी घोटाला

लालू और परिवार के खिलाफ नए सिरे से दलीलें सुनेगी कोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत रेलवे में जमीन के बदले नौकरी से जुड़े धनशोधन मामले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता लालू प्रसाद यादव और अन्य के खिलाफ आरोपों पर दलीलें नए सिरे से सुनेगी।

विशेष न्यायाधीश प्रशांत कुमार ने बुधवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के वकील आरोप तय करने के बिंदु पर नए सिरे से दलीलें पेश करने के लिए कुछ समय मांग रहे हैं। आरोप तय करने के संबंध में दलीलों के लिए 14 अक्टूबर को मामला सूचीबद्ध किया जाए। इससे पहले, विशेष



न्यायाधीश विशाल गोगने ने आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने के संबंध में आदेश सुरक्षित रख लिया था। ईडी ने इस साल 16 मार्च को आरोप तय करने के बिंदु पर अपनी दलीलें पूरी कर ली थीं।बाद में न्यायाधीश गोगने का तबादला द्वारका अदालत में कर दिया गया। बुधवार को अदालत के कर्मचारियों ने सूचित किया कि न्यायाधीश का तबादला हो चुका है।

कैबिनेट ने ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर चरण-3 को मंजूरी

1.86 लाख करोड़ की योजना से मजबूत होगा राज्यों का पावर ग्रिड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर चरण-3 योजना को मंजूरी दे दी है। इस पहल का उद्देश्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की



इंट्रा-स्टेट ट्रांसमिशन सिस्टम मजबूत होगा, जिससे 135 जीवी तक की नवीकरणीय ऊर्जा की निकासी और ग्रिड में एकीकरण संभव होगा। यग्रिड में लचीलापन बढ़ाने के लिए 50 जीडब्ल्यूएच बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम भी लगाए जाएंगे। इन्हें रिनेबल एनर्जी डेवलपर या जनरेटर के स्तर पर अथवा ग्रिड के लिए अहम अन्य स्थानों पर स्थापित किया जा सकेगा।

एकीकृत यातायात प्रबंधन प्रणाली भी स्वीकृत

कैबिनेट ने दिल्ली में एकीकृत यातायात प्रबंधन प्रणाली लागू करने को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना पर 1,789.52 करोड़ खर्च किए जाएंगे। इसका उद्देश्य दिल्ली में यातायात व्यवस्था को आधुनिक तकनीक के जरिए अधिक सुचारु, सुरक्षित और प्रभावी बनाना है। इसके तहत दिल्ली के 42 प्रमुख यातायात गलियारों को 3चरणों में शामिल किया जाएगा। इसे 24 महीने में लागू करने का लक्ष्य है।

सुप्रीम कोर्ट लेगा फैसला

पटाखों पर पूरी तरह रोक फिलहाल नहीं लगा सकते

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने दिवाली से पहले पटाखे जलाने वाले मामले पर सुनवाई करते हुए कहा कि पूरे देश में पटाखों पर पूरी तरह रोक लगाने पर विचार नहीं किया जा रहा है। कोर्ट ने कहा कि धार्मिक भावनाओं,



स्वास्थ्य और पर्यावरण से जुड़ी चिंताओं के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी है। जस्टिस एमएम सुंद्रेश ने कहा कि चौबीसों घंटे पटाखे जलाने की इजाजत नहीं दी जा सकती। उन्होंने संकेत दिया कि कोर्ट पटाखे जलाने के लिए तय समय और इस्तेमाल किए जा सकने वाले पटाखों के प्रकार पर विचार करेगा। कोर्ट ने केंद्र और सीपीसीबी को बेरियम की जांच और डेसिबल लेवल तय करने, संयुक्त फायर टेस्ट के लिए समय भी दिया। अगली सुनवाई 15 अक्टूबर को होगी।

भाजपा ने सीएम रेड्डी के बयान पर कांग्रेस को कठघरे में खड़ा किया

भाजपा प्रवक्ता सुधांशु बोले

जो राम का विरोध कर भगवान शिव की पूजा करे, वह रावण के समान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने तेलंगाना के सीएम ए रेवंत रेड्डी की भगवान राम और भगवान शिव के संबंध में हालिया टिप्पणियों की आलोचना की और कांग्रेस पर हिंदुओं के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश का आरोप लगाया। रेड्डी ने दावा किया था कि कांग्रेस सिर्फ दक्षिण में सफल है, उत्तर के राज्यों में नहीं, क्योंकि भाजपा ने भगवान राम को हथिया लिया है। दक्षिणी राज्यों में शिव की पूजा होती है। शिव गरीबों के भगवान हैं, राम अमीरों के भगवान हैं और भाजपा अमीरों की पार्टी है। इस पर भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि हिंदू समाज को पूरी ताकत के साथ बांटने की हर साजिश में शामिल रही कांग्रेस अब हिंदू देवी-देवताओं को भी बांटने के स्तर तक गिर गई है।

इसे भारत की राजनीति में सबसे घृणित उदाहरणों में से एक बताया

सुधांशु ने कहा कि मेरा मानना है कि यह भारत की राजनीति में सबसे घृणित उदाहरणों में से एक है। ऐसा



प्रतीत होता है कि मुस्लिम लीग के साथ सत्ता में रहते हुए कांग्रेस पर पड़ा इस्लामी प्रभाव इतना गहरा हो गया है कि पार्टी हिंदू देवी-देवताओं को इस्लाम और ईसाई धर्म के चश्मे से देखने लगी है। जो कोई भगवान राम का विरोध करते हुए भगवान शिव की पूजा करता है, वह 'रावण की तरह' है। यह रामचरितमानस में लिखा है। कोई राम का विरोध कर शंकर की भक्ति का दावा करता है, वह 'राक्षसों' की प्रवृत्ति को ही दर्शाता है।

'इंडिया ब्लाक' की बैठक पर बोले भाजपा नेता शाहनवाज़

आप बाहर अब डीएके भी आउट

गठबंधन में न कोई नेता न लीडरशिप बैठक में हर बार गिरते जा रहे विकेट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गठबंधन की बैठक पर भाजपा नेता शाहनवाज़ हुसैन ने कहा कि इंडीगठबंधन जैसी कोई चीज नहीं है।



गठबंधन के लोगों के पास न तो कोई ऑफ़िस है, न कोई अध्यक्ष। कोई पॉलिसी नहीं है, न कोई लीडरशिप। हर बैठक में उनकी संख्या कम होती जा रही है। जब भी वे कोई बैठक करते हैं, तो अगली बैठक तक उनके एक-दो 'विकेट' गिर चुके होते हैं। आप का विकेट पहले ही गिर चुका है। डीएमके का विकेट गिर चुका है। इस बीच शिवराज सिंह चौहान ने कहा, गठबंधन के नेताओं को राहुल गांधी की लीडरशिप पसंद ही नहीं, इसीलिए तो बड़े बड़े नेता इस बैठक से दूर हैं।

बंगाल में ऐतिहासिक चुनाव कराया

टीएमसी का बागी गुट बोला- ज्ञानेश को मिले भारत रत्न

चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर सियासत तेज है। एसआईआर मामले के बाद से विपक्ष उनके इस्तीफे की मांग कर रहा है। इसी बीच नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया ने उन्हें भारत रत्न देने की मांग की है। पार्टी ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को भारत रत्न देने का अनुरोध किया है। पार्टी के अध्यक्ष ज्योतिप्रकाश चटर्जी ने बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान कुमार के नेतृत्व की तारीफ की और शांतिपूर्ण मतदान, वोटर लिस्ट में सुधार और रिकॉर्ड मतदान का जिक्र किया।

आज से एलपीजी यूपीआई और रेलवे टिकट के नियम बदले

ग्राहकों से एमडीआर नहीं कटेगा, केवाईसी जरूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की डेडलाइन 21 नवंबर की

अक्टूबर में एसबीआई की नई लिमिट, एलपीडी के लिए आधार ऑथेंटिकेशन, एनपीएस और यूपीआई नियमों में बदलाव अहम हैं। नया यूपीआई एमडीआर फ्रेमवर्क,

■ 1 अक्टूबर से होंगे लागू

जो 2000 रुपए से ऊपर के खास मर्चेंट ट्रांजैक्शन पर लागू होगा। ग्राहकों से कोई एमडीआर नहीं कटेगा और व्यक्ति से-व्यक्ति यूपीआई ट्रांजैक्शन मुफ्त रहेंगे। सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज ने टैक्स ऑडिट रिपोर्ट फाइल करने की डेडलाइन बढ़ाकर 21 अक्टूबर कर दी गई है, जबकि इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की डेडलाइन 31 अक्टूबर से बढ़ाकर 21 नवंबर कर दी गई है।

एलपीजी के लिए बायोमेट्रिक आधार ऑथेंटिकेशन जरूरी

1 अक्टूबर से घरेलू एलपीजी ग्राहकों को सब्सिडी के साथ तय रिटेल सेलिंग प्राइस पर



रिफिल बुक करने के लिए बायोमीट्रिक आधार ऑथेंटिकेशन पूरा करना होगा। जो पूरा नहीं करते, वे भी एलपीजी ले सकते हैं, लेकिन उन्हें बिना सब्सिडी के लागू मार्केट प्राइज पर एलपीजी मिलेगी। यह कंपनियों के नियमों के अधीन होगा।

दूसरे बैंकों के एटीएम पर मुफ्त मासिक ट्रांजैक्शन संख्या 5 होगी

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सैलरी पैकेज अकाउंट होल्डर्स के लिए दूसरे बैंकों के एटीएम पर मुफ्त



मासिक ट्रांजैक्शन की संख्या 10 से घटाकर 5 कर देगा। इस लिमिट में फाइनेंशियल और नॉन-फाइनेंशियल, दोनों तरह के ट्रांजैक्शन शामिल होंगे। बेसिक सेविंग्स बैंक डिपॉजिट अकाउंट्स के लिए, महीने में 4 बार कैश निकालना मुफ्त रहेगा, फिर 15 रुपए और जीएसटी का चार्ज लगेगा।

रेलवे यात्रा के दौरान ओरिजिनल पहचान पत्र

सेंट्रल रेलवे 31 अक्टूबर तक एक खास 'टिकट चेकिंग अभियान' चलाने जा रहा है। इस अभियान का



सबसे बड़ा नियम है 'वन टिकट, वन ओरिजिनल आईडी'। अब सफर के दौरान सिर्फ टिकट होना ही काफी नहीं है, बल्कि ओरिजिनल पहचान पत्र भी होना चाहिए।

ईरानी नाव संग की जा रही 3 हजार करोड़ रुपए के नशीले पदार्थों की तस्करी का भंडाफोड़

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

तटरक्षकबल और गुजरात एटीएस ने संयुक्त अभियान चलाकर हासिल की यह बड़ी कामयाबी

526 किलोग्राम हेरोइन, मेथामफेटामाइन के साथ पकड़े गए 5 पाकिस्तानी नागरिक

बीते 5 वर्षों में निषिद्ध माल की 89 घटनाएं 127.571 करोड़ का 4 लाख किलो माल जब्त

पाकिस्तान 'भारत को हजार घाव देकर लहूलुहान करने की अपनी नापाक नीति' को लगातार अपनाने से बाज नहीं आ रहा है। ताजा मामला पिछले सप्ताह शुक्रवार 25 सितंबर का है। जिसमें खुफिया जानकारी के आधार पर भारतीय तटरक्षकबल (आईसीजी) और गुजरात एटीएस ने एक संयुक्त अभियान चलाकर लक्षद्वीप के पश्चिम में अरब सागर में 3 हजार करोड़ रुपए से अधिक के नशीले पदार्थों की तस्करी से जुड़े एक बड़े अंतरराष्ट्रीय रैकेट का पर्दाफाश किया है। यह जानकारी बुधवार को तटरक्षकबल ने एक बयान जारी कर दी है।



5 साल में जब्त किया 8 हजार किग्रा. नशीला पदार्थ

संयुक्त अभियान के दौरान हिरासत में ड्रग्स तस्कर और जब्त नशीले पदार्थ

आंकड़ों के हिसाब से बीते पांच वर्षों में ऐसी कुल 25 घटनाएं सामने आई हैं। जिनमें तटरक्षकबल ने अभियान चलाकर 8 हजार किलोग्राम से अधिक की मात्रा में नशीले पदार्थों (नारकोटिक्स) को जब्त किया है। इनका बाजार मूल्य 43 हजार करोड़ रुपए से अधिक है। वहीं, इसी अवधि में निषिद्ध माल (कांट्राबैंड) की बात करें तो उससे जुड़ी कुल 89 घटनाएं बल के सामने आई हैं, जिनमें 4 लाख किलोग्राम से अधिक का प्रतिबंधित माल पकड़ा गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में जिसकी कीमत 127.571 करोड़ रुपए है।

ईरान की नाव की आड़ में नहीं दे पाए धोखा

अभियान के दौरान आईसीजी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए समुद्री इलाके में सटीक समुद्री हवाई निगरानी और लगातार नजर बनाए रखी। जिसका परिणाम 526 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाली हेरोइन और मेथामफेटामाइन जैसे नशीले पदार्थों की जब्ती और पाकिस्तान के पांच नागरिकों की गिरफ्तारी के रूप में सामने आया है। अपनी कार्रवाई के दौरान बल ने सबसे पहले ईरान की एक संदिग्ध नाव का पीछा करते हुए उसे रोका। बाद में व्यापक जांच पड़ताल के बाद उसमें मौजूद मादक पदार्थों को जब्त किया गया है। फिलहाल नशीले पदार्थों की इस खेप को आगे की पड़ताल के लिए मुंबई लेकर जाया गया है।

'नशा मुक्त भारत' अभियान को मिलेगी मजबूती

तटरक्षकबल और गुजरात एटीएस का यह साझा अभियान 'ऑपरेशन नशा मुक्त भारत' के राष्ट्रीय विजन में महत्वपूर्ण योगदान के समान है। इसके अलावा यह नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने और समुद्री इलाकों में गैर-कानूनी गतिविधियों को लेकर बनी हुई आईसीजी की शून्य सहिष्णुता (जीरो टॉलरेंस) की नीति को लेकर बनी हुई प्रतिबद्धता को भी बखूबी प्रदर्शित करता है।

2026 में सामने आई 4 घटनाएं

बीते 5 वर्षों में तटरक्षकबल द्वारा चलाए गए 25 अभियानों के जरिए 8 हजार 46.821 किलो मादक पदार्थों की खेप पकड़ी गई है। जिसकी वैश्विक बाजार में कीमत 43 हजार 543.214 करोड़ रुपए है। मौजूदा साल 2026 में कुल 4 मामले सामने आए हैं। जिसमें पहले के 3 मामलों में 166.977 किलो नशीले पदार्थ को जब्त किया गया। जिसकी कीमत 1 हजार 174 करोड़ रुपए है। जबकि 25 सितंबर को सामने आए मामले में 526 किलो नशीले पदार्थों की खेप पकड़ी गई और उसका बाजार मूल्य 3 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा है। मौजूदा साल में कुल 4 हजार 174 करोड़ रुपए का मादक पदार्थ तटरक्षकबल ने जब्त किया है। इसके अलावा निषिद्ध माल की बात करें तो 2022 से 2026 तक ऐसे कुल 89 मामले सामने आए हैं। जिनमें 4 लाख 54 हजार 126.796 किलो निषिद्ध माल जब्त किया है। जिसकी कीमत 127.571 करोड़ रुपए है। पूर्व अवधि में मादक पदार्थों की तस्करी के सबसे ज्यादा 9 मामले 2022 में सामने आए और उनमें 2 हजार 907.540 करोड़ रुपए के बाजार मूल्य वाला 886.5 किलो वजनी नशीला पदार्थ पकड़ा गया था।

खबर संक्षेप

नीदरलैंड में 24 महीने के बच्चे को इच्छामृत्यु



एम्स्टर्डम। नीदरलैंड में पहली बार 24 महीने के बच्चे को इच्छामृत्यु दी गई। साल 2024 में लागू हुए नियम के बाद यह पहला मामला है। स्वास्थ्य मंत्री सोफी हरमन्स ने बताया कि 2025 के अंत में गंभीर बीमारी से पीड़ित एक बच्चे की इच्छामृत्यु दी गई थी। बच्चे का जन्म 26 सप्ताह व तीन दिन की गर्भावस्था में हुआ था। समय पहले जन्म से उसे मस्तिष्क को गंभीर नुकसान पहुंचा था।

युगांडा में पत्रकार से राजा बने एडवर्ड रुकिडी



कंपाला। युगांडा के टूरो साम्राज्य में एक पत्रकार को पारंपरिक राजशाही का राजा बनाया गया। इस राजशाही ने पिछले महीने ही अपने राजकुमार को खो दिया था, जिसके बाद टूरो साम्राज्य में उत्तराधिकार को लेकर विवाद भी हुआ था। यह पत्रकार एक राजकुमार भी हैं जो लंबे समय से युगांडा ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन में ब्रॉडकास्टर और एडिटर के तौर पर काम कर रहे थे।

एफबीआई के हजारों कर्मियों का डेटा चोरी



वॉशिंगटन। अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई के हजारों मौजूदा व पूर्व कर्मियों का संवेदनशील निजी डाटा चोरी हो गया है। साइबर अपराधी समूह शाइनी हंटर्स ने इसे डाटा एजेंसी के नौकरी पोर्टल से चुराया और ऑनलाइन लीक करने की धमकी भी दी थी। इस हमले में हजारों कर्मियों के डाटा चोरी के साथ एजेंटों की जान को भी खतरा बताया जा रहा है।

घर खरीदारों से धोखाधड़ी मामले में 2 गिरफ्तार



नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने घर खरीदारों के साथ कथित धोखाधड़ी से जुड़े धन-शोधन के मामले में गुरुग्राम की रियल एस्टेट कंपनी वाटिका समूह के दो प्रवर्तकों को गिरफ्तार किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने बताया कि वाटिका लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (सीएमडी) अनिल भल्ला और प्रवर्तक गौतम भल्ला को 28 सितंबर को हिरासत में लिया गया था।

मणिपुर में सुरक्षाबलों ने जब्त किए हथियार



इंफाल। मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में सुरक्षाबलों ने एक ड्रोन बम, हथियार एवं गोला-बारूद जब्त किया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि जब्त सामान में एक एमपी5 सब-मशीन गन (मैगजीन सहित), 4 हथगोले, एक ड्रोन बम, 6 अपरिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी), विभिन्न हथियारों की 7 मैगजीन और कारतूस शामिल हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और प्रमुख एआई कंपनियों के अधिकारियों के बीच बैठक

'व्हाइट हाउस अकॉर्ड' पर लगी मुहर एआई पर नैतिक लगाम लगाने पर राजी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

कंपनियों ने स्वतंत्र ऑडिटिंग की जिम्मेदारी खुद ली

एआई से साइबर हमलों से निपटने सुरक्षा कड़ी होगी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में दुनिया की बड़ी टेक और एआई कंपनियों के प्रमुखों के साथ बैठक की। ट्रंप ने इसे अमेरिका के टेक्नोलॉजी सेक्टर के लिए एक खास बैठक बताया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य एआई के संभावित खतरों को देखते हुए इसकी सुरक्षा, विश्वसनीयता और जवाबदेही तय करना था। इस मीटिंग में 'व्हाइट हाउस अकॉर्ड' पर मुहर लगाई गई, जिसके तहत कंपनियों ने एआई से साइबर हमलों, जैविक हथियार के खतरों और अनधिकृत हैकिंग जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए कड़े सुरक्षा घेरे बनाने और स्वतंत्र ऑडिटिंग की जिम्मेदारी खुद ली।

एआई कंपनियों के अधिकारियों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता की सुरक्षा के लिए स्वैच्छिक मानक तैयार करने पर सहमति जताई है। बैठक में एक्स से एलन मस्क, मेटा से मार्क जुकरबर्ग, एनवीडिया से जेन्सेन हुआंग, एंथ्रोपिक से डारियो अमोदेई, गूगल से सुंदर पिचाई और ओपनएआई के प्रेसिडेंट ग्रेग ब्रॉकमैन, अमेजन के जेफ बेजोस और पालांटिर के एलेक्स कार्प भी मौजूद थे। वहीं, मीटिंग की अध्यक्षता में डोनाल्ड ट्रंप के साथ अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और हाउस स्पीकर माइक जॉनसन भी शामिल थे।

10 सदस्यीय बोर्ड के गठन का प्रस्ताव



टेक दिग्गजों के साथ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

ट्रंप ने एआई सुरक्षा की निगरानी के लिए 10 सदस्यों वाले एक बोर्ड के गठन पर विचार करने की बात भी कही। उन्होंने इस बोर्ड के संभावित सदस्यों के नाम नहीं बताए। साथ ही, उन्होंने कहा कि एआई से जुड़ी व्हाइट हाउस की नीतियों का नेतृत्व करने के लिए जल्द एक नए अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी।

डेटा सेंटरों का विस्तार होगा, प्रभावित समुदाय को कंपनियां देंगी लाभ

बैठक में डेटा सेंटरों का विस्तार भी प्रमुख मुद्दा रहा। एआई मॉडल को प्रशिक्षित करने और चलाने के लिए बड़े डेटा सेंटरों की जरूरत होती है। हालांकि, अमेरिका के कई समुदायों में बिजली की बढ़ती मांग, बिजली की लागत और स्थानीय स्तर पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर इन परियोजनाओं का विरोध भी हो रहा है। ट्रंप ने कहा कि तकनीकी कंपनियां डेटा सेंटरों के निर्माण से जुड़े समुदायों को लाभ पहुंचाने के लिए काम करेंगी। उन्होंने कहा कि बड़ी तकनीकी कंपनियां स्थानीय समुदायों में बड़े स्तर पर योगदान करेंगी। इससे पहले ट्रंप सोशल मीडिया पर कह चुके हैं कि समुदायों को डेटा सेंटर्स का विरोध तभी करना चाहिए जब वे पिछड़े और गरीब बने रहना चाहते हों।

एआई की जगह सुपर इंटेलिजेंस

अमेरिका में अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को सुपर इंटेलिजेंस के नाम से जाना जाएगा। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में एआई का नाम बदलने वाले दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए। ट्रंप और तकनीकी कंपनियों के प्रमुखों ने व्हाइट हाउस में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत वे उन्नत 'सुपर इंटेलिजेंस' प्रणालियों के विकास और तैनाती के दौरान सुरक्षा उपायों, स्वतंत्र ऑडिट और बोर्ड-स्तरीय निगरानी को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हुए हैं।

एआई कंपनियां खुद संभालेंगी सुरक्षा की जिम्मेदारी

राष्ट्रपति ने ऐलान किया कि सभी एग्जीक्यूटिव्स ने एक नैतिक रूप से बाध्यकारी दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए हैं, जो एआई के खतरों से सुरक्षा कवच के रूप में काम करेगा। इस समझौते के तहत अब कंपनियां अपनी तकनीक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए खुद जिम्मेदार होंगी। सभी फर्म्स ने इस बात पर भी सहमति जताई कि वे मॉडल्स को सही तरीके से काम करने और किसी भी तकनीकी खामी को तुरंत पकड़ने व सुधारने के लिए सुरक्षा उपाय लागू करेंगी।

ट्रंप ने लॉन्च किया एआई पोर्टल

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एंड्रयू डब्ल्यू मेलन ऑडिटोरियम में एक भव्य कार्यक्रम के दौरान अमेरिका डॉट जीओवी पोर्टल का आधिकारिक शुभारंभ किया। अमेरिकी सरकार के इस एआई संचालित ऑल-इन-वन प्लेटफॉर्म का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को दर्जनों सरकारी वेबसाइटें खंगालने से बचाना और नौकरशाही की जटिलताओं को कम करना है। इस पोर्टल से आम नागरिक को सरकारी फॉर्म, लाभ, योजनाओं और पूछताछ से जुड़ी सभी जानकारियां एक ही जगह मिल सकेंगी। ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर भी किए, जिसके तहत सभी सार्वजनिक सरकारी सेवाओं को इस पोर्टल से जोड़ना अनिवार्य कर दिया गया है। यह प्लेटफॉर्म गूगल के जेमिनी और एक्सआई के ग्रोक का उपयोग करता है, जिसे व्हाइट हाउस नेशनल डिजाइन स्टूडियो के साथ मिलकर विकसित किया जा रहा है। उपयोगकर्ता सरकारी सेवाओं के लिए इन टूल की मदद ले सकते हैं। सामान्य भाषा में प्रश्नों के जवाब मिलने से संघीय सेवाओं को समझना आसान होगा।

जयशंकर की गुटेरेस से मुलाकात

पश्चिम एशिया संघर्ष, यूक्रेन युद्ध समेत कई मुद्दों पर मंथन

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क



एस. जयशंकर और एंटोनियो गुटेरेस

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और ग्लोबल साउथ देशों पर इनके असर पर चर्चा की। विदेश मंत्री की महासचिव गुटेरेस से यह मुलाकात मंगलवार को यूएन मुख्यालय में हुई। दोनों नेता यूएन महासभा के हाई-लेवल कार्यक्रमों के समापन के समय मिले। जयशंकर ने कहा कि यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से मिलकर खुशी हुई। हमारी बातचीत पश्चिम एशिया में जारी संघर्षों और उनके असर को कम करने की जरूरत पर केंद्रित थी। महासचिव के कार्यालय से जारी बैठक के विवरण में कहा गया है कि गुटेरेस और जयशंकर ने बहुपक्षवाद, भारत-यूएन सहयोग और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों, जिनमें यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया के हालात शामिल हैं, पर चर्चा की। इस दौरान महासचिव ने यूएन के साथ भारत के सहयोग की सराहना की।

गुटेरेस के सेवा की सराहना की

शनिवार को यूएन में आम बहस के दौरान भारत की तरफ से विदेश मंत्री जयशंकर ने विश्व संगठन के प्रमुख के तौर पर गुटेरेस की सेवा की सराहना की थी। बता दें, इस साल दिसंबर में गुटेरस का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। उन्होंने कहा था कि बहुपक्षवाद के उद्देश्य के लिए एक दशक की सेवा और समर्पण के बाद, हम जल्द ही महासचिव एंटोनियो गुटेरस को विदाई देंगे। भारत उनके कई योगदानों, खासकर 'मिशन लाइफ' के लिए उनके व्यक्तिगत समर्थन को बहुत महत्व देता है। गुटेरस के लिए यह आखिरी हाई-लेवल सप्ताह था। यूएन महासचिव के रूप में उनका दूसरा पांच साल का कार्यकाल दिसंबर, 2026 में समाप्त होगा। इस महीने की शुरुआत में वे ब्रिक्स नेताओं के शिखर सम्मेलन में शामिल होने भारत आए थे।

संयुक्त राष्ट्र पर ईरान का तंज



नई दिल्ली। भारत में ईरानी दूतावास ने यूएन पर तंज कसते हुए एक्स पर एक मीम शेयर किया, जिसमें पहली तस्वीर मार्वल के सुपरहीरो डॉक्टर स्ट्रेंज की है, जिसमें उनके कई हाथ नजर आते हैं। इसके साथ लिखा गया है- 'यूएन अकॉर्डिंग टू स्कूल बुक्स', यानी स्कूली किताबों के अनुसार यूएन। दूसरी तस्वीर फिल्म 'शोले' के ठाकुर बलदेव सिंह की है। इस तस्वीर के साथ लिखा गया- 'यूएन एन रियलिटी' यानी वास्तविकता में यूएन।

महिला कर्मियों को हटाए जाने का मामला

एफिल टॉवर की देखरेख वाली कंपनी के प्रमुख साल के अंत तक छोड़ेंगे पद

एजेंसी ▶▶ पेरिस



फ्रांस की राजधानी पेरिस स्थित एफिल टॉवर में एक हिंदू धार्मिक समूह के दौरे के दौरान महिला कर्मचारियों को हटाए जाने को लेकर हुए विवाद के बाद अब इस ऐतिहासिक इमारत का संचालन करने वाली कंपनी के प्रमुख साल के अंत में अपने पद से हट जाएंगे। एफिल टॉवर के संचालन की जिम्मेदारी संभालने वाली कंपनी 'सोसिएते डी एक्सप्लॉयटेशन डे ला टूर एफिल' (सीईटीई) के महानिदेशक पैट्रिक ब्रांको रुइवो एक स्वतंत्र कंपनी द्वारा की गई जांच के बाद अपना पद छोड़ेंगे। इसके बाद उन्होंने पद छोड़ने का फैसला किया। जांच में 5 सितंबर को हुए धार्मिक समूह के दौरे से संबंधित मामले में कई व्यवस्थागत और कामकाज की खामियां सामने आईं। सीईटीई ने कहा कि इन खामियों के कारण उस दिन महिला कर्मचारियों को दौरे से अलग रखा गया, जो एक अस्वीकार्य स्थिति थी। रुइवो को 2018 के अंत में सीईटीई का महानिदेशक नियुक्त किया गया था। हर साल करीब 70 लाख पर्यटक 1,083 फुट ऊंचे एफिल टॉवर को देखने आते हैं। एफिल टॉवर को 7 सितंबर को कर्मचारियों की हड़ताल के कारण बंद करना पड़ा था।

एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन बोले

उभरती हुई चुनौतियों से मुकाबला करने तकनीक को युद्धस्तर पर अपनाना जरूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



मानव रहित विमानों (यूएवी) और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के साथ तेजी से बढ़ते तकनीक के महत्व को समझते हुए नौसेनाप्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने नौसेना के शीर्ष कमांडरों से भी इसे जल्द से जल्द अपनाने की अपील की है। नौसेना के तीन दिवसीय कमांडर सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने यह जानकारी दी। उन्होंने मौजूदा समुद्री सुरक्षा माहौल के बीच बनी हुई नौसेना की संचालन तैयारियों की विस्तृत रूप से समीक्षा की और तकनीक को अंगीकार करते हुए विकास, युद्ध के लिए पूरी तैयारी और फुर्ती के साथ जवाबदेही को बरकरार रखने के लिए जरूरी निर्देश दिए हैं। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल एनएस. राजा सुब्रमणि ने कहा कि देश की समुद्री सेना रणनीतिक रूप से एक गुणक बल है। इस नजरिए से उसे आधुनिक समय में युद्ध में आ रहे तकनीकी बदलाव, डेटा को निबार्ध रूप से साझा करने और अपनी सुदृढ़ता को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने नौसेना के आत्मनिर्भरता के साथ जारी ऊर्जा सुरक्षा के प्रयासों की भी सराहना की है।

पीएम मोदी ने ट्रंप से फोन पर की बात

व्यापार, रक्षा और ऊर्जा पर बातचीत लगातार संपर्क आगे बढ़ाने पर जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पीएम मोदी, डोनाल्ड ट्रंप — फाइल फोटो

पीएम नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ फोन पर हुई बातचीत की जानकारी सोशल मीडिया 'एक्स' पर साझा की है। पीएम मोदी ने बताया कि दोनों नेताओं के बीच भारत-अमेरिका संबंधों से जुड़े कई अहम मुद्दों पर उपयोगी बातचीत हुई। इस दौरान व्यापार, रक्षा, ऊर्जा और महत्वपूर्ण तकनीकों समेत कई क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग की समीक्षा की गई।

अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर हुई चर्चा

दोनों नेताओं के बीच बातचीत में द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के साथ-साथ क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ। दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति जताई कि भारत और अमेरिका के बीच लगातार संपर्क बनाए रखना जरूरी है, ताकि दोनों देशों के संबंधों को आगे बढ़ाया जा सके।

भारत में संयुक्त निवेश और सप्लाई चेन बनाने का न्योता



वॉशिंगटन। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को अमेरिका की आधिकारिक यात्रा के दौरान नेशनल एसोसिएशन ऑफ मैन्युफैक्चरर्स (एनएएम) के बिजनेस राउंडटेबल को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में अमेरिका भर के छोटे और बड़े मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। गोयल ने भारत तेजी से बढ़ रहा है, यहां कुशल कार्यबल उपलब्ध है। उन्होंने अमेरिकी मैन्युफैक्चरर्स को भारत में अपनी उपस्थिति बढ़ाने, भारतीय लघु एवं मध्यम उद्यमों (एसएमई) के साथ साझेदारी करने तथा एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग में संयुक्त निवेश कर मजबूत सप्लाई चेन बनाने के मौके तलाशने का आमंत्रण दिया।

स्वदेशी स्टील्थ ड्रोन निर्माण में भारतीय तकनीक से अमेरिका को बड़ा झटका

कावेरी इंजन का रूस में परीक्षण सफल, 48.5 किलोन्यूटन थ्रस्ट किया पैदा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के स्वदेशी कावेरी ड्राई इंजन ने रूस में कठिन हाई-एल्टीट्यूड और फ्लाइट ट्रायल्स सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं। यह इंजन 48.5 किलोन्यूटन थ्रस्ट पैदा करने में कामयाब रहा, जबकि उसका लक्ष्य 46 किलोन्यूटन था। यह उपलब्धि महत्वपूर्ण इसलिए है क्योंकि यह इंजन भारत के आगामी डीआरडीओ घातक स्टील्थ ड्रोन का मुख्य पावर सोर्स बनेगा। इंजन गैस टरबाइन रिसर्च एस्टेब्लिशमेंट (जीटीआरई) द्वारा विकसित किया गया है। अब इसे अंतिम एयरवर्थिनेस सर्टिफिकेशन के लिए सेमिलैक यानी सेंटर फॉर मिलिट्री एयरवर्थिनेस एंड सर्टिफिकेशन की मंजूरी का इंतजार है। मंजूरी मिलने के बाद हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) इसका उत्पादन संभालेगा।

डीआरडीओ के घातक यूसीएवी के लिए उपयोगी



कावेरी इंजन

कावेरी का ड्राई वर्जन यानी बिना आफ्टरबर्नर वाला संस्करण घातक (घातक) यूसीएवी के लिए भी उपयोगी है। यह मानवरहित लड़ाकू ड्रोन उच्च ऊंचाई और लंबे समय तक उड़ान भरने के लिए डिजाइन किया गया है। ड्राई इंजन ईंधन की बचत करता है। स्टेल्थ विशेषताओं को बनाए रखने में मदद करता है। डीआरडीओ का 'घातक' यूसीएवी भारत का महत्वपूर्ण स्टील्थ ड्रोन कार्यक्रम है। यह बिना पायलट वाला लड़ाकू विमान दुश्मन के इलाके में घुसकर मिशन पूरा कर सकेगा। ऐसे ड्रोन के लिए विश्वसनीय और स्वदेशी इंजन होना बेहद जरूरी है।

कठिन परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन

कावेरी ड्राई इंजन को रूस में कठोर परिस्थितियों में परखा गया। हाई-एल्टीट्यूड ट्रायल्स में इंजन ने ऊंचाई वाले इलाकों में अपना प्रदर्शन साबित किया। फ्लाइट ट्रायल्स में भी यह स्थिर और प्रभावी रहा। लक्ष्य से ज्यादा थ्रस्ट हासिल करना दर्शाता है कि इंजन की डिजाइन और इंजीनियरिंग मजबूत है।

फाइटर जेट को तेज उड़ान की मिलेगी ताकत

जीटीआरई ने इसे पूरी तरह से नया कोर डिजाइन करके फिर से बनाया है। नया कावेरी 2.0 बिना आफ्टरबर्नर के 55 से 60 किलोन्यूटन ड्राई थ्रस्ट और आफ्टरबर्नर के साथ 90 से 100 किलोन्यूटन वेट थ्रस्ट देने का लक्ष्य रखता है। यानी इससे फाइटर जेट को तेज उड़ान की ताकत मिलेगी। यह क्षमता मौजूदा अमेरिका के जीई एफ404 इंजनों के बराबर या उससे बेहतर है, जो वर्तमान में तेजस एमके1ए को ताकत दे रहे हैं। कावेरी 2.0 को मिड-लाइफ अपग्रेड के रूप में 2030 के दशक में तेजस बेड़े में फिट करने की योजना है। जब मौजूदा इंजन अपने ओवरहाल साइकिल में पहुंचेंगे, तब स्वदेशी इंजन लगाने से विदेशी निर्भरता कम होगी और आपूर्ति संबंधी जोखिम समाप्त होंगे।

5वीं पीढ़ी की लड़ाकू विमान परियोजना से एचएएल बाहर

देश में पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान बनाने के एडवांस मिडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) प्रोजेक्ट से एचएएल बाहर हो गई है। यह पहला मौका होगा जब किसी स्वदेशी लड़ाकू विमान प्रोजेक्ट में एचएएल शामिल नहीं होगी। एचएएल तेजस-एमके2 लड़ाकू विमान विकसित कर रही है, जिसे देसी राफेल कहा जाता है। रक्षा सचिव आरके सिंह ने बताया कि कुछ जरूरी तकनीकी शर्तें पूरी नहीं कर पाने के कारण एचएएल को बाहर किया गया है। एचएएल के बाहर होने के बाद अब एएमसीए के प्रोटोटाइप बनाने की दौड़ में तीन दावेदार बचे हैं। टाटा एडवांस्ड सिस्टम, एलएंडटी-बेल-डायनामैटिक कंसोर्टियम और भारत फोर्ज-बीईएमएल-डाटा पैटर्न्स का कंसोर्टियम। इस तरह पहली बार लड़ाकू विमानों के प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी निजी क्षेत्र की कंपनियों पर होगी।

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस
1 अक्टूबर, विशेष

बुजुर्गों में होने वाली अधिकांश समस्याओं को दूर करने के लिए उनकी डाइट न्यूट्रिशस और बैलेंस्ड होना बहुत जरूरी है। बुजुर्गों की डाइट कैसी होनी चाहिए, यहां डिटेल में बता रहे हैं।

न्यूट्रिशस-बैलेंस्ड हो बुजुर्गों की डाइट

डाइट सजेशन
सवी जैन, डाइटीशियन



साठ की उम्र के बाद शरीर में कई तरह के बदलाव आते हैं। ऐसे में उम्र से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं को रोकने के लिए स्वस्थ आहार लेते रहना महत्वपूर्ण हो जाता है। इस उम्र में डाइजेशन सिस्टम धीमा हो जाता है, शारीरिक गतिविधियां कम होती हैं और हड्डियां तथा मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं। ऐसे में सही और संतुलित आहार बुजुर्गों को ऊर्जावान बनाए रखने, बीमारियों से बचाने और जीवन की गुणवत्ता सुधारने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

मसल्स के लिए प्रोटीन: उम्र बढ़ने के साथ मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं। इसलिए दालें, बींस, अंकुरित अनाज, सोयाबीन, दूध, दही, पनीर के रूप में पर्याप्त प्रोटीन डाइट में शामिल करें। नॉन-वेजिटेरियन हैं तो उबला अंडा या ग्रिल्ड मछली खा सकते हैं। मांसपेशियों के निर्माण, अच्छी सेहत और संतुलित पोषण के लिए मीट, सफेद मांस वाली मछली, अंडे का सफेद भाग और बींस डाइट में शामिल करें।



बोंस के लिए कैल्शियम-विटामिन डी: हड्डियों को मजबूत रखने और फ्रैक्चर के जोखिम को कम करने के लिए कैल्शियम युक्त भोजन करें। कम फैट वाले डेयरी उत्पाद जैसे टोंड दूध और पत्तेदार सब्जियों का सेवन करें, क्योंकि इनमें कैल्शियम काफी मात्रा में होता है। डाइट में कम वसा वाला दूध, दही, छाछ, पनीर और रागी खाएं। थोड़ी देर सुबह की धूप में बैठें।

पाचन के लिए फाइबर: बुजुर्गों में कब्ज की समस्या आम होती है, जिससे फाइबर युक्त खाना राहत देता है। इसके लिए डाइट में ओट्स, दलिया, छिलके वाली दालें, सेब, पपीता, अमरूद और हरी सब्जियां शामिल करें। उच्च फाइबर वाले फूड्स, पोषण से भरपूर होते हैं उनके सेवन से कब्ज में राहत मिल सकती है।

इम्यूनिटी के लिए विटामिन सी: रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए ताजे फल और सब्जियां जैसे संतरे, आंवला, नीबू, पालक, ब्रोकली और टमाटर डाइट में शामिल करें।

याददाश्त के लिए: बढ़ती उम्र के साथ याददाश्त में कमी आना एक आम समस्या होती है, जिसे अकसर डिमेंशिया के रूप में जाना जाता है। इसे पूरी तरह रोकना संभव नहीं होता, लेकिन सही खानपान अपनाकर इसके प्रभाव और गति को कम जरूर किया जा सकता है। डिमेंशिया के प्रभाव और गति को कम करने के लिए रोजाना के भोजन में ताजे फल, हरी पत्तेदार सब्जियां और साबुत अनाज शामिल करें। ये दिमाग को आवश्यक एंटी-ऑक्सीडेंट्स प्रदान करते हैं।

डेली डाइट चार्ट: बुजुर्गों का डेली डाइट चार्ट कुछ ऐसा होना चाहिए। सुबह सबसे पहले 1 गिलास गुनगुना पानी, 4-5 भीगे बादाम और अखरोट। नाश्ते में ओट्स/दलिया/बेसन का चीला/पोहा/इडली और 1 कप टोंड दूध या चाय।

दोपहर के खाने में 1-2 रोटी (मल्टीग्रेन), 1 कटोरी चावल, दाल, हरी सब्जी, 1 कटोरी दही/सलाद। शाम के नाश्ते में 1 कप मखाना/भुना चना/सूप/कोई 1 मौसमी फल, मट्ठा या हर्बल-टी। रात के खाने में 1-2 रोटी, पतली दाल या लौकी/तोरई की सब्जी रात 8 बजे तक खा लें। सोने से पहले 1 छोटा गिलास हल्दी वाला गुनगुना दूध। इनके अलावा कुछ अन्य बातों पर भी ध्यान देना चाहिए।

- जिन बुजुर्गों को दांतों की समस्या है या चबाने में कठिनाई होती है, उन्हें अच्छी तरह पका खाना, मैश करके दलिया/सूप के रूप में खाना चाहिए।
- ब्लड प्रेशर और डायबिटीज को कंट्रोल में रखने के लिए सीमित मात्रा में नमक और चीनी का प्रयोग करना चाहिए।
- सैचुरेटेड फैट को कम करें और तले हुए भोजन, हाई फैट वाले डेयरी और मांस को कम करें। इसके बजाय एवोकैडो, मछली और वनस्पति तेलों जैसे अनसैचुरेटेड फैट वाले फूड्स का सेवन करें।
- उम्र के साथ प्यास कम लगती है, जिससे डिहाइड्रेशन हो सकता है। इससे बचने के लिए दिनभर में 7-8 गिलास पानी या नारियल पानी, छाछ, सूप लेना चाहिए। पानी से दिमाग को हेल्दी रखने, शरीर का तापमान मेंटेन करने में मदद मिलती है। *

प्रस्तुति: ललिता गोयल

वृद्धावस्था में गिरने की आशंका बहुत बढ़ जाती है। किसी बीमारी या कमजोरी से ज्यादा सही तरीके से न चलने के कारण वृद्ध अधिक गिरते हैं। ऐसे में गिरने से बचाव के लिए डॉक्टर या फिजियोथेरेपिस्ट से चलने-फिरने का सही तरीका सीखना जरूरी है। इस बारे में सभी वृद्धजनों के लिए बहुत उपयोगी सलाह दे रहे हैं।

सीख लें चलने का सही तरीका वृद्धावस्था में गिरने से होगा बचाव

डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. मोहसिन वली
सीनियर फिजिशियन, सर गंगा राम अस्पताल, दिल्ली



अकसर लोग बढ़ती उम्र में गिरने को सामान्य घटना मान लेते हैं। लेकिन वैज्ञानिक मानते हैं कि बुजुर्गावस्था में गिरना स्वाभाविक नहीं है, इसे समय रहते पहचाना और रोका जा सकता है। बुजुर्ग कमजोरी या अधिक उम्र के बजाय शारीरिक-असंतुलन, स्थिरता, चलने-फिरने की सही तकनीक और गिरने से बचाव में की जाने वाली असावधानियों की वजह से ज्यादा गिरते हैं। जो बुजुर्ग एक विशेष तरीके से चलते हैं, वे न केवल बहुत कम गिरते हैं और कम चोटिल होते हैं और अधिक समय तक स्वतंत्र (बिना दूसरों पर निर्भर हुए) जीवन जी पाते हैं। इसलिए बुजुर्गों के लिए सही ढंग से चलना सीखना, गिरने से बचाव का सबसे प्रभावी उपायों में से एक है।



बड़ी समस्या है ओल्ड एज में गिरना: विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार गिरना दुनिया भर में अनजाने में होने वाली चोटों और उनसे होने वाली मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण है। हर साल करीब 6 लाख 84 हजार लोगों की मौत गिरने की वजह से होती हैं। 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में गिरने से होने वाली मौतों की दर सबसे ज्यादा है। करीब 3 करोड़ 73 लाख गिरने की घटनाएं, ऐसी शारीरिक क्षमता में गिरावट की शुरुआत होती हैं, जिससे इंसान अकसर उबर नहीं पाता। ऐसे लोग एक बार बिस्तर पकड़ लेते हैं तो दुबारा अपने बल पर पूरी तरह खड़े नहीं हो पाते हैं।

क्या हैं कारण: शोध बताते हैं कि 65 साल की उम्र के बाद कदम की चौड़ाई में भिन्नता स्वाभाविक रूप से बढ़ने लगती है, क्योंकि पैरों के तलवों से मिलने वाला संवेदी फीडबैक, आंखों की दृष्टि और भीतरी कान का संतुलन-तंत्र (वेस्टीबुलर सिस्टम), ये तीनों उम्र के साथ धीरे-धीरे कमजोर पड़ते हैं। दिमाग को शरीर की स्थिति और जमीन की सतह की जानकारी सही समय पर नहीं मिल पाती, जिससे पैर रखने में मामूली चूक होने लगती है। गिरने का खतरा सिर्फ कमजोरी या उम्र से नहीं, बल्कि चलने के पैटर्न में आई सूक्ष्म अनियमितताओं से भी जुड़ा होता है। गिरना अकसर चलने के तरीके में आई एक बहुत छोटी और लगभग अदृश्य गड़बड़ी से शुरू होता है। पैर थोड़ा कम उठना, कदम का थोड़ा असमान होना या शरीर का संतुलन एक पल के लिए डगमगाना- ये सब मिलकर उस स्थिति को जन्म देते हैं, जब शरीर संभल नहीं पाता।

क्या होता है असर: गिरने की घटना बुजुर्गों के जीवन पर गहरा प्रभाव डाल सकती है। आत्मविश्वास कम होने और दोबारा गिरने का डर विकसित होने का खतरा बढ़ जाता है। वे चलना-फिरना, घर से बाहर निकलना या सामान्य गतिविधियां करना कम कर देते हैं। जिससे उनकी मांसपेशियां और कमजोर होने लगती हैं, शारीरिक सक्रियता और स्वतंत्रता दोनों प्रभावित होती है, गिरने का खतरा और बढ़ जाता है।

किन्हें है ज्यादा रिस्क: कुछ लोगों में गिरने का खतरा अपेक्षाकृत अधिक होता है। इन्हें चलने की सही तकनीक सीखने के साथ-साथ नियमित तौर पर चिकित्सकीय जांच भी करानी चाहिए।

- 65 वर्ष से अधिक आयु के लोग।
- जिनकी दृष्टि कमजोर हो।
- जिन्हें गठिया या ऑस्टियोपोरोसिस हो।
- पैरों की संवेदना कम हो गई हो।
- पार्किंसन या स्ट्रोक की समस्या रही हो।
- जिन्हें बार-बार चक्कर आते हों।
- जो ऐसी दवाएं लेते हों जिनसे नींद या चक्कर आ सकते हों।

तब डॉक्टर से करें कंसल्ट: अगर किसी बुजुर्ग को बार-बार चक्कर आते हों, चलते समय पैर कांपते हों, संतुलन लगातार बिगड़ता हो या बिना कारण बार-बार गिर रहे हों, तो इसे केवल बढ़ती उम्र का असर मानकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यह पार्किंसन रोग, स्ट्रोक, तंत्रिका संबंधी समस्या, विटामिन बी-12 की कमी, लो ब्लड प्रेशर या अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का संकेत भी हो सकता है। ऐसी स्थिति में चिकित्सक या फिजियोथेरेपिस्ट से परामर्श लेना आवश्यक है।

कैसे करें बचाव: गिरने से बचाव के लिए चलने की सही तकनीक अपनाना, सही चाल विकसित करना जरूरी है। चलने की कुछ आदतों में छोटे-छोटे बदलाव करके संतुलन और आत्मविश्वास दोनों को बेहतर बनाया जा सकता है। लंबे समय तक सुरक्षित, सक्रिय और आत्मनिर्भर जीवन जिया जा सकता है।



हमेशा सामने देखें: अधिकांश बुजुर्ग चलते समय अपने पैरों या जमीन की ओर देखते रहते हैं। उन्हें लगता है कि नीचे देखने से वे गड्ढों या बाधाओं को आसानी से देख पाएंगे और गिरने से बच जाएंगे। लेकिन वास्तव में यह आदत संतुलन को कमजोर कर सकती है।

क्या करें: चलते समय सिर झुकाने के बजाय सामने देखने की आदत डालें। इससे ठोकर लगने और दूरी का गलत अनुमान लगाने की संभावना कम हो सकती है।

नियंत्रित कदमों से चलें: कुछ लोग चलते समय पैर जोर से जमीन पर पटकते हैं। यह केवल आवाज ही नहीं पैदा करता, बल्कि घुटनों, टखनों और कूल्हों पर अतिरिक्त दबाव भी डालता है। भारी कदमों से चलने पर शरीर का संतुलन बिगड़ सकता है और अचानक प्रतिक्रिया देने की क्षमता भी कम हो जाती है। जबकि कदम हल्के, मुलायम और नियंत्रित हों, तो शरीर सहज रूप से आगे बढ़ता है और पैर के जोड़ों पर कम दबाव पड़ता है।

क्या करें: धीरे-धीरे चलें। धीरे, आराम से और बिना पैरों को पटकते हुए चलने से संतुलन और चलने की स्थिरता दोनों बेहतर होती हैं।

सही पैटर्न को करें फॉलो: कई बुजुर्ग चलते समय पूरे पैर को एक साथ जमीन पर रखते हैं या पैरों को घसीटते हुए चलते हैं। इससे चाल अस्थिर हो जाती है और ठोकर लगने का खतरा बढ़ जाता है।

क्या करें: बुजुर्गों को फिजियोथेरेपिस्ट से सीखकर एड़ी से पंजे तक चलने की सही तकनीक अपनानी चाहिए। यानी पहले एड़ी जमीन को छुए, फिर पूरा तलवा धीरे-धीरे आगे बढ़े और अंत में पंजे के सहारे शरीर को आगे धकेला जाए। इससे पिंडली, टखने और कूल्हे की महत्वपूर्ण मांसपेशियां सक्रिय होती हैं, जो संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

खड़े होने के बाद तुरंत न चलें: कई बुजुर्ग कुर्सी, बिस्तर या सोफे से उठने के तुरंत बाद गिर जाते हैं। अचानक खड़े होने पर कुछ लोगों का रक्तचाप कुछ क्षणों के लिए कम हो जाता है। इससे चक्कर, धुंधलापन या अस्थिरता महसूस हो सकती है।

क्या करें: जब भी बैठी या लेटी हुई अवस्था से उठें, तो पहले आराम से खड़े हों और लगभग दो सेकेंड तक वहीं रुकें। जब शरीर सामान्य महसूस होने लगे, तभी चलना शुरू करें। *

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा

बरतें ये भी सावधानियां



- हड्डियों-मांसपेशियों की मजबूती और संतुलन बढ़ाने के लिए रोज 20-30 मिनट टहलें।
- फिसलन वाली चप्पल या ढीले जूते न पहनें।
- पौष्टिक और संतुलित आहार का सेवन करें। आहार में प्रोटीन, कैल्शियम, विटामिन-डी को पर्याप्त मात्रा में शामिल करें।
- डॉक्टर की सलाह के अनुसार विटामिन-डी और कैल्शियम सप्लीमेंट लें।
- पैरों की संवेदनशीलता का ध्यान रखें। सुन्नपन, डायबिटीज से जुड़ी न्यूरोपैथी की समस्या या तलवों की कमजोर संवेदना को नजरअंदाज न करें, ये सीधे चाल को प्रभावित करते हैं।
- आंख और कान की जांच कराएं। दृष्टि और भीतरी कान का संतुलन-तंत्र ठीक रखने से पैर रखने की सटीकता बेहतर होती है।
- दवाओं की समीक्षा करवाएं। कुछ दवाएं (जैसे नींद की गोलियां, ट्रैंक्विलाइजर) संतुलन और सतर्कता को प्रभावित करके चाल बिगाड़ सकती हैं।
- घर को सुरक्षित बनाएं। बाथरूम में ग्रैब बार (पकड़ने की रॉड) लगवाएं। फिसलन वाले फर्श पर एंटी-स्लिप मैट रखें।

सजेशन
विधि गोयल

ऐसे पूरी करें विटामिन बी-12 की कमी



विटामिन-बी12 एक ऐसा पोषक तत्व है, जिसकी मात्रा अगर शरीर में कम हो जाए, तो एक नहीं कई परेशानियां शुरू हो सकती हैं। इसकी कमी के कारण नर्व डैमेज होना, एनीमिया, थकान, कमजोरी, हाथ-पैरों में सुन्नपन या झनझनाहट, चक्कर आने और मुंह में छाले जैसे लक्षण नजर आते हैं। डाइटिशियन सवी जैन बताती हैं, विटामिन बी-12 की कमी से बोन डेंसिटी भी कम होती है, जिससे हड्डियां नाजुक हो जाती हैं और ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा बढ़ जाता है। विटामिन बी-12 रेड ब्लड सेल्स बनाने से लेकर डीएनए बनाने तक के लिए जरूरी होता है। इसकी उचित मात्रा से स्किन, बालों और आंखों को भी फायदा मिलता है।

डेयरी प्रोडक्ट्स: आहार में नियमित रूप से दूध, पनीर और दही का सेवन शरीर में विटामिन बी-12 की कमी को पूरा करता है। इससे शरीर में एनर्जी का स्तर बना रहता है और बढ़ने वाली थकान कम होने लगती है। रोज एक गिलास दूध या एक कटोरी दही, पनीर और छाछ का सेवन करने से शरीर में दिनभर की 46 फीसदी विटामिन बी-12 की कमी को पूरा किया जा सकता है।

फोर्टिफाइड फूड: बाजार में मिलने वाले ऐसे ओट्स, कॉर्न फ्लेक्स या सोया मिल्क लें, जिनमें बी-12 मिलाया गया हो।



अंडे: उबले अंडे का पीला हिस्सा विटामिन बी-12 से भरपूर होता है। इसका सेवन करने से शरीर को विटामिन बी-12 और प्रोटीन की प्राप्ति होती है। दिनभर में 2 अंडों का सेवन करने से दिन भर की 39 फीसदी विटामिन बी-12 की कमी पूरी हो जाती है। इससे विटामिन-डी भी मिलता है।

मछली और सी फूड: सैल्मन, ट्राउट और टूना जैसी मछलियां शरीर में विटामिन बी-12 की कमी को पूरा करने में मदद करती है। इसके अलावा क्लैम, केकड़े, शेलफिश भी बी-12 का बेहतरीन स्रोत हैं। मछली का सेवन करने से जहां शरीर को फैटी एसिड की प्राप्ति होती है, तो वहीं प्रोटीन की भी कमी को पूरा किया जा सकता है। कलेजी में सबसे ज्यादा बी-12 पाया जाता है। चिकन और रेड मीट भी बी-12 के अच्छे सोर्स होते हैं।

न्यूट्रिशनल यीस्ट: यह एक तरह का पावडर होता है, जिसका स्वाद चीज जैसा होता है। इसे सब्जी या सूप में डालकर खाया जा सकता है।

नट्स-सीड्स: विभिन्न प्रकार के ड्राय फ्रूट्स में भी विटामिन बी12 प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। बादाम, काजू, किशमिश, अखरोट और मूंगफली में भी विटामिन बी-12 पाया जाता है। *



मेरी उम्र 46 वर्ष है। मैं जब भी कुछ ठंडा खाता-पीता हूं तो तुरंत छींकें आने लगती हैं। प्लीज इस समस्या का समाधान बताएं।

-संजीत, रायपुर

हालांकि आजकल मौसम बदल रहा है, इसलिए इस तरह समस्याएं काफी लोगों में दिख रही हैं। बदलते मौसम में वायरल इंफेक्शन की समस्या बढ़ रही हैं। इससे बचाव के लिए सबसे बेहतर तरीका है कि इस समय ज्यादा ठंडा या फ्रिज में रखी चीज ना खाएं। अगर समस्या हो रही है तो आपको सुबह-शाम नमक वाले पानी का गरारा करना चाहिए। फिलहाल इस तरह बचाव से राहत मिल सकती है।

मेरी उम्र 54 वर्ष है। दो साल पहले मैंने अपने घुटने का ऑपरेशन करवाया था। पिछले कुछ समय से फिर से दर्द होना शुरू हो गया है। कृपया उचित समाधान बताएं।

-मूलचंद, बिलासपुर

सबसे पहले इस बात पर गौर करें कि आपके घुटने में कोई चोट तो नहीं लगी, क्योंकि सर्जरी के बाद चोट लगने पर इस तरह दर्द शुरू हो सकता है। अगर ऐसा नहीं है तो जरूर आपको एक बार उसी सर्जन से संपर्क करना चाहिए, जिन्होंने आपकी सर्जरी की है। क्योंकि उन्हें आपकी केस हिस्ट्री पूरी मालूम है और वी दर्द का कारण जानकर ट्रीटमेंट करेंगे। फिलहाल सीढ़ियां अधिक चढ़ना उतरना, रनिंग न करें और ज्यादा वजन न उठाएं।

मेरी उम्र 35 वर्ष है। मेरी सिटिंग जॉब है। पिछले कुछ महीनों से अक्सर मेरी कमर और गर्दन में अकड़न बनी रहती है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।

-विपिन, रोहतक



डॉक्टर्स सजेशन
डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

जब कोल्ड डिश खाने पर लगातार आने लगें छींकें

आप अपनी समस्या का कारण खुद ही बता रहे हैं, क्योंकि आपकी लंबी सीटिंग जॉब है और इस वजह से यह समस्या आ रही है। मौजूदा समय में लंबी सिटिंग करने वालों में इस तरह की समस्या ज्यादा देखी जा रही है। इसका सबसे बेहतर तरीका यह होगा कि आप सुबह और शाम नियमित रूप में सर्वाइकल और कमर की एक्सरसाइज करें। इसके साथ ही ऑफिस में बीच-बीच में चहलकदमी करते रहें। एक बार आप कैल्शियम, बी-12 और विटामिन-डी की जांच जरूर करवा लें। ऑफिस में बैठने वालों को इसकी कमी हो सकती है, जिस वजह से भी दर्द शुरू होता है।

मेरी उम्र 29 वर्ष है। मेरे चेहरे और माथे पर झाइयां हो गई हैं। मार्केट में मिलने वाले कई सारे प्रोडक्ट्स यूज करने के बाद भी कोई फायदा नहीं हुआ। कृपया इसका सॉल्यूशन बताएं।

-प्रकाश, भोपाल

मार्केट में मिलने वाले तरह-तरह के प्रोडक्ट के इस्तेमाल से भी इस तरह की समस्याएं आती हैं। सबसे पहले आप बाजार में मिलने वाले प्रोडक्ट का इस्तेमाल बंद करें और कुछ समय के लिए साबुन का इस्तेमाल भी नहीं करें। आपको एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए। वह फिजिकल जांच कर इसका ट्रीटमेंट बताएंगे। बगैर डॉक्टर से संपर्क किए कोई दवा या प्रोडक्ट का इस्तेमाल बिल्कुल ना करें।

मेरी उम्र 60 वर्ष है। पिछले कुछ हफ्तों से मेरे मुंह में छाले हो रहे हैं। दवाइयां लेने पर कुछ समय ठीक रहता है, फिर वापस से छाले निकल आते हैं। प्लीज मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।

-किशोर, महासमुंद

सामान्य तौर पर मुंह में छाले होने का संबंध पेट की गड़बड़ी से होता है। अगर आपकी पाचन क्रिया प्रभावित है तो मुंह में छाले हो जाते हैं लेकिन अगर ऐसा नहीं है तो जरूर आपको एक बार ईएनटी रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए। वह जांच कर इसका कारण बताएंगे और जरूरत पड़ने पर इसका ट्रीटमेंट शुरू करेंगे। बगैर डॉक्टर से संपर्क के कोई भी दवा आप न लें। *

प्रस्तुति: रिचा पांडे

पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।

44 साल बाद स्वर्ण पदक जीतने के करीब पहुंची महिला हॉकी टीम



कोरिया को हराकर फाइनल में बनाई जगह, अब सामना चीन से

एजेंसी ▶▶| काकामिगाहारा

शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई खेलों में 44 साल बाद स्वर्ण पदक जीतने के करीब पहुंच गई, जिसने बुधवार को दक्षिण कोरिया को 2-0 से हराकर 8 साल बाद फाइनल में जगह बनाई।

भारत के लिए इशिका ने 44वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया जबकि चार मिनट बाद कप्तान सलीमा टेटे ने गोल दागा। एशियाई खेलों में भारतीय महिला हॉकी टीम ने सिर्फ एक बार दिल्ली में 1982 में स्वर्ण पदक जीता था जब पहली बार महिला हॉकी को इन खेलों में शामिल किया गया। पिछली बार भारत ने कांस्य जीता और 2018 में रजत पदक जीता था। भारत का सामना अब मौजूदा चैंपियन चीन से होगा।

ग्रुप चरण में अजेय रही भारतीय टीम

ग्रुप चरण में सारे मैच जीतकर अजेय रही भारतीय टीम को कोरिया के डिफेंडरों ने बांधे रखा और मैच में बारह पेनल्टी कॉर्नर में से सिर्फ एक पर गोल हो सका। भारत ने पहले दो क्वार्टर में आठ पेनल्टी कॉर्नर बनाए लेकिन गोल नहीं हो सका। भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर दूसरे ही मिनट में मिला लेकिन दीपिका की फ्लिक को कोरियाई गोलकीपर सियोयिओन ली ने कुशलता से बचाया। दो मिनट बाद भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिस पर नवनीत कौर को कामयाबी नहीं मिली। कोरियाई गोलकीपर ने 13वें मिनट में फिर बचाव किया जब दूर से मिले पास पर रुतुजा पिसाल का डिफ्लैक्शन सफल नहीं रहा। दूसरे क्वार्टर में भारत को तीन और पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन गोल नहीं हो सका। दूसरे हाफ में भी भारत ने लगातार हमले बोले जबकि कोरिया का डिफेंस मजबूत रहा।

आज सेमीफाइनल : पाकिस्तान से भिड़ेगा भारत



गत चैंपियन भारत गुरुवार को यहां एशियाई खेलों के पुरुष हॉकी सेमीफाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले के साथ अंतरराष्ट्रीय हॉकी की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विताओं में से एक को फिर जीवंत करेगा तो टीम की नजरें 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करने पर भी टिकी होंगी।

एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम सीधे लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेगी और भारत इस मौके को गंवाना नहीं चाहेगा। दूसरे सेमीफाइनल में मलेशिया का सामना दक्षिण कोरिया से होगा।

कुश्ती : सुनील ने लगातार जीता दूसरा कांस्य



सुनील कुमार दो एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले भारत के पहले ग्रीको रोमन पहलवान बन गए, जिन्होंने बुधवार को पुरुषों के 87 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता जबकि निशा दहिया प्रतियोगिता के पहले ही दिन हारकर बाहर हो गई। सुनील ने फिलीपीन के रॉबर्टर्स कालम जॉनस्टन को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराकर कांस्य पदक जीता। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी का दाहिना हाथ बांधकर उन्हें पटखनी देते हुए 4-0 से बढत बना ली। रक्षात्मक खेल रहे जॉनस्टन को 'पार टेरे' पोजिशन से जमीन पर गिराते हुए सुनील ने स्कोरिंग मूव बनाते हुए पहले ही पीरियड में मुकाबला जीत लिया।



टेनिस : नागल ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

नागोया। टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने बुधवार को पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली जबकि दक्षिणेश्वर सुरेश तीसरे दौर में हारकर बाहर हो गए। सातवीं वरीयता प्राप्त और विश्व रैंकिंग में 249वें स्थान पर काबिज नागल ने उज्बेकिस्तान के सर्वोई फोमिन को सीधे सेट में 6-3, 6-2 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। नागल ने फोमिन के खिलाफ मुकाबले में शुरू से नियंत्रण बनाए रखा और सीधे सेटों में जीत दर्ज की। अब उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त चीन के यीबिंग वू से होगा, जो विश्व रैंकिंग में 111वें स्थान पर हैं। नागल और वू इससे पहले 2024 शंघाई मास्टर्स में एक बार आमने-सामने हुए थे, जहां भारतीय खिलाड़ी को चीनी खिलाड़ी के खिलाफ 3-6, 3-6 से हार मिली थी। दूसरी ओर दक्षिणेश्वर को तीसरे दौर में चीनी ताइपे के छठी वरीयता प्राप्त चुन शिन सेंग के हाथों 3-6, 4-6 से हार का सामना करना पड़ा।

मुक्केबाजी : गोल्ड से एक जीत दूर लवलीना



निशियो। मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने बुधवार को एशियाई खेलों में महिलाओं के 75 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में जगह पक्की की, लेकिन प्रिया घंघास और कपिल पोखरिया को सेमीफाइनल में हारने के कारण कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। पिछले एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता लवलीना ने 75 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान की मुक्केबाज नतालिया बोगदानोवा पर 3-2 के विभाजित फैसले से जीत हासिल की। बोगदानोवा 70 किलोग्राम में मौजूदा विश्व चैंपियन हैं। इससे लवलीना लगातार दो बार एशियाई खेलों के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला मुक्केबाज बन गई हैं।

प्रिया और कपिल को कांस्य

प्रिया हालांकि महिलाओं के 60 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में चीन की पूर्व विश्व चैंपियन यांग चेंग्यू से हार गई और इस तरह से उन्हें कांस्य पदक मिला। एशियाई खेलों में पदार्पण कर रही 20 वर्षीय प्रिया को अपने कहीं अधिक अनुभवी चीनी प्रतिद्वंद्वी से 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। एक अन्य भारतीय मुक्केबाज कपिल भी पुरुषों के 90 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान के मौजूदा विश्व चैंपियन तुराबेक खबीबुल्लाएव से 1-4 के समान अंतर से हार गए और उन्हें भी कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

मुकाबला काफी कठिन था : लवलीना

लवलीना ने कहा, 'यह शानदार अनुभव रहा। यह मेरे दूसरे एशियाई खेल हैं। पिछली बार मैंने रजत पदक जीता था। इसलिए इस बार मैं निश्चित रूप से स्वर्ण पदक जीतने की कोशिश करूंगी। देखते हैं फाइनल में क्या होता है।' उन्होंने कहा, 'मुझे बहुत अच्छा लग रहा है क्योंकि यह मुकाबला काफी कठिन था।



स्क्वाश : पुरुष और महिला टीम ने किए पदक पक्के

नागोया। भारतीय पुरुष और महिला टीम ने बुधवार को क्रमशः कुवैत और सिंगापुर को हराकर एशियाई खेलों की स्क्वाश प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई और अपने लिए पदक पक्के किए। भारतीय महिला टीम गुरुवार को सेमीफाइनल में हांगकांग से भिड़ेगी जबकि पुरुष टीम का सामना मलेशिया से होगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त और गत चैंपियन भारतीय पुरुष टीम ने क्वार्टर फाइनल में कुवैत पर 2-0 से जीत हासिल की। वीर चोटरानी ने पहले एकल मुकाबले में बदर अलमोगरेबी के खिलाफ काफी पसीना बहाया लेकिन आखिर में वह 34 मिनट तक चले मैच में 12-10, 8-11, 11-0, 11-5 से जीत हासिल करने में सफल रहे।

भारत की ऐतिहासिक जीत, सीरीज पर किया कब्जा

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

कप्तान शुभमन गिल की डबल सेंचुरी के दम पर भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ बारसापरा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले को 8 विकेट से अपने नाम किया। बुधवार को खेले गए इस मैच में दमदार जीत के साथ टीम इंडिया ने तीन मुकाबलों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल कर ली है।

टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी वेस्टइंडीज ने निर्धारित ओवरों में 7 विकेट खोकर 405 रन बनाए। कैंपबेल 68 गेंदों में 5 छक्कों और 9 चौकों के साथ 101 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद कप्तान शाई होप ने आमिर जंगू के साथ 131 गेंदो में 182 रन जोड़कर टीम को 300 के पार पहुंचा दिया। होप 94 गेंदों में 104 रन बनाकर आउट हुए। उनकी इस पारी में 3 छक्के और 8 चौके शामिल रहे, जबकि आमिर 77 गेंदों में 3 छक्कों और 13 चौकों के साथ 114 रन बनाकर आउट हुए। इनके अलावा, रोस्टन चेज ने 29 रन की नाबाद पारी खेली। भारत के लिए गूरनूर बरार, रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव ने 2-2 विकेट हासिल किए, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने 1 विकेट अपने नाम किया।



रोहित ने पूरे किए 12 हजार रन पूरे

रोहित शर्मा ने वनडे क्रिकेट में 12000 रन पूरे कर लिए हैं। बुधवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। रोहित शर्मा अब वनडे में 12 हजार रन बनाने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले भारत के लिए यह मुकाम सिर्फ सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली ने हासिल किया था। मैच से पहले रोहित के खाते में 11,927 रन थे। उन्होंने इस पारी में 73 रन जोड़कर यह माइलस्टोन पार कर लिया।

भारत ने 43.3 ओवरों में जीता मुकाबला

इसके जवाब में भारत ने 43.3 ओवरों में मुकाबला अपने नाम कर लिया। रोहित शर्मा ने कप्तान शुभमन गिल के साथ पहले विकेट के लिए 158 गेंदों में 255 रन की साझेदारी की। रोहित 75 गेंदों में 6 छक्कों और 10 चौकों के साथ 101 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद गिल ने विराट कोहली के साथ दूसरे विकेट के लिए 35 गेंदों में 65 रन जुटाकर टीम को 300 के पार पहुंचा दिया। गिल ने ऋतुराज गायकवाड़ के साथ मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने 68 गेदों में 86 रन की अटूट साझेदारी करते हुए टीम को आसान जीत दिलाई। गिल 133 गेंदों में 223 रन बनाकर नाबाद रहे। इस दौरान 8 छक्के और 26 चौके लगाए। ऋतुराज गायकवाड़ 37 गेंदों में 2 चौकों के साथ 31 रन बनाकर नाबाद रहे। मेहमान टीम की तरफ से जेडेन सील्स और शमार जोसेफ ने एक-एक सफलताएं हासिल कीं।

बैतार कप्तान दोहरा शतक लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज बने शुभमन

गिल कप्तान के तौर पर वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले सिर्फ तीसरे बल्लेबाज बने।(उनसे पहले क्रिस गेल (215 बनाम जिम्बाब्वे, 2015) और वीरेंद्र सहवाग (219 बनाम वेस्टइंडीज, 2015) ही कप्तानी करते हुए दोहरा शतक लगा चुके थे। गिल एक से अधिक दोहरा शतक लगाने वाले सिर्फ दूसरे खिलाड़ी बने। उनसे पहले रोहित शर्मा ऐसा कारनामा कर चुके हैं। बता दें कि रोहित ने वनडे में सर्वाधिक 3 दोहरे शतक लगाए हैं।

स्कोर बोर्ड

वेस्टइंडीज पारी	रन	गेंद	4	6
कैंपबेल का धीर बो बरार	101	68	9	5
कार्टी का धीर बो प्रसिद्ध	9	10	2	0
होप का नबी बो कुलदीप	104	94	8	3
जागू का गायकवाड़ बो जडेजा	114	77	13	3
रदरफोर्ड का जायसवाल बो बरार	0	1	0	0
रोस्टन चेस नाबाद	29	25	4	0
पॉल का कोहली बो कुलदीप	3	8	0	0
जोसेफ का रोहित बो जडेजा	8	10	1	0
शामार जोसेफ नाबाद	14	8	1	1
अतिरिक्त : 23 रन, योग : 50 ओवर में 405/7 रन				
गेंदबाजी : प्रसिद्ध 5-0-45-1, नबी 8.5-0-84-0, बरार 10-0-96-2, धीर 6.1-0-38-0, जडेजा 10-0-75-2, कुलदीप 10-0-65-2				
भारत	रन	गेंद	4	6
रोहित शर्मा पगबाधा बो सील्स	101	75	10	6
शुभमन गिल नाबाद	233	133	26	8
कोहली का रदरफोर्ड बो शमार	29	19	3	1
रुतुराज गायकवाड़ नाबाद	31	37	2	0
अतिरिक्त : 22, कुल : 43.3 ओवर में 406/2 रन				
गेंदबाजी : जेडन सील्स 8-0-78-1, अल्जारी जोसफ 8-0-89-0, शमार जोसफ 6-0-52-1, कीमो पॉल 3-0-49-0, रोस्टन चेज 8.3-0-63-0, विटेल लॉरंस 10-0-73-0				

कुलदीप के वनडे में 200 विकेट पूरे कुंबले और वॉर्न से निकले आगे

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

भारत और वेस्टइंडीज के बीच वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में कुलदीप यादव ने वनडे में अपने 200 विकेट पूरे कर लिए। उन्होंने कीमो पॉल को विराट कोहली के हाथों कैच कराकर यह उपलब्धि हासिल की। कुलदीप ने सिर्फ 123 वनडे में 200 वनडे विकेट पूरे कर लिए हैं। वह वनडे में भारत के लिए सबसे कम मैच में 200 विकेट लेने के मामले में दूसरे स्थान पर हैं। वह मोहम्मद शमी से पीछे हैं, जिन्होंने सिर्फ 104 वनडे मैच में



ही अपने 200 विकेट पूरे कर लिए थे। कुलदीप ने इस मैच में अपने 200 विकेट पूरे करने के साथ ही अनिल कुंबले और शेन वॉर्न जैसे दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया है। वह सबसे कम गेंदों में 200 वनडे विकेट लेने के स्पिन गेंदबाजों में शकलैन मुश्ताक और राशिद खान के बाद तीसरे नंबर पर हैं।

कम वनडे में भारत के लिए 200 विकेट

मैच	खिलाड़ी
104	मोहम्मद शमी
123	कुलदीप यादव
133	अजीत अगरकर
144	जहीर खान
147	अनिल कुंबले/ जवागल श्रीनाथ



ऑस्ट्रेलियाई टीम 176 रन पर ढेर इंडिया-ए विमेंस की पकड़ मजबूत

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

इंडिया-ए विमेंस ने ऑस्ट्रेलिया-ए विमेंस के खिलाफ जारी अनाधिकारिक टेस्ट मुकाबले में अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में जारी इस मुकाबले के दूसरे दिन की समाप्ति तक भारतीय टीम के पास 322 रन की मजबूत बढ़त है। चार दिवसीय मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी इंडिया-ए विमेंस ने अपनी पहली पारी में 364 रन बनाए। शुभा सतीश और प्रिया पुनिया की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 102 रन की साझेदारी की। शुभा 59 रन बनाकर पवेलियन लौटीं, जबकि प्रिया ने 46 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। ऑस्ट्रेलियाई टीम पहली पारी में सिर्फ 176 रन पर सिमट गई। कप्तान रेचल ट्रेनामन ने ताहलिया विल्सन के साथ पहले विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी की। ताहलिया 44 रन, जबकि विल्सन 35 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। इसके बाद टीम नियमित अंतराल पर अपने विकेट गंवाती रही। इस बीच निकोल फाल्टम 24 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की तरफ से वैष्णवी शर्मा ने 52 रन देकर सर्वाधिक 6 शिकार किए, जबकि सुची उपाध्याय और निकी प्रसाद ने 2-2 विकेट चटकाए। भारतीय टीम के पास पहली पारी के आधार पर 188 रन की अहम बढ़त थी। इसके बाद मेजबान टीम ने दूसरे दिन की समाप्ति तक अपनी दूसरी पारी में 134/2 रन बना लिए।

एमसीसी ने आयोजित की अंपायरों के लिए कार्यशाला

नई दिल्ली। मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) की ओर से क्रिकेट के नियमों में किए गए नए बदलावों को एक अक्टूबर से लागू किया जाएगा, जिसके मद्देनजर एमसीसी ने दिल्ली में अंपायरों और क्रिकेट अधिकारियों के लिए विशेष कार्यशाला आयोजित की, जिसमें नए नियमों में किए गए बदलावों की जानकारी देने के साथ उनके सवालों का जवाब भी दिया गया। इस मौके पर हिन्दी में 'लॉज ऑफ क्रिकेट' ऐप भी लॉन्च किया गया। एमसीसी के क्रिकेट प्रमुख फ्रेजर स्टीवर्ट ने कहा कि संस्था का उद्देश्य क्रिकेट के नियमों को दुनिया भर के खिलाड़ियों, अधिकारियों और प्रशंसकों के लिए अधिक सरल, स्पष्ट और सुलभ बनाना है।

शुभमन की बादशाहत बरकरार, चौथे नंबर पर रोहित शर्मा

कोहली को मिला इनाम, वनडे रैंकिंग में पहुंचे दूसरे नंबर पर

एजेंसी ▶▶| दुबई

वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे मुकाबले में शतकीय पारी खेलने का इनाम विराट कोहली को आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में मिला है।

बल्लेबाजों की रैंकिंग में कोहली ने एक पायदान की छलांग लगाई है और वह अब दूसरे नंबर पर आ गए हैं। कोहली से आगे वनडे रैंकिंग में अब सिर्फ शुभमन गिल हैं, जो पहले एकदिवसीय मुकाबले में शतकीय पारी खेलकर अपनी बादशाहत को बरकरार रखने में सफल रहे हैं। विराट के एक पायदान ऊपर चढ़ने से न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिचेल को नुकसान पहुंचा है। वह बल्लेबाजों



की ताजा रैंकिंग में अब तीसरे नंबर पर खिसक गए हैं। हालांकि, रोहित शर्मा की पोजीशन में कोई बदलाव नहीं हुआ है और वह चौथे नंबर पर बने हुए हैं।

मेंडिस ने हासिल की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग

श्रीलंका के बल्लेबाज कुशल मेंडिस वनडे क्रिकेट में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करने में सफल रहे हैं। उन्होंने तीन पायदान की छलांग लगाते हुए सातवां स्थान हासिल कर लिया है। मेंडिस को इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई 121 रनों की शानदार पारी का इनाम मिला है। हैरी ब्रूक टॉप 10 बल्लेबाजों की लिस्ट में शामिल होने से महज एक पायदान दूर हैं। वह ताजा रैंकिंग में 11वें नंबर पर आ गए हैं। आयरलैंड के बल्लेबाज हैरी टेक्टर 10वें नंबर पर बने हुए हैं।

बावुमा ने लगाई 10 पायदान की छलांग

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में शतकीय पारी खेलने वाले टेंबा बावुमा ने 10 पायदान ऊपर की छलांग लगाई हैं और वह अब बल्लेबाजों की रैंकिंग में 32वें नंबर पर आ गए हैं। मैथ्यू ब्रीट्जके ने 19 पायदान की छलांग लगाई है और वह अब 21वें नंबर पर पहुंच गए हैं। डेविड मिलर 142 रनों की शानदार पारी खेलने के साथ ही 41वें नंबर पर आ गए हैं।

गोल्फ : दूसरे स्थान पर प्रणवी

नागोया। प्रणवी उर्स चार अंडर 66 स्कोर करके एशियाई खेलों की गोल्फ स्पर्धा में बुधवार को व्यक्तिगत श्रेणी में दूसरे स्थान पर है जबकि भारतीय महिला टीम संयुक्त छठे स्थान पर है। टीम स्पर्धा में दो सर्वश्रेष्ठ स्कोर को शामिल करते हुए भारत ने तीन अंडर का टीम स्कोर बनाया और संयुक्त रूप से छठे स्थान पर रहा। सिंगापुर आठ अंडर के स्कोर के साथ कोरिया, चीन और चीनी ताइपे से चार शॉट आगे था, जो चार अंडर के स्कोर पर बराबरी पर थे। पुरुष वर्ग में सप्तक तलवार चार अंडर 66 के स्कोर के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। वह शीर्ष पर काबिज जापान के काजुकी हिगा और चीन के वांग वेइ सुआन से एक शॉट पीछे हैं। दूसरी बार एशियाई खेलों में भाग ले रही प्रणवी दूसरे स्थान पर हैं और शीर्ष पर काबिज सिंगापुर की शेनोन टैन से तीन शॉट पीछे है। एशियाई खेल 2023 की रजत पदक विजेता अदिति अशोक और दीक्षा डागर एक ओवर 71 के स्कोर के साथ संयुक्त 18वें स्थान पर हैं। पुरुषों में युवराज संधू और वीर अहलावत संयुक्त 23वें स्थान पर हैं।



एक सदी से ज्यादा हो गया, लेकिन हमारा काम बिना किसी छोटी सी गलती के लगातार जारी है...

मुंबई डब्बावाले प्रा. लि. के निदेशक सुनील गवांडे ने कहा-हमारी पहचान 'ऑन टाइम, एवरी टाइम'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हमारे लिए कर्म ही पूजा है। हमारा हर ग्राहक हमारे लिए ईश्वर का रूप है। समय और परिस्थिति कैसी भी हो हम हर वक्त अपना काम पूरी निष्ठा से करते हैं। मुंबई में लगभग हमारे 5000 डब्बे वाले लाखों लोगों तक खाना पहुंचाने का सेवा कार्य पिछले 136 सालों से कर रहे हैं। एक सदी से ज्यादा समय हो गया, लेकिन हमारा काम बिना किसी छोटी सी गलती के लगातार जारी है। हमारी सेवा से संतुष्ट ग्राहकों की मुस्कुराहटें ही हमारे असली सर्टिफिकेट है। यह बात कही मुंबई डब्बावाले एंटरप्राइस प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक और सीईओ सुनील गवांडे ने। वे एमसीयू के प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित विशेष व्याख्यान में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे।



अधिकतर डब्बेवाले अनपढ़ हैं, लेकिन हम बिजनेस करना जानते हैं

उन्होंने अपनी बात शुरू करते हुए कहा कि हम अधिकतर डब्बेवाले भी बहुत कम पढ़े लिखे या लगभग अनपढ़ हैं, लेकिन हम बिजनेस करना जानते हैं। हम व्यवसाय प्रबंधन जानते हैं। यही कारण है कि आज डब्बेवालों की लगभग चौथी पीढ़ी भी इस व्यवसाय में काम कर रही है।



136 साल पहले पारसी बैंकर से शुरू हुई कहानी

उन्होंने बताया कि 136 साल पहले मुंबई में एक पारसी बैंकर ने एक व्यक्ति को अपने ऑफिस तक उसके घर से भोजन लाने और खाली टिफिन वापस लौटाने के बदले महीने में कुछ निश्चित राशि देकर ऐसा ही काम करवाया। इस बात से प्रेरित होकर मधु हवाजी बाच्चे ने 1890 में 35 डब्बेवालों के साथ एक डब्बावाला सेवा शुरू की। आज मुंबई के 60 से 70 किलोमीटर के दायरे में डब्बावाले अपनी सेवाएं देते हुए 2 लाख ग्राहकों तक टिफिन पहुंचाने का काम करते हैं।

हर डब्बे वाला साइकिल चलाता है, इसलिए कार्बन फुटप्रिंट जीरो

हर डब्बे वाला साइकिल से चलता है, इसलिए कार्बन फुटप्रिंट भी जीरो है। अब तक इस संगठन में कभी भी हड़ताल नहीं हुई। गवांडे ने बताया कि डब्बावालों की एक टीम में 20 से 30 लोग होते हैं। यह टीम ही किसी ग्राहक के घर से भोजन का टिफिन लेने, पहुंचाने और फिर खाली टिफिन वापस उसके घर तक पहुंचाने का काम करती है। 2003 में प्रिंस चार्ल्स भारत आए और डब्बावालों से मिले। इसके बाद मुंबई के डब्बावाले की कहानी वैश्विक स्तर पर छा गई।

खबर संक्षेप

पर्यावरण, जीवनशैली विषय पर प्री-सीओपी 31 राष्ट्रीय संगोष्ठी आज

भोपाल। पर्यावरण और जीवनशैली विषय पर प्री-सीओपी31 परामर्श राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन विज्ञान भवन, भोपाल में गुरुवार को किया जाएगा। संगोष्ठी में जलवायु और सतत विकास के बीच समन्वय को मजबूत करने और राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में राज्यों की भूमिका पर विचार-विमर्श होगा। विशेषज्ञ एवं संबंधित क्षेत्रों के प्रतिनिधि जलवायु परिवतज्न की चुनौतियों, पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास और जीवनशैली में आवश्यक बदलाव से जुड़े विषयों पर विचार साझा करेंगे। संगोष्ठी लिविंग द राइट वे पहल की अवधारणा पर आधारित है। इसका उद्देश्य जलवायु कार्रवाई, सतत विकास और जीवनशैली में परिवतज्न के लिए सरकार और समाज के समन्वित प्रयासों को बढ़ावा देना है। पहल के तहत सरकार, संस्थाओं, समुदायों और नागरिकों की सामूहिक भागीदारी से जलवायु-सक्षम, समतापूर्ण और सतत समाज के निमाज़्ण को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

ज्ञानतीर्थ सप्रे संग्रहालय में अलंकरण समारोह का आयोजन 3 को

भोपाल। ज्ञानतीर्थ सप्रे संग्रहालय में 3 अक्टूबर को अलंकरण समारोह आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से संग्रहालय के सभागार में होगा। कार्यक्रम में हरिकृष्ण दत्त शिक्षा सम्मान प्रोफेसर प्रमोद कुमार, अशोक मनोरिया पुरस्कार गोविंद सक्सेना तथा लक्ष्मीनारायण गुप्त पुरस्कार परितोष वर्मा को प्रदान किया जाएगा। संग्रहालय के संस्थापक निदेशक डॉ. विजयदत्त श्रीधर ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व निर्वाचन आयुक्त ओमप्रकाश रावत होंगे। अध्यक्षता अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन करेंगे। डॉ. श्रीधर ने शहर के प्रबुद्धजनों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

निफ्ट में हिंदी पखवाड़े का समापन, कई प्रतियोगिताएं आयोजित

भोपाल। राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) में बुधवार को हिन्दी पखवाड़े का का समापन समारोह आयोजित हुआ। हिन्दी पखवाड़े के दौरान कॉलेज परिसर में विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें हिन्दी निबंध प्रतियोगिता, हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूपण प्रतियोगिता, हिन्दी अनुवाद एवं भाषा ज्ञान प्रतियोगिता, हिन्दी टंकण प्रतियोगिता सहित कई प्रतियोगिताओं में युवाओं ने भाग लिया।

जोश और जज्बा उम्र के आंकड़ों से कहीं आगे रखने वाले शहर के 60 प्लस लोगों ने कहा

उम्र सिर्फ नंबर, असली जिंदगी तो रिटायरमेंट के बाद हुई 'रीस्टार्ट'



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कभी नौकरी के आखिरी दिन को जिंदगी की रफ्तार थमने का पड़ाव माना जाता था, लेकिन अब तस्वीर बदल रही है। रिटायरमेंट के बाद कई बुजुर्गों ने आराम की जिंदगी के बजाय अपने अधूरे शौक पूरे करने, नई चीजें सीखने और समाज से जुड़े रहने की नई पारी शुरू की है। किसी ने इस पड़ाव पर साइकिल की सवारी शुरू कर खुद को नई चुनौती दी, तो किसी ने रनिंग से रफ्तार को बरकरार रखा। शहर में ऐसे कई 60 प्लस लोग भी हैं, जिन्होंने उम्र को अपनी राह की बाधा नहीं बनने दिया, बल्कि हर दिन को एक नई शुरुआत बना लिया। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर हरिभूमि ने ऐसे ही 'रीस्टार्ट' करने वाले चेहरों को तलाशा, जिनका जोश और जज्बा उम्र के आंकड़ों से कहीं आगे है। इनकी कहानी बताती है कि रिटायरमेंट नौकरी से हो सकता है, जिंदगी से नहीं।

200 किमी तक साइकिलिंग, आधी उम्र के लोग कहते 'ओपी ब्रो'



बैंक में उच्चस्थ पद से रिटायर 70 वर्षीय ओपी कठैल (ओम प्रकाश कठैल) ने कहा कि बैंक में आठ से दस घंटे की रोजाना की ड्यूटी में खुद पर ध्यान दे ही नहीं पाया, लेकिन रिटायरमेंट के बाद मुझे लगा कि मुझे अब 'रीस्टार्ट' करना है और फिर मैंने साइकिलिंग स्टार्ट की, धीरे-धीरे साइकिलिंग का ऐसा जुनून चढ़ा कि अब मैं 200 किलोमीटर तक की साइकिलिंग कर लेता हूं, और यह साइकिलिंग सड़कों से लेकर पहाड़ी इलाकों तक भी की है। कठैल कहते हैं कि मेरा रोजना का रुटीन 50 किलोमीटर साइकलिंग है, जिसमें मैं घर के सामान लाने का काम भी साइकिल से ही करता हूं, इसके अलावा मेरा डेली स्ट्रैंथनिंग का भी शेडयूल है, जिससे मेरी बॉडी फिट रहे और मसल्स स्ट्रांग। ओपी कहते हैं कि मेरी फिटनेस की वजह से मुझसे आधी उम्र के लड़के मुझे ओपी ब्रो कहकर पुकारते हैं, जो मुझे ओर भी जीवंतता प्रदान करता है।

नौकरी से रिटायर हुआ, जुनून से नहीं, रोजाना 10 से 12



जल संसाधन विभाग से ईई पद से रिटायर 73 वर्षीय बीडी शर्मा ने कहा कि स्टूडेंट लाइफ में स्पोर्ट्स मेरे जीवन का अहम हिस्सा रहा है। लेकिन जॉब के दौरान समय की व्यस्ताओं के चलते मैं इन सभी चीजों से दूर हो गया। लेकिन जब रिटायर हुआ तब मुझे लगा कि मुझे वही कॉलेज की लाइफ दोबारा जीना है। और बस मैंने दौड़ना शुरू कर दिया, योग शुरू किया और आज मैं 10 से 12 किमी तक दौड़ सकता हूं। इसी के चलते कई मैराथन में मैंने भाग लिया। इतना ही नहीं, पीजी डिप्लोमा इन योग साइंस भी मैंने किया, ताकि योग को अपने जीवन का अहम हिस्सा बना सकूं। मेरी इसी फिटनेस के चलते मुझे कई मेडल और सम्मान मिले जो मेरे जीवन में अहम हिस्सा रखते हैं।



हर जन्मदिन पर खुद को देती हूं फिटनेस का तोहफा

वहीं, अपने हर बर्थडे पर अपनी उम्र जितनी साइकिलिंग करने वाली 65 वर्षीय मालती इंदौरिया ने कहा कि अभी मैंने अपना 65वां जन्मदिन, 65 किलोमीटर साइकिल चलाकर मनाया और ऐसा करके मैं खुद को ही बर्थ डे गिफ्ट देती हूं। हॉकी की नेशनल प्लेयर मालती ने कहा कि 2018 के बाद मुझे लगा कि फिटनेस पर ध्यान देना जरूरी है और इसी वजह से मैंने रोजाना दौड़ना, योग करना और साइकिलिंग करना शुरु की। यही वजह रही कि मैंने 21 से 25 किमी की मैराथन भी पूरी की। मालती कहती हैं कि जीवन जीने का सही मंत्र यही है कि अपनी फिटनेस पर ध्यान दें। आप जितना फिट रहेंगे, उतना ही आप अपने भीतर एनर्जेटिक और स्वस्थ महसूस करेंगे।

अलायंस फ्रांसिस में कला शिक्षकों की प्रदर्शनी 'बियॉन्ड द आर्टरूम' 3 से

देशभर के 22 कलाकार-शिक्षकों की चयनित कलाकृतियां होंगी प्रदर्शित



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शिक्षण के साथ-साथ सक्रिय कलाकारों को समर्पित प्रदर्शनी

विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर अलायन्स फ्रांसिस द भोपाल तथा आर्टडिजाइन टीचर्स फोरम द्वारा कला-शिक्षकों की विशेष प्रदर्शनी 'बियॉन्ड द आर्टरूम' का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी का उद्घाटन 3 अक्टूबर को सायं 6 बजे अलायन्स फ्रांसिस में होगा। जिसमें सुप्रसिद्ध कवि, लेखक और कला समीक्षक प्रयाग शुक्ल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसमें देशभर के 22 कलाकार-शिक्षकों की चयनित कलाकृतियां प्रदर्शित की जाएंगी।

शिक्षकों की रचनात्मक यात्रा का उत्सव प्रदर्शनी

बियॉन्ड द आर्टरूम, केवल एक कला प्रदर्शनी नहीं, बल्कि उन शिक्षकों की रचनात्मक यात्रा का उत्सव है जो कक्षा की सीमाओं से परे जाकर कला को जीवन, समाज और संस्कृति से जोड़ते हैं। प्रदर्शनी में चित्रकला, प्रिंटमेकिंग, मिश्रित माध्यम तथा समकालीन कला की विविध अभिव्यक्तियां देखने को मिलेंगी।

आयकर आयुक्त थे चीफ गेस्ट

बीएमएचआरसी में हिंदी पखवाड़े का समापन, डॉ. सविता को दिया गया 'साहित्य श्री' सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



बीएमएचआरसी में 14 सितंबर से आयोजित हो रहे हिंदी पखवाड़े का समापन समारोह बुधवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय मप्र-छग के आयकर आयुक्त राजेश कुमार थे। समारोह में हिंदी साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए वरिष्ठ कवयित्री एवं साहित्यकार डॉ. सविता भार्गव को 'साहित्य-श्री' सम्मान प्रदान किया गया। बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने बताया कि बीएमएचआरसी द्वारा पिछले चार वर्षों से हिंदी साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले साहित्यकारों को 'साहित्य-श्री' अलंकरण प्रदान किया जा रहा है। डॉ. सविता भार्गव वर्तमान में महारानी लक्ष्मीबाई स्नातकोत्तर स्वशासी शासकीय महाविद्यालय भोपाल के हिंदी विभाग में प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष हैं। उनके तीन कविता संग्रह 'किसका है आसमान', 'अपने आकाश में' और 'थमी हुई बारिश में दोपहर' प्रकाशित हो चुके हैं।

विजेताओं को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

हिंदी पखवाड़े के दौरान हिंदी पत्र लेखन, प्रशासनिक शब्दावली एवं कार्यालयीन वाक्यांश अनुवाद, सरल वाक्य लेखन तथा श्रुतलेख प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

टैरेस 26 द्वारा वरिष्ठ नागरिक समिति कोटरा

अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठजन दिवस की पूर्व संध्या पर 80 प्लस वरिष्ठजनों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठजन दिवस की पूर्व संध्या पर टैरेस 26 द्वारा वरिष्ठ नागरिक समिति कोटरा के 80 प्लस वरिष्ठजनों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम नेहरू नगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अंजली बैरागी ने वरिष्ठजनों का सम्मान किया। इस अवसर पर पार्षद बीनू मोनू सक्सेना, वरिष्ठ नागरिक समिति के अध्यक्ष डॉ. रमेश जोशी सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 15 वरिष्ठजनों को सम्मानित किया गया। डॉ. अंजलीने कहा कि जेन जी, जेन अल्फा और वरिष्ठजनों यानी पुरानी और नई पीढ़ी के बीच विचारों, मूल्यों, रहन-सहन और जीवन के उद्देश्यों को लेकर संवाद आवश्यक है। इसी उद्देश्य को लेकर सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठजनों की देखरेख की जिम्मेदारी युवा पीढ़ी की भी है।



फार्म फूड कृषि सम्मान में उत्कृष्ट किसानों का सम्मान, सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई

गो पालन और जैविक खेती से समृद्ध होगी खेती

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कृषि को टिकाऊ और किसानों को समृद्ध बनाने के लिए गो पालन और जैविक खेती को बढ़ावा देना जरूरी है। गोबर से बनी प्राकृतिक खाद मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के साथ खेती को टिकाऊ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। यह बात कैबिनेट मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने बुधवार को आईसीएआर, नवीबाग में दिल्ली प्रेस द्वारा आयोजित 'फार्म फूड कृषि सम्मान अवार्ड 2026-मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़' कार्यक्रम में कही।



कृषि क्षेत्र को नई दिशा देने लगातार प्रयास जारी

मंत्री कुशवाह ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को नई दिशा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। वर्ष 2026 को कृषि वर्ष घोषित किया जाना इसी प्रतिबद्धता का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत <\@>2047 के संकल्प में कृषि और किसान कल्याण की अहम भूमिका है। कार्यक्रम में कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले किसानों को सम्मानित किया गया।

मानव संग्रहालय में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर 'रील प्रस्तुति' प्रतियोगिता का आयोजन



भोपाल। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में हिंदी पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर 'रील प्रस्तुति' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं प्रतिभागियों में राष्ट्रभक्ति, भारतीय संस्कृति तथा हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता के साथ-साथ आधुनिक डिजिटल माध्यमों में रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना था। वर्तमान समय में हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार के साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर रचनात्मकता को जोड़ना अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है, जिसे इस प्रतियोगिता के माध्यम से विशेष रूप से रेखांकित किया गया। प्रतियोगिता में कुल 15 प्रतिभागियों ने पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने आधुनिक डिजिटल माध्यम 'रील' का बेहतरीन उपयोग करते हुए 'वंदे मातरम' के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय महत्व को बेहद रोचक एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। प्रस्तुतियों में वंदे मातरम की अमर भावना, भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में इसके अमूल्य योगदान और राष्ट्र के प्रति समर्पण को अत्यंत रचनात्मक रूप से प्रदर्शित किया गया।

- राष्ट्रभक्ति, भारतीय संस्कृति तथा हिंदी भाषा के प्रति किया जागरूक

50 महिलाओं ने की कार्यक्रम में सहभागिता

गोष्ठी फाउंडेशन ने दिया योग से निरोग रहने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शिक्षा और पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने के उद्देश्य से गठित गोष्ठी फाउंडेशन का पहला कार्यक्रम आसिमा-अनुपमा सिटी के प्रांगण में आयोजित किया गया। शिविर में लगभग 50 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अध्यक्षता गोष्ठी फाउंडेशन की संचालिका डॉ. रूपा गौर ने, संचालन डॉ. क्षमा अश्वारे ने किया, जबकि पारूल तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। योग प्रशिक्षण का दायित्व योग प्रशिक्षक प्रियंका चौरसिया ने निभाया। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को विभिन्न योगासनों और योगाभ्यास की विधियों का प्रशिक्षण दिया तथा नियमित योग को स्वस्थ जीवनशैली का महत्वपूर्ण आधार बताया।



कार्यक्रम में "योग बनाए निरोग" के संदेश पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने महिलाओं से आग्रह किया कि वे स्वयं योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

स्कोप 31 प्री-कंसल्टेशन डायलॉग में पर्यावरण और सतत विकास पर युवाओं ने किया मंथन

सामूहिक प्रयासों से ही घटेगा कार्बन फुटप्रिंट: डॉ. कोठारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने और सतत विकास की दिशा में सामूहिक प्रयासों को गति देने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (एमपीसीएसटी) के विज्ञान भवन, नेहरू नगर में बुधवार को 'लिविंग द राइट वे' थीम पर कोप 31 प्री-कंसल्टेशन डायलॉग आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 200 से अधिक युवाओं, शोधकर्ताओं और युवा वैज्ञानिकों ने भागीदारी की और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर विचार साझा किए।

कार्बन फुटप्रिंट, सामूहिक प्रयास का विषय



डॉ. कोठारी ने कहा कि कार्बन फुटप्रिंट कम करना किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामूहिक प्रयास का विषय है। स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का बेहतर और संतुलित उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा सकते हैं।

भूजल के सर्वाधिक उपयोग वाले देशों में भारत

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर एमपीसीएसटी के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी ने कहा कि भारत दुनिया में भूजल का सर्वाधिक उपयोग करने वाला देश है, इसलिए जल संरक्षण और भूजल के विवेकपूर्ण उपयोग पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि एमपीसीएसटी द्वारा प्रदेश के सभी जल निकायों और नदियों की विस्तृत मैपिंग की गई है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादक: प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930